3 राजधानी
दो माह में खुलेंगे 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन

6 अभिमत
हिमाचल में चलेगा मोदी का जादू

9 राष्ट्रीय
रेलवे ने बनाई चौथी सबसे लम्बी सुरंग

10 विदेश
रूसी युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त, 13 मरे

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 338
नई दिल्ली, बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



बीसीसीआई के अध्यक्ष चुने गए रोजर बिन्नी

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# आतंकवाद, ड्रग तस्करी वैश्विक खतरा: मोदी

- कहा, तेजी से तरीका बदल रहे संगठित अपराधी, इनके खात्मे के लिए विश्व समुदाय के एकजुट होने का सही समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में इंटरपोल महासभा में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**आतंकवाद,** भ्रष्टाचार, ड्रग तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को वैश्विक खतरा बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विश्व समुदाय से इनके सुरक्षित ठिकानों का खात्मा करने की दिशा में एकजुट होकर तेजी से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले ये अपराध अपना तरीका बदल कर चुनौती पेश कर रहे हैं।

राजधानी दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 90वीं इंटरपोल महासभा का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि जब खतरा वैश्विक स्तर पर हो तो उसका जवाब केवल स्थानीय स्तर पर नहीं दिया जा सकता। विश्व को इस खतरे से निपटने के लिए एक साथ आने का यही सही समय है। आतंकियों, संगठित अपराधियों की सुरक्षित पनाहगाहों को नेस्तोनाबूद करने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब अच्छी ताकतें एक-दूसरे का सहयोग करती हैं तो अपराधी ताकतें काम नहीं कर सकती हैं। मोदी ने यह भी कहा कि आतंकवाद सिर्फ भौतिक रूप से ही नहीं मौजूद है, बल्कि वह अब साइबर खतरों और ऑनलाइन कट्टरता के माध्यम से अपना दायरा बढ़ा रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 90वीं महासभा के मौके पर एक स्मारक डाक टिकट और 100 रुपए का सिक्का जारी किया। महासभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, इंटरपोल के अध्यक्ष अहमद नासर अल रईसी और उसके महासचिव महासचिव जुर्गन स्टॉक ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। महासभा की कार्यकारी समिति से उनका परिचय भी कराया गया। बैठक में 195 इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल थे। इन प्रतिनिधियों में सदस्य देशों के मंत्री, पुलिस प्रमुख, केंद्रीय ब्यूरो के प्रमुख और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इनमें पाकिस्तान के संघीय जांच ब्यूरो (एफआईए) के महानिदेशक मोहसिन बट्ट के नेतृत्व में पाकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पिछले कई दशकों से आतंकवाद का मुकाबला कर रहा है।

विश्व जब इसके खतरों से वाकिफ हुआ, हम सुरक्षा के मूल्य को समझ चुके थे। इस लड़ाई में हमारे हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मोदी ने कहा कि एक सुरक्षित दुनिया हमारी साझा जिम्मेदारी है। जब अच्छी ताकतें एक दूसरे का सहयोग करती हैं, तो अपराधी ताकतें काम नहीं कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शिकार और संगठित अपराध को मानवता के लिए खतरा बताते हुए कहा कि आतंकवादियों, ड्रग कार्टेल, अवैध शिकार गिरोहों या संगठित अपराधों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं हो सकती है। महासभा की बैठक नई दिल्ली में 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलेगी। महासभा, इंटरपोल का सर्वोच्च शासी निकाय है और साल में इसकी एक बार बैठक ( शेष पेज 8 )

## पाकिस्तान ने दाऊद, मसूद के सवालों पर साधी चुप्पी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** की संघीय जांच एजेंसी के प्रमुख मोहसिन बट ने मंगलवार को यहां मीडिया द्वारा दाऊद इब्राहिम और लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत को सौंपने के बारे में पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इन दोनों के पड़ोसी देश में रहने का संदेह है। बट इंटरपोल की 90वीं महासभा में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हैं।

वह अंतिम समय तक प्रगति मैदान के प्लेनरी हॉल में जाने से प्रत्यक्ष तौर पर बचते रहे। उक्त स्थल पत्रकारों से भरा हुआ था, जो उनसे सबसे वांछित आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में एक बयान चाहते थे। पाकिस्तान के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अधिकारी ने डाइनिंग हॉल में रहना पसंद किया, जहां दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की घोषणा से ठीक पहले कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया।

प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन समाप्त होने के बाद बट पत्रकारों से घिर गए, जो उनसे 1993 के मुंबई विस्फोट के मुख्य षड्यंत्रकर्ता एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किए गए दाऊद इब्राहिम के ठिकाने के बारे में जानना चाहते थे। पत्रकारों ने बट से यह भी पूछा कि दाऊद, जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर और मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता हाफिज सईद जैसे अन्य आतंकवादियों को कब सौंपा जाएगा, जो भारत में वांछित हैं। जब मीडियाकर्मियों ने पाकिस्तानी अधिकारी से सवाल पूछे तो बट चुप रहे और वहां से चले गए।

# नोएडा में कुत्तों के हमले से बच्चे की मौत

- लोट्स बुलेवार्ड सोसायटी के लोगों ने की तत्काल आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग
- कुत्तों के काटने से बच्चे के पेट पर हुए 25 जगह छेद, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**रिंकू यादव।** नोएडा



बच्चे की मौत से आक्रोशित लोगों को समझाती पुलिस

**उत्तर** प्रदेश की शोविंडो कहे जाने वाले नोएडा में आवारा घूमने वाले कुत्ते बड़ी मुसीबत बन गए हैं। उनका हिंसक व्यवहार शहरवासियों की जान पर भारी पड़ रहा है। सेक्टर-100 स्थित लोट्स बुलेवार्ड सोसायटी में कुत्तों के हमले से बुरी तरह घायल आठ माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद सोसायटी वासियों में आक्रोश फैल गया।

उन्होंने प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और इन कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। इन दिनों लोट्स बुलेवार्ड सोसायटी में सड़क निर्माण का काम चल रहा है। राजेश कुमार अपनी पत्नी सपना देवी के साथ यहां मजदूरी कर रहे थे। काम के दौरान उन्होंने अपने आठ माह के बच्चे अरविंद को पास ही बैठा दिया और काम में व्यस्त हो गए। सड़क निर्माण में काम करते हुए पति-पत्नी कुछ दूर आगे निकल गए। बच्चा अकेला हो गया।

शाम करीब साढ़े चार बजे सात आवारा कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोंच डाला। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया और गंभीर रूप से घायल बच्चे को सेक्टर-110 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। कुत्तों के हमले से बच्चे के पेट पर 25 जगह छेद हो गए थे। बुरी तरह काटने की वजह से बच्चे की आंतें भी बाहर आ गई थीं।

देर रात तक बच्चे का ऑपरेशन चलता रहा, लेकिन रात में करीब 11 बजे डॉक्टरों ने हार मान ली, उसे बचाया नहीं जा सका। सोसायटी के लोगों ने बच्चे की मौत को लेकर गहरी नाराजगी जताई और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सड़क पर ( शेष पेज 8 )

## जांच के लिए समिति गठित, कुत्ते पकड़ने का काम शुरू

**कुत्तों** के काटने से बच्चे की मौत की जांच के लिए समिति बनाई गई है, जो दो दिन में रिपोर्ट देगी। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा कि कुत्तों को पकड़ने का काम सोसायटी में शुरू कर दिया गया है। यहां से कुत्ते पकड़कर शेल्टर होम भेजे जाएंगे, जहां उनके व्यवहार का अध्ययन किया जाएगा। इलाज कर एक महीने बाद उन्हें इसी स्थान पर छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश के चलते यह प्रक्रिया अपनानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि 2017 से अभियान चलाकर अब तक 40 हजार कुत्तों का स्ट्रेलाइजेशन किया जा चुका है।

# केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार, सात लोगों की मौत

- मरने वालों में छह श्रद्धालु और पायलट शामिल, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताई शोक संवेदना

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून/रुद्रप्रयाग



हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर पहुंचे राहत और बचाव दल की टीम

**उत्तराखंड** के केदारनाथ में गरूड़चट्टी में मंगलवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि करीब पौने बारह बजे हुई दुर्घटना में मरने वालों में पायलट भी शामिल है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के शिकार श्रद्धालु रूद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर के दर्शन कर वापस आ रहे थे, तभी केदारनाथ से दो किलोमीटर आगे रास्ते में उनके हेलीकॉप्टर में आग लग गई। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और उत्तराखंड तथा दिल्ली के आपदा मोचन बलों के दलों ने शवों को निकाल कर उन्हें केदारनाथ हैलीपैड पर पहुंचाया। रुद्रप्रयाग आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय ने मृतकों की पहचान गुजरात निवासी पूर्वा रामानुज (26), कृति बराड़ (30) और उर्वि बराड़ (25) तथा तमिलनाडु निवासी प्रेम कुमार (63) और कला (60) के रूप में की है। पायलट अनिल सिंह (57) भी इस दुर्घटना में मारे गए जो महाराष्ट्र निवासी थे।

कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है लेकिन दुर्घटना संभवत: कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते किसी चीज से टकराने से हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हादसे में लोगों की मृत्यु पर दुख ( शेष पेज 8 )

# आईआरसीटीसी घोटाला: तेजस्वी की जमानत रद्द करने से इनकार

- दिल्ली की अदालत का फैसला, कोर्ट ने डिप्टी सीएम से कहा-शब्दों का सही चयन करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाला मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को दी गई जमानत रद्द करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि उसे जमानत रद्द करने का आदेश देने का कोई ठोस आधार नहीं मिला। हालांकि विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने यादव से अधिक सतर्क रहने और शब्दों का चयन सोच-समझकर करने को कहा है।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपनी याचिका में दावा किया था कि हाल ही में संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कानून की प्रक्रिया को उलटने का प्रयास किया और पूरी जांच के परिणाम को खारिज कर दिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि तेजस्वी ने उन्हें दी गई स्वतंत्रता का खुले तौर पर दुरुपयोग किया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि यादव ने सीबीआई अधिकारियों तथा उनके परिवारों को सीधे धमकी दी तथा गवाहों को अप्रत्यक्ष तौर पर धमकाया। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि यादव ने एक राजनीतिक दल के जमाई जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके सीबीआई की खराब छवि और उसे राजनीतिक दलों के प्रभाव में चित्रित करने का प्रयास किया।

न्यायाधीश ने तेजस्वी से कहा कि आप बहुत जिम्मेदारी भरे पद पर हैं। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना सही नहीं है। सार्वजनिक तौर पर उचित शब्दों का इस्तेमाल करिए क्योंकि आपके शब्दों का जनता पर बड़ा असर पड़ता है। आपको अपने शब्दों के असर को समझना होगा। यह दोबारा नहीं होना चाहिए। आपको शब्दों का सावधानीपूर्वक चयन करना होगा और ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें, जिससे गवाहों ( शेष पेज 8 )

# जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड मारकर उप्र के दो मजदूरों की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के शोपियां जिले में आतकंवादियों ने उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले दो मजदूरों की सोमवार देर रात हत्या कर दी। आतंकवादियों ने उनके टिन से बने आश्रय गृह में तब ग्रेनेड फेंका जब वे रात को सो रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े 12 बजे हुई उस वक्त दोनों मजदूर टिन शेड से बने आश्रय गृह में सो रहे थे। उनके मुताबिक, हमले में वे घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मनीष कुमार और रामसागर के तौर पर हुई है। वे उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के रहने वाले थे और दो महीने पहले ही रोज़ी रोटी कमाने के लिए यहां आए थे। अधिकारियों के मुताबिक, वे सेब के बाग में मजदूरी करते थे। इस हमले से दो दिन पहले आतंकवादियों ने इसी जिले के गुंड गांव में कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भाटी की उनके घर के बाहर ( शेष पेज 8 )

# आयोग ने शशिकला की भूमिका पर उठाए सवाल

- न्यायिक जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा मामले की गहन तफ्तीश बेहद जरूरी है
- जांच आयोग ने जयललिता की मौत से जुड़ी परिस्थितियों के लिए शशिकला को दोषारोपित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**जयललिता की मौत**



तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के साथ शशिकला का फाइल चित्र

**तमिलनाडु** की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की 2016 में हुई मृत्यु के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की जांच कर रहे एक आयोग ने दिवंगत नेता की करीबी विश्वस्त वीके शशिकला को दोषारोपित किया है।

इस बीच, सरकार ने मंगलवार को कहा कि कानूनी सलाह लेने के बाद वह कार्रवाई शुरू करेगी। जांच आयोग की रिपोर्ट में चिकित्सक के.एस. शिवकुमार (शशिकला के रिश्तेदार), तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव जे राधाकृष्णन, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी विजयभास्कर को भी दोषारोपित किया गया है। साथ ही, इसमें कहा गया है कि यदि जांच का आदेश दिया जाए तो वे भी दोषी पाए जाएंगे।

न्यायमूर्ति ए अरुमुगास्वामी जांच आयोग की रिपोर्ट मंगलवार को तमिलनाडु विधानसभा के पटल पर रखी गई, जिसमें कहा गया है कि कई पहलुओं पर विचार करते हुए शशिकला को दोषारोपित किया गया है और इसने जांच की सिफारिश की है। सरकार ने कहा कि जांच आयोग के कई पहुलओं और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,960 | ↑ 549 | |
| निफ्टी | 17,486 | ↑ 175 | |
| सोना | 50,783 | ↓ 10 | /10g |
| चांदी | 57,064 | ↑ 774 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि भारतीय टीम अगले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नही करेगी और टूर्नामेंट को तटस्थ स्थल पर कराए जाने की मांग करेगी। एशिया कप के 2023 सत्र को 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। भारत में आयोजित होने वाले विश्व कप से पहले खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई है। सीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद शाह ने कहा, हमने फैसला किया है कि हम पाकिस्तान नही जाएंगे। हम तटस्थ स्थान पर खेलेंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान ने इसके प्रतिउत्तर में अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने की धमकी दी है। (विस्तृत पेज 12)

# दीपावली पर सरकार ने किसानों को दी सौगात

- पीएम की अध्यक्षता में सीसीईए की बैठक, छह रबी फसलों का एमएसपी बढ़ाने का फैसला
- सरकार ने गेहूं का एमएसपी 110 रुपये व सरसों का 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिवाली** के मौके पर केंद्र सरकार ने एमएसपी बढ़ाकर किसानों को सौगात दी है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 110 रुपए बढ़ाकर 2,125 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों का एमएसपी 400 रुपए बढ़ाकर 5,450 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की मंगलवार को आयोजित बैठक में छह रबी फसलों का एमएसपी नौ प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला किया गया।

एमएसपी वह दर है, जिस पर सरकार किसानों से कृषि उपज खरीदती है। इस समय सरकार खरीफ और रबी, दोनों सत्रों में उगाई जाने वाली 23 फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। रबी (सर्दियों) फसलों की बुवाई, खरीफ (गर्मी) फसलों की कटाई के बाद अक्टूबर में शुरू होती है। गेहूं और सरसों रबी की प्रमुख फसलें हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सीसीईए ने फसल वर्ष 2022-23 ( शेष पेज 8 )

# तमिलनाडु विधानसभा में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**पायनियरसमाचार सेवा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** विधानसभा ने हिंदी थोपे जाने के खिलाफ मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया और आधिकारिक भाषा पर संसदीय समिति की रिपोर्ट में की गई सिफारिशें लागू नहीं करने का केंद्र से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा लाए गए प्रस्ताव में कहा गया कि नौ सितंबर को राष्ट्रपति को सौंपी गई सिफारिश तमिल सहित राज्य भाषाओं के खिलाफ है और इन भाषाओं को बोलने वाले लोगों के हितों के भी खिलाफ है। प्रस्ताव में कहा गया, विधानसभा इस बात पर चिंता जताती है कि संसदीय समिति ने जो सिफारिश की है वह दो भाषा की नीति के खिलाफ विधानसभा में सी. एन. अन्नादुरई द्वारा लाए गए और इस सदन द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव के खिलाफ ( शेष पेज 8 )

# मिलिए हेलीकॉप्टर शॉट लगाने वाली बच्ची मकसूमा से

## कारगिल के दूरदराज गांव की रहने वाली बच्ची कक्षा छह की है छात्रा, विराट कोहली हैं आदर्श

- ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करती मकसूमा का वीडियो वायरल होने के बाद आई चर्चा में

क्रिकेटिग स्किल की हो रही सराहना, मदद के लिए भी बढ़े हाथ

**मोहित कंडारी।** जम्मू



स्कूल में क्रिकेट खेलने के दौरान शॉट लगाती मकसूमा।

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले का काकसार गांव आजकल सुर्खियों में है। दूरदराज के इस गांव की रहने वाली उभरती क्रिकेटर मकसूमा चर्चा में है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी हुआ था जिसमें इस छोटी सी बच्ची ने धमाकेदार बल्लेबाजी कर सबका मन मोह लिया है। उसके पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली हैं और मकसूमा भी उनकी तरह ही बेखौफ बल्लेबाजी करती है।

सेना के पोर्टर शाबीर की बेटी का वीडियो वायरल के होने के बाद वह सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। उसके हेलीकॉप्टर शॉट की हर ओर चर्चा हो रही है। मकसूमा भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा के पास स्थित काकसार के सरकारी हाईस्कूल में पढ़ती है। जीएचएस, काकसार स्कूल के शिक्षक तालिब हुसैन ने पायनियर से बातचीत में कहा 'यह वही स्कूल है जिसे कारगिल युद्ध में पाकिस्तान ने निशाना बनाया था। इसके पहले भी 1991 और 1998 में मोर्टार हमले में स्कूल को नुकसान पहुंचा था। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चे विभिन्न खेल खेलते हैं जैसे वॉलीबाल, खो खो और शतरंज, लेकिन लड़कियों का एक ग्रुप क्रिकेट खेलता है और वे कई अच्छे शॉट लगा रही हैं।

पिछले हफ्ते लड़कियां जब स्कूल के मैदान में क्रिकेट खेल रही थीं तो मैंने एक छोटा सा वीडियो बनाया तथा उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और वह वायरल हो गया।' वीडियो क्लिप पर चर्चा करते हुए तालिब ने कहा कि उसमें मकसूमा को क्रिकेट प्रति अपनी दीवानगी के बारे में बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। उसे स्कूल में शिक्षकों तथा घर पर पिता से समर्थन और प्रशिक्षण मिलता है। उसकी इच्छा पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली की तरह बनना है। तालिब हुसैन ने ( शेष पेज 8 )

# कैमरे की जद में आते ही अपराधी की होगी पहचान

## नोएडा में 400 फेस डिटेक्शन सीसीटीवी लगाए जाएंगे, बेंगलुरु की तर्ज तैयार हुआ है ब्लू प्रिंट, 160 करोड़ खर्च होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अपराधियों को पकड़ने के लिए सेफ सिटी प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। इसके लिए यहां फेस डिटेक्शन कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की जद में कोई भी अपराधी आता है तो इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को मिल जाएगी। डाटा बेस के जरिए उसकी जानकारी ली जाएगी और उसे पकड़ लिया जाएगा।

बेंगलुरु की तर्ज पर इसे यहां संचालित किया जाएगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 150 बाजार और 245 सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट को सुरक्षित किया जाएगा। ऐसे में सरकार के निर्देश पर पुलिस कमिश्नर की ओर से सेफ सिटी परियोजना के तहत 160 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव तैयार कर नोएडा प्राधिकरण के पास भेज दिया गया है। इसके तहत दोनों शहरों में 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसको लेकर अब नोएडा प्राधिकरण ने कमांड कंट्रोल सेंटर पर एक सेफ सिटी के लिए नया कंट्रोल रूम तैयार का निर्देश दिया है। ग्रेटर नोएडा शहर के लिए भी नया कंट्रोल रूम तैयार किया जाएगा। इन दोनों कंट्रोल रूम की कंट्रोलिंग की जाएगी। लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, झांसी, गाजियाबाद, मेरठ, मथुरा, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, अयोध्या और गोरखपुर शामिल है। ये फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी पर काम करता है। इसकी मदद से किसी भी कैमरा को खास क्षमताएं दी जा सकती हैं। कैमरा इसके फ्रेम में आने वाले सब्जेक्ट के चेहरे पहचानने से लेकर उनके हाव.भाव तक समझ सकता है। कैमरा इस टेक्नोलॉजी की मदद से एक चेहरे से दूसरे चेहरे के बीच अंतर भी समझ जाता है। इसका इस्तेमाल कैमरे से लेकर स्मार्टफोन कैमरा तक में किया जा सकता है।

फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी किसी चेहरे की पहचान करने या फिर उसके हाव-भाव समझने के लिए कंप्यूटर एल्गोरिदम्स का इस्तेमाल करती है। उदाहरण के लिएए आंखों या ठुड्डी के आकार और नाक और होंठ के बीच की दूरी जैसे पैमाने इसमें मदद करते हैं। यह टेक्नोलॉजी पहले से सेव डाटा का एनालिसिस कर किसी चेहरे से मिलान कर सकती है। फेस डिटेक्शन और एनालिसिस के बाद आखिरी चरण के तौर पर डाटा का मिलान किया जाता है। ये कैमरे आईएसटीएमएस की बजाए सेफसिटी के तहत लगाए जाएंगे। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा। हालांकि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफ तौर पर कैमरों में नजर आएंगे। जिन जगह कैमरे लगाए जाएंगे उनमें अधिकतर हिस्सा शहरी क्षेत्र ही है।

### नोएडा में इन स्थानों को किया गया चिन्हित

संबंधित स्थानों में मुख्य रूप से सेक्टर-38 शशि चौक के पास, सेक्टर-32 सिटी सेंटर सहित अन्य मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-37 बस स्टॉप, महामाया फ्लाईओवर का मोड़, कालिंदी कुंज बार्डर, फिल्म सिटी गेट, सेक्टर.29 गंगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स सड़क के अलावा यू-टर्न व अन्य स्थान शामिल हैं। इसके अलावा स्कूल और शहर के बाजार शामिल है।

# रोडवेज बस ने स्कूटी सवारों को मारी टक्कर, युवती की मौत

- भाई गंभीर रूप से घायल, चालक फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर अम्बर सिनेमा के पास यूटर्न के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने स्कूटी सवार भाई बहन को कुचल दिया। हादसे में बहन की मौत हो गई, जबकि भाई घायल हो गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव पूठरी निवासी जितेन्द्र शर्मा उर्फभूरू परिवार सहित रहते हैं। उनकी पत्नी सुधा शर्मा मंगलवार दोपहर एक बजे के आसपास वह अपने भाई अर्जुन शर्मा निवासी कस्बा फरीदनगर के साथ स्कूटी से किसी काम से मोदीनगर तहसील गई थी। वह काम खत्म करके वापस अपने भाई के साथ गोविन्दपुरी से निवाड़ी मार्ग की और जा रही थी। जब वह दिल्ली- मेरठ मार्ग पर आईसीआईसीआई बैंक के सामने पहुंचे तो मेरठ की और से आ रही मुफ्फरनगर डिपो की रोडवेज बस ने आगे जा रहे एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में स्कूटी में टक्कर मार दी।

दोनों को तुरन्त जीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर महिला सुधा शर्मा को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अर्जुन शर्मा मामूली रूप से घायल हुए है। उन्हें प्राथमिक उपचारके बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बस को कब्ज में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया।

इसके अलावा मोदीनगर हापुड मार्ग पर गांव मछरी कट के पास सोमवार रात को सड़क पार कर रही महिला भागरीथी को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर हालात में महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर मृत घोषित कर दिया गया।

# श्रीकांत त्यागी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत गैंगस्टर एक्ट मामले में जमानत मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा के श्रीकांत त्यागी की महिला से गाली गलौज के बाद दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी पर सीनियर एडवोकेट जीएस चतुर्वेदी और अधिवक्ता अमृता राय मिश्रा व आलोक रंजन मिश्र तथा सरकारी वकील को सुनकर दिया है।

जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई पूरी हुई। इससे पूर्व राज्य सरकार ने जमानत अर्जी पर जवाबी हलफ नामा दाखिल किया। उसके साथ श्रीकांत त्यागी की क्रिमिनल हिस्ट्री और गैंग चार्ट भी पेश किया गया। इसके प्रत्युत्तर में श्रीकांत त्यागी की ओर से कहा कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। जो भी मुकदमे दर्ज हैं, वे दुर्भावना से प्रेरित हैं। यह भी कहा गया कि महिला से बदसलूकी मामले के तूल पकड़ने के बाद याची के खिलाफगैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया। इसके अलावा अन्य तीन मुकदमों में याची को सेशन कोर्ट से ही जमानत मिल चुकी है। छेड़छाड़, दंगा, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट की संबंधित धाराओं के आरोप में गिरफ्तार श्रीकांत त्यागी नौ अगस्त से न्यायिक हिरासत में है।

त्यागी ने देश भर में उस समय आक्रोश फैलाया जब उन्हें नोएडा में अपने अपार्टमेंट परिसर, ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में एक महिला निवासी के साथ व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में देखा गया था। वीडियो और महिला की शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# ग्रेनो की तर्ज पर जेवर में बनेगा एक्सपो सेंटर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक्सपो मार्ट की तर्ज पर एग्जीबिशन ग्राउंड बनाया जाएगा। दरअसल, यमुना प्राधिकरण एक्सपो मार्ट की तर्ज पर एग्जीबिशन ग्राउंड और आर्ट फलैटिड इंडस्टी विकसित करने जा रही है। यमुना सिटी के सेक्टर.10 में इस प्रॉजेक्ट के लिए 50 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।

नोएडा एयरपोर्ट बनने के बाद इस एरिया में कई तरह के एग्जीविशन होना शुरू हो जाएंगे। जिससे इस एरिया में एक ही स्थान पर एक्सपो मार्ट की तरह कोई भी एग्जीविशन लग सके। इसके लिए यमुना अथॉरिटी ने अभी से प्लान बनाना शुरू कर दिया है।

# गाजियाबाद में 45 मिनट लिफ्ट में फंसे रहे पिता-पुत्र

- अब पीक ऑवर्स में एक-एक सिक्योरिटी गार्ड मौजूद रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रांड सोसाइटी में एक बार फिर लिफ्ट फंस गई। बैंकर पिता और उनका मासूम बेटा करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे।

मैनुअल तरीके से जैसे-तैसे लिफ्ट खोलकर दोनों को सुरक्षित निकाला गया। सोसाइटी के टॉवर सी.1 में 26वें फ्लोर पर आशीष परिवार सहित रहते हैं। वे पंजाब एंड सिंध बैंक में कार्यरत हैं। आशीष ने बताया मंगलवार सुबह पौने 9 बजे वे ऑफिस जा रहे थे। लिफ्ट में उनका साढ़े तीन साल का बेटा भी था। लिफ्ट अपर ग्राउंड और ग्राउंड फ्लोर के बीच आकर रुक गई। लिफ्ट की लाइट और पंखा ऑन था, इसके बावजूद वो काम नहीं कर रही थी। आशीष ने सोसाइटी के वॉट्सएप ग्रुप में इसकी सूचना दी। इसके बाद तत्काल सुरक्षाकर्मी और मेंटीनेंस टीम दौड़ पड़ी। करीब 45 मिनट बाद दोनों को सुरक्षित निकाला जा सका। आशीष ने बताया, शुक्र इस बात का था कि लिफ्ट में लाइट और पंखा दोनों चल रहे थे।

वरना गरमी में हालत भी बिगड़ सकती थी। इस घटना के बाद सोसाइटी की मेंटीनेंस टीम आशीष के फ्लैट पर पहुंची। इस घटना पर उन्होंने अपनी गलती स्वीकारी। भरोसा दिया कि सी-वन समेत दो टॉवरों की लिफ्ट में अब पीक ऑवर्स में एक.एक सिक्योरिटी गार्ड मौजूद रहेगा।

इसके अलावा थर्ड पार्टी से लिफ्ट का निरीक्षण कराकर उसकी कमियों को दूर किया जाएगा। बैंकर आशीष ने बताया करीब एक हफ्ते पहले उनकी पत्नी के साथ एक बड़ा हादसा होने से बाल.बाल बचा था। हुआ ये कि उनकी पत्नी 26वें फ्लोर से लिफ्ट से ग्राउंड फ्लोर पर आना चाहती थीं। उन्होंने बटन दबाया और लिफ्ट का गेट ओपेन हो गया, लेकिन अंदर लिफ्ट मौजूद नहीं थी। अगर गलती से वे अंदर पैर रख देतीं तो इसके बाद क्या होता, ये सिर्फ कल्पना की जा सकती है। इस सोसाइटी में अभी तीन दिन पहले भी कुछ लोग लिफ्ट में फंसे थे।

# संक्षिप्त समाचार



### अवैध दस्तावेज मुहैया कराते थे नाइजीरियन

**नोएडा।** भारत में अवैध रूप से रहने वाले नाइजीरियन नागरिकों को अवैध दस्तावेज मुहैया कराने वाले गैंग के तीन विदेशी नागरिकों को पकड़ने में थाना नॉलेज पार्क पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इनके कब्जे से 18 फर्जी पासपोर्ट और 21 वीजा बरामद हुए हैं। आरोपियों के पास से विदेशी एमडी, नामक मादक पदार्थ, नकली यूएस डॉलर, मोबाइल, लैपटॉप और दर्जनों सिम कार्ड भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए नाइजीरियन मूल के आरोपी महज 20 से 30 हजार रुपये में फर्जी वीजा व पासपोर्ट उपलब्ध कराकर देश की सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि गत दिनों ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर किया था।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

**गाजियाबाद।** एसपी सिटी निपुण अग्रवाल के निर्देशन एवं सीओ सैकेंड आलोक दुबे की अगुवाई में एसएचओ सिहानी गेट नरेश शर्मा की टीम ने अंतर्राज्जीय स्तर के दो कुख्यात बदमाशों को उस समय लंगड़ा कर दिया जब वे गाजियाबाद में किसी संगीन वारदात को अंजाम देने आ रहे थे। मुठभेड़ की यह घटना बीती रात एक बजकर तीस मिनट के आसपास मेरठ रोड डीपीएस कट के पास चेकिंग के दौरान हुई। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस जब चेकिंग कर रही थी तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने गोली चलाकर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दो बदमाशों के पैरों में लगी।

### गन्ने का बकाया एवं ब्याज के भुगतान की मांग

**गाजियाबाद।** रालोद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में रालोद नेताओं का प्रतिनिधमंडल मोदीनगर शुगर मिल पर गन्ने के बकाया भुगतान एवं ब्याज की मांग को लेकर जिलाधिकारी से मिला। रालोद नेताओं ने मांग की है कि फरवरी माह तक का 14 करोड़ रुपये का भुगतान दीपावली तक होना चाहिए। जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने गन्ना अधिकारी को आदेश किया है कि 20 अक्टूबर तक गन्ना किसानों का भुगतान मोदीनगर शुगर मिल से कराया जाए। इस अवसर पर डीएम ने 24 करोड़ रुपये की आरसी की वसूली के निर्देश भी जारी किए। इस मौके पर निवर्ममान जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह, राहुल मनोटा, जसवीर आदि मौजूद रहे।

### संभव कार्यक्रम में निगम अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव की अगुवाई में सुनवाई की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। स्ट्रीट लाइट, साफ पेयजल आदि की समस्याओं को तत्काल दूर किया जाता है, बाकी जो अन्य तरह की समस्याएं होती हैं उनके निस्तारण के लिए समय दिया जाता है। इसी क्रम में 18 शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। इन शिकायतों में अधिकतर हाउस टैक्स के गलत नोटिस, कूड़ा नहीं उठने और अतिक्रमण आदि की कई गंभीर शिकायतें होती है।

# कुत्ते के विवाद में महिला ने युवक को थप्पड़ मारा

- पीड़ित ने थाना इंदिरापुरम में दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के शक्ति खंड में पालतू कुत्ते को घर के सामने शौच कराने का विरोध करना भारी पड़ गया। कुत्ता मालिक एक महिला ने विरोध कर रहे शख्स को थप्पड़ जड़ दिया।

इस दौरान कुत्ता भौंकता रहा और युवक को कई बार काटने का भी प्रयास किया। पीड़ित व्यक्ति ने इंदिरापुरम थाना में कुत्ता मालकिन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्ति खंड.3 में ग्राउंड फ्लोर पर तरुण वर्मा रहते हैं। तरुण साथी रेजिडेंट्स राजन सिंह के साथ सोमवार शाम सोसाइटी में टहल रहे थे। इस दौरान एक महिला अपने पालतू कुत्ते को घुमा रही थीं। तरुण वर्मा का कहना है कि इन महिला ने कुत्ते को उनके फ्लैट के बाहर शौच कराना शुरू कर दिया। तरुण ने इसका विरोध किया। तरुण का कहना है कि उनके इतना कहने पर महिला भड़क गई। कहा कि इस कुत्ते से कटवा दूंगी। आरोप है कि महिला ने तरुण को एक चांटा भी मार दिया।

वायरल वीडियो में साफदिख रहा है कि कुत्ता लगातार तरुण के ऊपर भोंक रहा है और उन्हें काटने का प्रयास भी करता है। सोसाइटी में इस हंगामे के बाद यूपी.112 नंबर की सूचना पर पुलिस आई। तब जाकर मामला शांत हो पाया। तरुण वर्मा ने महिला के खिलाफ थाना इंदिरापुरम में शिकायत की है। शिकायत पर सोसाइटी के 28 लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। स्थानीय लोगों ने इस पूरे हंगामे की वीडियो भी सुबूत के तौर पर इंदिरापुरम थाना पुलिस को मुहैया कराई है। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बड़े भाई की हत्या पर पछताया आरोपी थाने में फूट-फूटकर रोया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुर में रविवार रात को छोटे भाई ने तवे से गर्दन पर वार का बड़े भाई की हत्या कर दी थी।

शराब पीकर दोनों भाई के बीच मारपीट व गाली गलौज हुई थी। इसके बाद छोटे ने बड़े की हत्या कर दी थी। आरोपी को भाई की मौत की बात पता चली तो वह थाने में ही फूट-फूटकर रोने लगा। गांव मुकीमपुर में महिला सुमित्रा देवी परिवार सहित रहती हैं। उनके परिवार में दो पुत्र बबलू, पुत्रवधु रश्मि व छोटे पुत्र अर्जुन हैं। बबलू व अर्जुन मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते थे। रविवार रात बबलू ने ज्यादा शराब पी ली और गाली गलौज करने लगा। दोनों भाइयों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट होने लगी।

इस दौरान बबलू ने अर्जुन की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई होने से गुस्साया अर्जुन मकान के अंदर गया और रोटी बनाने वाला तवा लेकर आया। इसके बाद उसने तवे से बबलू के सिर पर मारना शुरू कर दिया।

# एलिवेटेड रोड मामले में आईआईटी की जांच जारी

- बनने के महज दो साल के अंदर ही उखड़ने लगी थी सड़क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एमपी टू स्थित एलिवेटेड रोड की गुणवत्ता के लिए आईआईटी रुड़की की जांच जारी है। सोमवार को आईआईटी की स्ट्रक्चरल स्टील स्ट्रेंथ से जुड़ी टीम ने पहुंचकर जांच की। टीम में शामिल प्रोफेसर संजय की अगुवाई में इंजीनियर्स ने एलिवेटेड की अलग-अलग जगह से स्थिति देखी। इसके साथ ही मशीनें लगाकर कुछ जगहों पर परीक्षण भी किया।

आईआईटी की टीम की जांच शनिवार से जारी है। इस सप्ताह जांच पूरी होने पर आईआईटी रूड़की दिवाली के बाद जांच रिपोर्ट दे देगी। रिपोर्ट के जरिए पता चलेगा कि एलिवेटेड रोड का स्ट्रक्चर कितना मजबूत है। खास बात यह है कि एलिवेटेड रोड को बने हुए करीब साढ़े चार साल हो चुके हैं लेकिन डेढ़-दो साल बाद ही सड़क की परत उखड़ने लगी थी। ऐसे में इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे। इसके अलावा इसके निर्माण पर करीब 32 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च किए गए।

इसकी भी जांच चल रही है। शहर के लोगों की मांग पर करीब चार महीने पहले नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने आईआईटी से जांच कराने का निर्णय लिया था। इस मामले में प्राथमिक स्तर पर जिम्मेदारी में लापरवाही मानते हुए एलिवेटेड रोड के तत्कालीन प्रभारी एससी मिश्रा को काम से हटा दिया गया था। उनको सेवा विस्तार समाप्त करने के लिए शासन को लिखा जा जा चुका है। जनवरी 2023 तक सेवा विस्तार का समय था। प्राधिकरण के वर्क सर्किल दो के प्रभारी डीजीएम श्रीपाल भाटी ने बताया कि रिपोर्ट एक हफ्ते में मिलने की उम्मीद है।




नोएडा के कार मार्केट सेक्टर-16 पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को टोइंग की करते पुलिसकर्मी।

# इन्द्रधनुषी रंगों की रोशनी से सराबोर नजर आएगा नोएडा

- दिवाली को लेकर सभी अंडरपासों में लाइटें लगाई जा चुकी है।




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली पर समूची नोएडा नगरी इन्द्रधनुषी लाइटों की रोशनी से सराबोर नई नवेली दुल्हन सी नजर आएगी। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को इस बाबत निर्देशित किया है। इसमें नोएडा के गौतमबुद्ध प्रवेश द्वार, चिल्ला बार्डर, कालिंदी कुंज, डीएनडी, झुंडपुरा नोएडा एक्सप्रेस वे जीरों प्वाइंट, कुलेसरा बार्डर को फसाड लाइटों से सजाया जा रहा है। हालांकि यहां पहले से लाइटिंग की गई है लेकिन जो भी मरम्मत का काम है उसे एक दो दिन में पूरा करना होगा। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-6 प्रशासनिक खंड के कार्यालय, सेक्टर.39 इएंडएम कार्यालय, जनस्वास्थ्य, सेक्टर.94 कमांड कंट्रोल रूम, सेक्टर.5 जल खंड के अलावा सभी नलकूप के कार्यालय में लाइटिंग की जाएगी।

इसके अलावा नोएडा की प्रमुख सड़कों एमपी.1,2 और 3 नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, अंडरपास, एलिवेटड और एफओबी पर लाइटिंग की जाएगी। यहां सभी अंडरपासों में फसाड लाइटें लगाई जा चुकी है। ज्ञात हो दीवाली को लेकर प्रशासन ने काफी तैयारी की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, लगाया लाखों को जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण तथा क्षेत्रीय प्रदूषण विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर 3 बिल्डर समेत 5 लोगों पर 9.30 लाख रुपया का जुर्माना लगाया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर सेक्टर.18 में कई दुकानदारों पर 67 हजार रूपये का जुर्माना ठोंका।

यह अभियान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण कुमार तथा नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी डा अविनाश त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने सेक्टर.76 में आम्रपाली सिलिकॉन सिटी एवं अम्रपाली प्रिंसली स्टेट के मध्य केबल बिछाने के लिए की गई ट्रेंच की खुदाई से खुले में मिली मिटटी पाए जाने पर ठेकेदार पर एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं इसी सेक्टर में नाली निर्माण के दौरान निकली मिटटी एकत्रित मिलने पर वरिष्ठ सर्किल.6 के वरिष्ठ प्रबंधक ठेकेदार पर 1 लाख रूपये का जुर्माना लगाया। मुख्य मार्ग पर जगह.जगह कूड़ा मिलने व धूल उडने् पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। मेट्रो स्ट्रेशन व सेक्टर.76 के आसपास धूल उडने् पर मैसर्स एमएसडब्ल्यू पर 2 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं निर्माणाधीन परियोजना मैसर्स न्यू इंफ्रा बिल्ड प्रालि पर 5 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया। सेक्टर.18 में सिंगल यूज प्लास्टि का यूज करने पर 2 वेंडर्स पर 1.1 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दो माह में खुलेंगे 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन, बैटरी भी बदल सकेंगे

## सीएम ने किया इंद्रप्रस्थ मेट्रो की पर्किंग में 11 चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन

## 73 चार्जिंग प्वाइंट्स और 12 स्वैपिंग स्टेशन, 3 रुपये प्रति यूनिट शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अगले दो महीने में 100 चार्जिंग स्टेशन और 103 स्वैपिंग स्टेशन दिल्ली में तैयार हो जाएंगे, जहां 900 इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि राजधानी में चार्जिंग कराने पर ई-वाहन चलाना बेहद सस्ता होगा, दो पहिया पर 7 पैसे, तीन पहिया पर 8 पैसे और कार पर 33 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से खर्चा आएगा। पिछले दो साल में दिल्ली में 70 हजार इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए हैं और इस मामले में दिल्ली न्यूयार्क और कैलिफोर्निया को भी पीछे छोड़ दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन की पर्किंग में 11 ईवी स्टेशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली ने आज पूरी दुनिया को ईर्वी का सबसे किफायती मॉडल दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईवी पॉलिसी के तहत उन्होंने वर्ष 2024 तक दिल्ली में कुल खरीदे गए वाहनों में से 25 फीसद इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है और दो साल में उन्होंने 10 फीसद लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को ज्यादा महत्व दिया है, जिसने ईवी को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाई है।

पिछले दो साल में 70 हजार ई-वाहन खरीदे गए हैं। इस मामले में न्यूयार्क और कैलिफोर्निया को भी पीछे छोड़ दिया है।



इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

### ट्रांसपोर्ट सेक्टर तेजी से ईवी को अपना रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त 2020 में जब ईवी पॉलिसी शुरू की गई थी तो उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी जल्दी और इतनी तेजी से आगे बढेगी। पिछले दो साल में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर बहुत जबरदस्त प्रगति हुई है। जितनी तेजी से ट्रांसपोर्ट सेक्टर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहा है उतनी तेजी दुनिया के किसी भी शहर में नहीं देखी गई है। चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को महत्व दिया है, इसने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है। ज्ञात हो ई वाहनों का बिक्री बढ़ रही है। बिक्री के मुकाबले ई चार्जिंग स्टेशाना की काफी कमी देखी जा रही थी।

### अभी 2900 चार्जिंग प्वाइंट्स और 250 स्वैपिंग स्टेशन

दिल्ली में अभी 2900 चार्जिंग प्वाइंट्स हैं और 250 स्वैपिंग स्टेशन हैं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं। यह चार्जिंग प्वाइंट्स और स्पैपिंग स्टेशन सार्वजनिक स्थानों जैसे, माल, थियेटर, मॉल्स, पब्लिक कार्यालय, मेट्रो स्टेशनों पर लगाया गया है, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने वाले लोगों को सुविधा हो।



# 5 हजार एकड़ में मुफ्त होगा बायो डी-कंपोजर का छिड़काव

**प्रदूषण पर लगाम**

- कृषि विभाग ने बुराड़ी गांव से पराली को गलाने के लिए रसायन स्प्रे शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


डी-कंपोजर घोल का छिड़काव करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय व अन्य।

मौसम में बदलाव और प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे बढ़ने पर इसे नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार हरकत में आ गई है। इसी कड़ी में शीतकालीन कार्य योजना के तहत मंगलवार से पराली गलाने के लिए खेतों में मुफ्त बायो डी-कंपोजर घोल का छिड़काव शुरू कर दिया है।

अभियान की शुरुआत बुराड़ी गांव से की गई है। दिल्ली सरकार इस बार पांच हजार एकड़ से अधिक खेतों में पराली गलाने के लिए रसायन का स्प्रे करेगी। इसके लिए उसने कृषि विभाग की 21 टीमों का गठन किया हैर। बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार की तरफ से नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा।

इसके लिए किसानों से एक फॉर्म भरवाया गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दियों में बढ़ने वाले प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए उनकी सरकार ने 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान बनाया है। ठंड के मौसम में पराली जलना भी प्रदूषण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का नि:शुल्क छिड़ाकव शुरू किया है।

दिल्ली में कुछ इलाकों में ही धान की खेती की जाती है। पराली से प्रदूषण न हो, इसीलिए पिछले साल बायो डी-कंपोजर का नि: शुल्क छि?काव किया गया था। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है। इससे पराली गल गई और खेत की उपजाऊ क्षमता में बढ़ोतरी देखी गई। किसानों के सामने एक समस्या यह भी रहती है कि धान की फसल की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच में समय अंतराल कम होता है। इसलिए सरकार समय रहते अभी से इस काम में जुट गई है, ताकि सारी कवायद में देरी भी न हो और किसानों को बेहतर परिणाम भी मिल सकें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो किसान फॉर्म भर दिए हैं, उनके खेतों में जल्द रसायन का छिड़काव करा दिया जाए। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए अभी तक 957 किसानों ने फॉर्म भरा है।

राय ने किसानों से अपील किया कि जिन किसानों ने अभी तक किसी वजह से छिड़ाव के लिए फॉर्म नहीं भरा है, वे अभी भी फॉर्म भर सकते हैं और उनके खेतों में भी मुफ्त छि?काव कराया जाएगा। दीवाली पर्व के दौरान प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर बुधवार को सचिवालय में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस संबंध में कार्य योजना बनाई जाएगी।

### यमुना नदी में दो बच्चों के डूबने की आशंका

**नई दिल्ली।** वजीराबाद इलाके में यमुना नदी में तैरने गए दो बच्चों के डूब जाने की आशंका है।

पुलिस के मुताबिक, सोनिया विहार के पुश्ता नंबर-2 इलाके में सोमवार को हुई घटना की सूचना वजीराबाद थाने को मिली। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नदी में तैरने गए बच्चों की पहचान राहुल (12) और कार्तिक (13) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, हिमांशु (11) भी दोनों लड़कों के साथ नदी में तैरने के लिए गया था। हिमांशु को एक प्रत्यक्षदर्शी ने बचा लिया, जिसने पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित किया। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फोन कर घटना के बारे में सूचित करने वाले संदीप कुमार का बयान दर्ज किया।

## डीयू में सीट आवंटनः पहली सूची की घोषणा आज

- उच्चतम न्यायालय में सेंट स्टीफेंस के दाखिले को लेकर आज होगी सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने सीट आवंटन की पहली सूची की घोषणा की तारीख को बुधवार तक के लिए टाल दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहले यह सूची मंगलवार को जारी की जानी थी। चूंकि, उच्चतम न्यायालय बुधवार को डीयू के सेंट स्टीफंस कॉलेज द्वारा दाखिले के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करेगा, तदनुसार सूची अब बुधवार को जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले उच्च न्यायालय ने कॉलेज को डीयू द्वारा तैयार की गई प्रवेश नीति का पालन करने को कहा था।

इस नीति के मुताबिक, स्नातक पाठ्यक्रमों में गैर अल्पसंख्यक छात्रों को प्रवेश देने के लिए विश्वविद्यालय साझा प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के अंकों को 100 प्रतिशत भारांश देना होगा। कॉलेज ने अपनी ओर से कहा था कि वह सीयूईटी के अंकों को 85 प्रतिशत और सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार को 15 प्रतिशत भारांश देगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पहली सीट आवंटन सूची की घोषणा 18 अक्टूबर को की जानी थी। अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि विश्वविद्यालय अब 19 अक्टूबर, बुधवार को सूची जारी करेगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय ने पिछले महीने स्नातक पाठ्यक्रम में 70,000 से अधिक सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की थी।

## 12 कॉलेजों को दीपावली से पहले मिला अनुदान

- तीन माह से आर्थिक संकट से गुजर रहे थे महाविद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों दिवाली से पहले तोहफा दिया है। सरकार ने कॉलेजों की सैलरी सोमवार को रिलीज कर दी। कॉलेज शिक्षकों ने बताया है कि उन्हें सितम्बर तक का वेतन मिल चुका है।

उन्हें बताया था कि पिछले तीन चार महीने से शिक्षकों, कर्मचारियों और अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन ना मिलने से आर्थिक स्थिति से जूझ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारी प्रोफेसर एनके पाण्डेय, प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, पूर्व एकेडमिक काउंसिल मेंबर डॉ. हंसराज सुमन के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के कॉलेजों की सैलरी रिलीज कराने की मांग को लेकर मंत्री गोपाल राय से मिले थे। राय ने आश्वासन दिया कि जिन कॉलेजों को पिछले तीन-चार महीने की ग्रांट रिलीज नहीं हुई है वे सरकार के अधिकारियों से बात कर कॉलेजों को सरकार की ओर से वेतन रिलीज कराने पर दबाव बनाएंगे और दीपावली से पूर्व ग्रांट रिलीज हो जाएगी। डॉ. सुमन ने बताया कि जिन कॉलेजों को ग्रांट रिलीज की गई है उनमें भीमराव अंबेडकर कॉलेज, शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंस, इंदिरा गांधी फिजिकल एजुकेशन, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, भाष्कराचार्य कॉलेज, आचार्य नरेंद देव कॉलेज, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज, केशव महाविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज, भगिनी निवेदिता कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, शहीद सुखदेव कॉलेज है।

उन्होंने भीमराव अंबेडकर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, इंदिरा गांधी फिजिकल एजुकेशन इंस्टीट्यूट, केशव महाविद्यालय, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शिक्षकों से बात की तो उन्होंने बताया कि उनकी ग्रांट आ गई है। इन 12 कॉलेजों में 50 से 60 फीसदी एडहॉक टीचर्स, गेस्ट टीचर्स व अनुवबंध पर काम करने वाले कर्मचारी हैं।

## सीबीआई पर आरोपों को लेकर भाजपा ने सिसोदिया को घेरा

- आप ने किया भाजपा नेताओं पर पलटवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


आदेश गुप्ता


सौरभ भारद्वाज

नई आबकारी नीति को लेकर सीबीआई के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ के बाद भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने मनीष सिसोदिया को चुनौती देते हुए कहा कि अगर किसी भी सीबीआई ऑफिसर ने सिसोदिया को भाजपा में शामिल होने की बात कही है, तो उस ऑफिसर का नाम बताए।

अगर सिसोदिया ऐसा नहीं करते हैं तो नार्को टेस्ट के लिए तैयार हो या फिर अपने पद से इस्तीफा दें। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि सिसोदिया की गिरफ्तारी वाली पटकथा फेल होते ही उनको मुख्यमंत्री बनाए जाने की एक और झूठी बात केजरीवाल करने लगे। भाजपा नेताओं पर पटलवार करते हुए आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के इकलौते ऐसे नेता है जो बड़े से बड़ा झूठ बेहद सफाई से बोल देते है।

प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को भगत सिंह के साथ जोड़ने की बात का भाजपा विरोध करती है। क्योंकि इससे गलत और कुछ नहीं हो सकता है। एक भ्रष्टाचारी का नाम महान पुरुषों के साथ जोड़कर केजरीवाल और उनकी पार्टी ने महापुरुषों का अपमान किया है जिसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की नौटंकी इस वक्त पूरा देश देख रहा है। जिस तरह से केजरीवाल ने पहले अफवाह उड़ाई कि मनीष सिसोदिया गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। ऐसा लगा मानों कानून केजरीवाल के हिसाब से ही चलता है।

वहीं भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि वर्ष 2022 तक देश में हर भारतीय को एक घर मिलेगा, जोकि मुझे लगता है ये कि दुनिया का सबसे बड़ा झूठ है। इसके अलावा देश में 100 स्मार्ट सिटी होंगे समेत कई बाद बयान झूठे साबित हुए हैं।

## दिल्ली दंगा : उमर खालिद को फिर नहीं मिली जमानत

- उच्च न्यायालय ने कहा, अर्जी में ठोस कारण नहीं होने से अर्जी खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश को लेकर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज मामले में जमानत देने से मंगलवार को इंकार कर दिया।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने कहा कि जमानत अर्जी में कोई ठोस कारण नहीं दिया गया है। जमानत अर्जी खारिज की जाती है।

दिल्ली पुलिस द्वारा सितंबर 2020 में गिरफ्तार खालिद ने जमानत का अनुरोध करते हुए अपनी अर्जी में कहा था कि उत्तरी-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा में उसकी कोई आपराधिक भूमिका नहीं थी और मामले के अन्य आरोपियों के साथ उसका किसी तरह का षड्यंत्रकारी संपर्क भी नहीं था।

## मार्च से संचालित होगा हिसार एविएशन हबः दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज कहा कि हिसार का एविएशन हब आगामी मार्च से पूरी तरह संचालित हो जाएगा। उसके बाद हिसार को अमृतसर, श्रीनगर, जयपुर, इंदौर, आगरा, वाराणसी, देहरादून, गया आदि शहरों तक धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से जोड़ा जाएगा।

वहीं उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में हेली हब, बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने केंद्र को गुरुग्राम में 25 एकड़ जमीन दी है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री और प्रदेश नागरिक उड्डयन मंत्री दुष्यंत चौटाला मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में नागरिक उड्डयन मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने भी आश्वासन दिया है कि पवन हंस लिमिटेड हेली हब बनाने की व्यवहार्यता का अध्ययन करेगा कि कैसे आसपास के 2 से ढाई घंटे वाले स्टेशनों को कनेक्ट किया जा सकता है। चौटाला ने बताया कि हरियाणा में पांचों एयरस्ट्रिप पर काम शुरू हो चुका है और पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो एयरो स्पोर्ट्स पॉलिसी बनाई, उसमें हरियाणा की महेंद्रगढ़ इकलौती ऐसी एयरस्ट्रिप है, जहां पर स्काईडाइविंग शुरू की गई है।


नई दिल्ली में मंगलवार को विज्ञान भवन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिंया से मिलते हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी में भारी मात्रा में पटाखे जब्त

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले राष्ट्रीय राजधानी के वातावरण को स्वच्छ रखने और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के आदेशानुसार प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री रोकने के लिए कई जगहों पर अभियान चलाया। पुलिस ने अभियान में भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए और कई लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के आजाद मार्केट के एक गोदाम से 241 कट्टों से 3,050 किलोग्राम पटाखे बरामद किया। जबकि उत्तम नगर से 224 किलोग्राम बरामद, उत्तर पूर्वी दिल्ली में 611 किलोग्राम अवैध पटाखे और दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में 283 किलोग्राम पटाखे बरामद किए। अवैध पटाखों की बिक्री व ले जाने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### बुजुर्गों को नहीं मिली आठ माह से पेंशनः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की लापरवाही के चलते बुजुर्गों को आठ माह से पेंशन नहीं मिली है और वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल को चुनावी दौरों से फुर्सत नहीं मिल रही। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आप की दिल्ली सरकार की प्रशासनिक विफलताओं, निष्क्रियता और विभागीय कुप्रबंधन के कारण दिल्ली में पिछले 4 वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों की नई पेन्शन बननी बंद है। जबकि मौजूदा पेंशनधारियों को पिछले 8 महीने से केजरीवाल सरकार ने पेन्शन नही दी है। केजरीवाल सहित उनकी केबिनेट के बचे-कुचे हुए मंत्री दूसरे राज्यों में चुनावी प्रचार करने के व्यस्त होने के कारण नई पेन्शन लगने मुद्दे पर निर्णय अभी तक नही लिया गया।

### अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता में भारत चौथे स्थान पर




**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को क्लीन एनर्जी (स्वच्छ ऊर्जा) को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) में अतिरिक्त सचिव वंदना कुमार ने कहा कि भारत आज अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे स्थान पर है। आठ सालों में अक्षय ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है, जबकि सौर में 25 गुना वृद्धि हुई है। वंदना कुमार ने 'वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट' और 'नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड' की ओर से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में भारत में स्वच्छ ऊर्जा के मौके पर ये बातें कहीं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने कहा कि भारत को ऊर्जा परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए भी उपभोक्ताओं को ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा स्वतंत्रता और ऊर्जा विश्वसनीयता पर ध्यान देना चाहिए।

# दिवाली की खरीदारी, बाजारों में उमड़ी भीड़, दो लाख ग्राहक पहुंचे

- कोविड-19 नियमों का पालन नहीं होने से कारोबारी चिंतित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



एक तरफ कोरोना वापस आने की आशंका जताई जा रही है वहीं सदर बाजार में भीड़ उमड़ रही है। फोटोः रंजन डिमरी

रोशनी का त्योहार दिवाली अभी एक सप्ताह दूर है लेकिन बाजारों में अभी से लोग खरीदारी के लिए पहुंचने लगे हैं। सदर बाजार, करोल बाग, चांदनी चौक, खारी बावली, भागीरथ पैलेस, लाजपत नगर, सरोजनी नगर समेत सभी बाजारों में भीड़ उमड़ रही है।

व्यापारियों ने दावा किया कि चांदनी चौक और इसके आसपास के बाजारों में करीब 2 लाख से अधिक लोग दिखे। इसके चलते पैदल चलने के लिए रास्ता नहीं मिलने पर इस बाजार के व्यापारी संगठन ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उसके अनुसार इसके कारण चोरी, छेड़छाड़ व जेब कटने की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इंद्रप्रस्थ सेवा संघ के अध्यक्ष ताराचंदगुप्ता ने कहा कि इस मामले में दिल्ली नगर निगम व दिल्ली पुलिस का रवैया गैरजिम्मेदाराना है। इसके चलते मुख्य मार्ग से लेकर गलियों तक के बाजारों की सड़कों और फुटपाथ पर करीब 70 हजार से अधिक पटरी वालों का कब्जा हो गया है और पैदल चलने तक की जगह नहीं है। भीड़ व अवैध कब्जे के चलते सदर बाजार में 40 साल का रिकार्ड टूट गया है। इस संबंध में उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश यादव के मुताबिक यहां की सड़कों से अतिक्रमण हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाई कोर्ट तक से आदेश आ चुके हैं, लेकिन पटरी माफियाओं की पकड़ इतनी गहरी है कि यहां पर सारे आदेश और व्यवस्थाएं हवा है।

### भीड़ के चलते चोर-जेबकतरों की मौज

भीड़ में छेड़छाड़, जेब कटने और सामान चोरी की घटनाएं आम है। फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है दुकानदारों का आरोप है कि यहां सड़कों पर जितने भी बैरिकेट्स लगाए गए हैं वह पटरी वालों की हिफाजत के लिए है। उसी की आड़ में सभी सड़कों पर पटरी वालों ने कब्जा कर रखा है। कोविड-19 महामारी के कारण अब दो वर्ष बाद छोटे-बड़े बाजारों में उत्साह का माहौल है। सदर बाजार, भागीरथ पैलेस, सरोजनी नगर, जनपथ, साउथ एक्स, करोलबाग, टैंक रोड, गांधी नगर व खारी बावली समेत कई थोक व खुदरा बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं है। बाजारों में दीपावली की खरीदारी तेज है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है। इससे दुकानदार काफी उत्साहित हैं। उनके अनुसार दो वर्ष बाद खरीदारों में यह सकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है।

# भाजपा बहुत अच्छे मार्जन से आदमपुर उपचुनाव जीत रही है : ओपी धनखड़

## 27 अक्टूबर को फरीदाबाद में होने वाली जनउत्थान रैली में शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि आदमपुर उपचुनाव में भाजपा बहुत अच्छे मार्जन से चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि आदमपुर में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण है और भव्य बिश्नोई की जीत निश्चित है। धनखड़ ने कहा कि आदमपुर में भाजपा नेताओं ने डेरे डाले हुए हैं, मैं भी 21 अक्टूबर को आदमपुर जाउंगा।



ओमप्रकाश धनखड़।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में होने वाली जनउत्थान रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। यह रैली एक लोकसभा क्षेत्र की होगी। रैली की तैयारियों का जायजा लेने वे खुद 20 अक्टूबर को फरीदाबाद जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आदमपुर उपचुनाव में जोरदार तरीके से प्रचार चल रहा है। भव्य बिश्नोई रिकार्डतोड़ वोटों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री जेपी दलाल को चुनाव का इंचार्ज बनाया हुआ है। जिनकी ड्यूटियां चुनाव में लगी हैं वे नेता आदमपुर में जा रहे हैं और मैं खुद भी 21 अक्टूबर को आदमपुर जाउंगा।

कांग्रेस के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले भी सुरजेवाला को कैथल से जींद भेजा था उसका परिणाम सभी के सामने हैं और अब जय प्रकाश को कलायत से आदमपुर भेजा गया है, तो अब यहां की जनता भी सुरजेवाला जैसा हाल ही जय प्रकाश का करेगी। कांग्रेस के अध्यक्ष के बारे में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस में पहले भी प्रयोग हुए हैं, इन प्रयोगों की सराहना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली बार जो हुआ उसमें भी पार्टी की अध्यक्षता प्रभावी तरीके से गांधी परिवार से बाहर नहीं आ पाई। उन्होंने कहा कि मैं भी बहुत वर्षों से राजनीति में हूं, कांग्रेस फिर नया प्रयोग कर रही है उनका स्वागत है।

### हरियाणा सरकार के आठ साल पूरे होने पर फरीदाबाद में होगी जनउत्थान रैली

**ओमप्रकाश** धनखड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार के आठ साल पूरे होने पर 27 अक्टूबर को फरीदाबाद में जनउत्थान रैली होगी। इस रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल रैली स्थल की तैयारियों का जायजा ले चुके हैं। धनखड़ ने कहा कि फिलहाल हर मंडल में कार्यक्रम रखे हुए हैं, हरियाणा में 307 मंडल है। पंचायत चुनाव और आदमपुर उपचुनाव के कारण हम बूथ तक नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा, यह रैली प्रदेश स्तर की होगी।

## यूनिवर्सिटी प्रशासन अभिभावकों के साथ बैठक करेगा

**सोहना।** जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी प्रशासन झगड़े में शामिल 22 विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ बैठक करेगा। प्रशासन अभिभावकों को उनके बच्चों की सीसीटीवी से निकाली गई वीडियो क्लीप दिखाएगा। ताकि आरोपी छात्रों को दंडित किया जा सके। जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी प्रशासन ने खेल के दौरान मैदान में झगडा करके शांति व्यवस्था भंग करने वाले विद्यार्थियों से सख्ती से निपटने का मन बना लिया है। जानकार सूत्रों के अनुसार चिह्नित किए गए 22 विद्यार्थियों में भारतीय और विदेशी विद्यार्थी शामिल हैं। अभी तक सभी आरोपियों को कक्षा से निकाला किया हुआ है। सभी अभिभावकों के साथ बैठक होने पर दंड देने की प्रक्रिया को यूनिवर्सिटी प्रशासन अमल में लाएगा। जानकारों ने बताया कि झगड़ा करने के आरोपी छात्र को यूनिवर्सिटी होस्टल से बाहर किया जा सकता है। अधिक दोषी विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी से निलंबित भी कर सकती है। ताकि भविष्य में कोई भी विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के माहौल को खराब न कर सके।

# जेवर के प्रथम विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह को दी श्रद्धांजलि

## छठी पुण्यतिथि पर राजनीतिक, सामाजिक लोग पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** विधानसभा के गांव दयानतपुर में जेवर खुर्जा क्षेत्र के सबसे पहले विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह की छठी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में माता का विशाल जागरण कराया गया। उनके पुत्र करनेश सिंह, मनजीत सिंह व मोहित सिंह द्वारा जागरण के दूसरे दिन प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्य रुप से भाजपा के जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, जहांगीरपुर से जिला अध्यक्ष भाजपा विजय भाटी, भाकियू लोक शक्ति के मास्टर श्योराज सिंह, खुर्जा से पूर्व विधायक बंसी सिंह पहाड़िया, जेवर से ब्लॉक प्रमुख लायक राम पहाड़िया, सिकंदराबाद से पूर्व विधायक विमला सोलंकी, सिकंदराबाद से विधायक लक्ष्मीनाथ सिंह, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर, एसडीएम जेवर अभय कुमार सिंह, जिला महासचिव दीपक भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, जिला संयोजक रविंद्र शर्मा बॉबी, संजय रावत, रबूपुरा मंडल अध्यक्ष उदयवीर चौधरी, पूर्व अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महासचिव मनोज जैन व धर्मेंद्र भाटी, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश पाल छोकर, जिला संयोजक कुलभूषण शर्मा, अशोक वर्मा, पूर्व ओलंपिक रोहताश चौहान, अरविंद, राजू शर्मा, मंडल महामंत्री क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर के छोटे भाई मोनू, जेवर विधायक प्रतिनिधि राकेश राघव, सपा नेता नरेंद्र नागर, सपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव, आकाश भाटी, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित अग्रवाल व नरेश शर्मा समेत समस्त जिला कार्यकारिणी गौतम बुद्ध नगर, जहांगीरपुर जेवर रबूपुरा के भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह को श्रद्धांजलि दी।



पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्रपाल सिंह को श्रद्धांजलि देते भाजपा की जिला अध्यक्ष विजय भाटी जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज, जेवर क्षेत्र से भाजपा के युवा नेता मनजीत सिंह और अन्य।

# पक्के छठ घाट बनवाने के लिए नवीन गोयल का मुख्यमंत्री से अनुरोध

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर की ओर से प्रदेश में हर वर्ग की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। खासकर महापुरुषों की जयंती और धार्मिक आयोजन करने के लिए सरकार ने जो रीत शुरू की है, वह पहले कभी नहीं हुई। इसी कड़ी में छठ पर्व मनाने के लिए भी पूर्वांचल समाज की ओर से पक्के छठ घाट बनाने की मांग उठी तो पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पहल करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र के माध्यम से निवेदन किया है।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के विकास का पूर्वांचल के लाखों लोगों को श्रेय जाता है। यहां बड़ी-बड़ी कंपनियों, फैक्ट्रियों में काम करने के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में बड़ी-बड़ी इमारतें बनाने में वहां के लोगों का हाथ है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में श्रमिकों का एक बड़ा हिस्सा पूर्वांचल से आता है। वे यहां स्थायी और अस्थायी तौर पर रहकर काम करते हैं। उनके तीज-त्योहार सब यहीं पर मनाए जाते हैं। पूर्वांचलियों की संख्या को छठ पर्व पर देखा जा सकता है। इतना बड़ी संख्या में छठ पूजा करने वालों के लिए गुरुग्राम में कहीं पर भी पक्का घाट नहीं हैं। वैकल्पिक व्यवस्था करके महिलाएं, पुरुष छठ पर्व मनाते हैं। कच्ची जमीन में मिट्टी मिले पानी में खड़े होकर भगवान भास्कर की उपासना करना इन लोगों की मजबूरी है। श्री गोयल ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि पक्के छठ घाटों का निर्माण कराया जाए, ताकि ये लोग सुरक्षित तरीके से अपना पर्व मना सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गत वर्ष स्वयं गुरुग्राम में छठ पूजा आयोजन में पहुंचे थे और सूर्य को अर्घ्य दिया था। यही उनकी सर्व-धर्म में आस्था का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया है कि गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश में पक्के छठ घाट बनाकर लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा देकर कृतार्थ करें।



नवीन गोयल।

# सीएम उड़नदस्ते ने नूडल्स फैक्ट्री पर छापा मारा, 400 किलो तैयार माल पकड़ा



मंगलवार को सोहना के पलवल मार्ग पर फैक्ट्री में पकड़े गये माल की रिपोर्ट तैयार करते हुए डॉक्टर श्याम सुन्दर।



फैक्ट्री पर सीएम उड़नदस्ते द्वारा मारे गये छापे के दौरान मशीन से तैयार की जा रही नूडल्स।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नूडल भरने में करने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ते ने शहर के पलवल मार्ग पर नूडल्स की फैक्ट्री पर छापा मारते हुए 400 किलोग्राम तैयार माल बरामद किया है। नगर परिषद प्रशासन की तरफ से फैक्ट्री मालिक पर प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करने का जुर्माना लगाया है।

मंगलवार को शहर के पलवल मार्ग पर बॉस-बल्ली गोदाम के साथ लगती कॉलोनी में स्थानीय निवासी मनोज ने मैदा से तैयार होने वाली नूडल्स की फैक्ट्री लगाई हुई है। उड़नदस्ते में एसआई सुरेश कुमार, सीआईडी इंस्पेक्टर धर्म सिंह, एसआई ओमपाल, एएसआई सुरेन्द्र सिंह, डॉक्टर श्याम सुन्दर, नगर परिषद से जेई दिगम्बर सिंह आदि अधिकारी शामिल थे। डॉक्टर श्याम सुन्दर ने बताया कि मनोज मैदा से नूडल बनाकर बेचता है। जिसके पास से 400 किलोग्राम तैयार नूडल्स मिली है। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में मैदा के भरे कट्टे मिले हैं। वहीं नगर परिषद की तरफ से पहुंचे जेई दिगम्बर सिंह ने फैक्ट्री में प्रतिबंधित प्लास्टिक की पॉलीथिन का उपयोग नूडल भरने में करने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। डॉक्टर श्याम सुन्दर ने बताया कि मौके से लिए नूडल्स के नमूनों को लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। मनोज तैयार माल को शहर में लगने वाली रेहड़ियों पर बेचता है। इसके अलावा सोहना से बाहर भी इसका यह माल सप्लाई होता है।

## पंचायत चुनाव में शुक्रवार से भरे जाएंगे नामांकन

**सोहना।** शुक्रवार से ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पद के नामांकन भरने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। ग्राम पंचायत चुनाव में 29 मतदान केन्द्र संवेदन व अतिसंवेदनशील होंगे। नौ नवंबर को होने वाला समिति सदस्य व जिला पार्षद पद के चुनाव में समिति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को अपना नामांकन बीडीपीओ कार्यालय में जमा कराना होगा। जबकि पंच और सरपंच पद के लिए नामाकन पंचायतों में भी भरे जाएंगे। जिसके लिए बीएलओ समेत अन्य कर्मचारी मतदान केन्द्र पर सुबह आठ से सायं पांच बजे तक नामांकन भरने का कार्य करेंगे। इस बार ग्राम पंचायत चुनाव में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 100 होगी। जिसमें 14 बूथ संवदेन और 15 अति संवेदन शील बूथ बनाए गए हैं। 71 मतदान केन्द्र सामान्य श्रेणी में शामिल हैं। बीडीपीओ परमेंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन भरने के लिए ड्यूटियां लगा दी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब तक की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों तक भेज दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस आजीविका मेले में पसंद आ रहा बरनाला का मुरब्बा व अचार



**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में आयोजित सरस मेले में स्टॉल संख्या 161 पर पंजाब के जिला बरनाला से एकता स्वयं सहायता समूह द्वारा हाथों से बनाया गया मुरब्बा व अचार खासा पसंद किया जा रहा है। जितनी मिठास इनके मुरब्बे में है। यही कारण है कि इनके स्टाल पर आने वाला पर्यटक कुछ ना कुछ खरीदारी किए बिना आगे नहीं बढ़ता। स्टाल पर समूह की प्रमुख मंजीत कौर ने बताया कि वे पिछले 13 सालों से इस क्षेत्र से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले वे अपने यहां लेबर से अचार व मुरब्बा बनवाने का कार्य कराते थे। लेकिन बाद में उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका के प्रयासों से प्रभावित होकर धीरे-धीरे इस कार्य को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को देना शुरू किया। आज उनके ग्रुप में करीब 12 महिलाएं है। जोकि सभी बराबर की हिस्सेदार हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने हरियाणा में गीता जयंती महोत्सव, सूरजकुंड मेला व अन्य मेलों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, जहां लोगों ने इनके प्रोडक्ट्स को हाथों हाथ लिया है। सरस आजीविका मेले में अभी इनके पास मुरब्बा की वैरायटी में आम, हरड़ व आमला है वहीं अचार की भी काफी वैरायटी है जिसमें आम, नींबू, काली व लाल मिर्च, अदरक, करेला, टिंट, गाजर व मशरूम प्रमुख है।

### ई-वाहनों का उपयोग है समय की जरूरत : सुनीता सिंगला



**गुरुग्राम।** वजीराबाद गांव में विधायक सुधीर सिंगला की धर्मपत्नी सुनीता सिंगला ने इलेक्ट्रिक वाहन के शोरूम रायल आटोमोबाइल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन ही भविष्य के वाहन हैं। हरित क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ई-वाहनों का उपयोग करें। सुनीता सिंगला ने ई-वाहनों की बिक्री के लिए शुरू किए गए शोरूम के लिए बलजीत यादव, राहुल यादव को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण बहुत ही खराब हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का भी फोकस भविष्य में ई-वाहनों की तरफ है। उन्हें खुशी है कि गुरुग्राम में काफी संख्या में ई-रिक्शा का उपयोग शुरू हो गया है। समय के साथ हमें बदलना होगा। अगर नहीं बदलते हैं तो हमारे द्वारा किए गए नुकसान का भुगतान हमारी पीढ़ियों को करना होगा। श्रीमती सिंगला ने कहा कि हम सबकी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने वातावरण को सही रखने के लिए स्वयं ही शुरुआत करें। दीवाली के त्योहार के आसपास हमारे यहां प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में हमें विशेष ख्याल रखना है कि हम प्रदूषण फैलाने का कारण ना बनें। इस कार्यक्रम में इलाके के पार्षद मनीष वजीराबाद, सुनील मेंबर, महावीर सिंह, प्रकाश यादव, अनिल यादव, रामबीर यादव, कुलजीत, तेजपाल मास्टर, बलवीर, प्रताप यादव, होशियार सिंह आदि वरिष्ठ गणमान्य मौजूद रहे।

# अमेजन फैशन एंड ब्यूटी से इस दिवाली खरीदें अपने पसंदीदा सेलिब्रिटी से प्रेरित परिधान और बन जाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## त्योहारी सीजन के बीच चल रहे अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से कीजिए नवीनतम पारंपरिक परिधानों और मेकअप की खरीदारी

## 1000 से अधिक टॉप ब्रांडों, नौ लाख से अधिक स्टाइल्स के साथ पाएं अपने सबसे पसंदीदा सेलिब्रिटी जैसा लुक

**प्रकाश,** सकारात्मकता, आनंद एवं आपसी मेल-जोल के इस मौसम ने हम सभी को बेहतरीन दिखने और अच्छा महसूस करने के लिए तैयार कर दिया है। दो साल के वर्चुअल जीवन के बाद, परिवार एक बार फिर मिलने-जुलने की योजना बना रहे हैं और कैलेंडर में तारीखें रिजर्व की जा रही हैं।

इसी के साथ ही किसी खास शुरुआत का जश्न मनाने के लिए शुभ तिथियां तय की जा रही हैं। इस साल त्योहारों का मौसम वास्तव में, खूब अच्छी तरह से तैयार होने और अपने प्रियजनों के साथ सैर सपाटा करने है। सबसे बेहतरीन फैशन एवं ब्यूटी प्रोडक्ट की खरीदारी करने और अपने चेहरे को पार्टी के लिए तैयार करने का यह सबसे अच्छा समय है। कपड़ों की खरीदारी भले ही आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो, लेकिन दिवाली के पूरे सप्ताह के लिए अपने लुक की तैयारी करना वास्तव कोई आसान काम नहीं है। अपना सर्वश्रेष्ठ लुक पाने के लिए आपको बहुत सारी खोज और स्टाइलिंग की जरूरत होती है। अमेजन फैशन एंड ब्यूटी आपको त्योहारी लुक में दिखने और महसूस करने में मदद करने के लिए 1000 से अधिक टॉप फैशन एंड ब्यूटी कैटेगरीज में से नौ लाख से अधिक स्टाइल्स की पेशकश कर रहा है। यहां आप बीबा, जनस्य, मान्यवर, टाइटन, येलो चाइम्स, मेट्रो, मोची, शुगर कॉस्मेटिक्स, मेबेलिन, फॉरेस्ट एसेंशियल्स और KAMA आयुर्वेद जैसे टॉप ब्रांडों पर 50% से 80% तक की छूट का आनंद उठा सकती हैं। यहां हमने बॉलीवुड से प्रेरित कुछ स्टाइल्स पेश की हैं जो निश्चित ही आपको पार्टी की शान बना देंगी, वहीं आपको भी एक सेलिब्रिटी होने का अहसास कराएंगी।

# त्योहारों पर बनाने हैं स्वादिष्ट व्यंजन तो अमेजन फ्रेश से खरीदें अपने ग्रॉसरी का पूरा सामान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ग्रेट** इंडियन फेस्टिवल के दौरान, अमेजन फ्रेश से आप त्योहारों से जुड़ी अपनी सभी जरूरत की चीजों जैसे रोजमर्रा की जरूरी चीजों, ताजे फल और सब्जियों, पूजा की जरूरी चीजों, फेस्टिव गिफ्ट पैक आदि अपने घर पर प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही इन सब पर शानदार डील और ऑफर्स का भी मजा उठा सकते हैं। चाहें आप कोई पारंपरिक व्यंजन तैयार कर रहे हों या फिर आज के समय की कोई मॉडर्न रैसिपी ट्राय कर रहे हों, अमेजन फ्रेश ने आपके इस त्योहारी सीजन को खास बनाने के लिए हर जरूरी चीज को शामिल किया है। ग्राहक यहां 50 प्रतिशत तक की छूट का मजा उठा सकते हैं, वहीं ग्राहकों को यहां पांच रुपये तक की डील्स का भी फायदा मिल रहा है।

ग्राहक यहां से पूजा की आवश्यक वस्तुओं, उपहारों, कॉम्बो ऑफर और उनके घर तक डिलीवर की जाने वाली अन्य चीजों की खरीदारी भी कर सकते हैं। प्राइम ग्राहकों के लिए, अमेजन फ्रेश 249 रुपये और उससे अधिक के सभी ऑर्डर पर मुफ्त शिपिंग पेश कर रहा है। इसके साथ ही न्यूनतम 1000 रुपये तक के पहले ऑर्डर पर आपको अतिरिक्त 300 रुपये के कैशबैक भी मिलेगा। तो, अपने मेहमानों को खुश करने के लिए तैयार हो जाइए और अमेजन फ्रेश पर इंग्रीडिएंट, नमकीन आदि के कलेक्शन के साथ ब्राउज करें और घर पर अपने और अपने प्रियजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के लिए इन प्रोडक्ट को अपनी कार्ट में जोड़ें।

**स्नैक्स और पेय पदार्थों पर ऐसे ऑफर मिल रहे हैं जिन्हें आप छोड़ना नहीं चाहेंगे**

- 24 मंत्रा ऑर्गेनिक जैगरी/गुड़/शक्कर पाउडर - 500 ग्राम - 24 मंत्रा ऑर्गेनिक गुड़ के साथ पूरन पोली, गुड़ की चिक्की और गुलगुले तैयार करें और अपने खाने में स्वादिष्ट मिठाई को शामिल करें। इसे Amazon.in पर 58 रुपये में खरीदें।
- बोर्जेस ब्लैंच्ड एंड पील्ड आल्मंड्स (400 ग्राम) - त्योहारों के मौसम में आपके द्वारा तैयार की जाने वाले डिजर्ट और मिठाइयों का स्वाद बढ़ाने के लिए बोर्जेस के मीठे और कुरकुरे बादामों का उपयोग करें। ये 409 रुपये में अमेजन फ्रेश पर उपलब्ध है।
- आशीर्वाद स्वस्ति शुद्ध गाय का घी - बेहतरीन सुगंध वाला देसी घी - परिवार के हर सदस्य को सेहतमंद रखने के लिए गाय के दूध से बने आशीर्वाद स्वस्ति शुद्ध गाय के घी के साथ कचौरी, मठरी, चकरी और नमक पारे का स्वाद लें। इसे अमेजन फ्रेश पर 546 रुपये में खरीदें।

# कावेरी हॉस्पिटल में 35 साल की महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा हुआ

## एमएस धोनी ने कावेरी हॉस्पिटल की हार्ट एंड लंग्स ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

**तमिलनाडु** में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सबसे आगे, कावेरी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की एक इकाई, कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई में हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी से वीडियो 35 साल की महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें हृदय की मांसपेशियां मोटी (हाइपरट्रॉफिक) हो जाती हैं और इस तरह हृदय के लिए रक्त परिसंचरण, यानी ब्लड को पंप करना बेहद कठिन हो जाता है इस ट्रांसप्लांट के लिए वेल्लोर के सरकारी अस्पताल में एक ब्रेन-डेड मरीज से ऑर्गन प्राप्त किया। जिंदगी बचाने वाली इस मुहिम के तहत, वेल्लोर जीएच से कावेरी अस्पताल चेन्नई तक एक ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया और प्राप्त किए गए ऑर्गन को एक घंटे 15 मिनट के भीतर सकुशल पहुंचाया गया। विजयवाड़ा की रहने वाली यह 35 साल की महिला पहले से ही हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित थी,



जिसका पता 2010 में लगाया गया था। चार साल बाद उन्होंने सफलतापूर्वक एक बच्चे को जन्म दिया, हालांकि लगातार थकान महसूस होना, धड़कन तेज होना, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण बरकरार रहे, साथ ही गर्भावस्था के पूरे चरण में उसकी सावधानीपूर्वक निगरानी की गई। 2015 में, देश भर के कई अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद उन्होंने कावेरी हॉस्पिटल के एक सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट से परामर्श लिया। अब वह पूरी तरह से ठीक हो चुकी हैं। अपना आभार प्रकट करने के लिए उन्होंने एमएस धोनी की तस्वीर बनाई और उसी तस्वीर को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को प्रस्तुत किया, जो कावेरी हॉस्पिटल के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी, कहते हैं, अंगदान करना बड़ा ही नेक कार्य है और इससे लोगों की जान बचाई जा सकती है।

डॉ. मणिवन्नन सेल्वाराज, मैनेजिंग डायरेक्टर, कावेरी ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स, कहते हैं, ऑर्गन ट्रांसप्लांट लोगों की जान बचाने वाली प्रक्रिया है, और बहुत से लोगों को हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। धीरे-धीरे लोगों के बीच अंगदान के बारे में जागरूकता बढ़ रही है और हमने देखा है कि कई परिवार अपने मृत प्रियजनों के अंगदान के लिए आगे आ रहे हैं। ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टरों, सर्जनों, एनेस्थेटिस्ट, नर्सों और कोऑर्डिनेटर की विशेषज्ञ टीम की जरूरत होती है। हार्ट एवं लंग्स ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया काफी जटिल होती है, और विशेषज्ञों की टीम पूरी सावधानी के साथ इस प्रक्रिया को पूरा करती है। हमारे अस्पताल में बेहतरीन चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ-साथ अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# फोनपे के गोल्डन डेज़ ऑफ़र के साथ इस साल धनतेरस को बनाएँ और भी शानदार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोनपे** भारत की सबसे बड़ी फिंटेक कंपनियों में से एक है. धनतेरस 2022 के शुभ मौके पर फोनपे गोल्डन डेज कैंपेन के तहत, सोने और चांदी की खरीद पर शानदार ऑफर लेकर आया है. फोनपे के उपयोगकर्ताओं के लिए कैशबैक का शानदार ऑफर है। सोने की खरीदारी पर 2500 रुपये और चांदी खरीदने पर 500 रुपये तक का कैशबैक मिल रहा है। धनतेरस को सोना-चांदी खरीदने के लिए सबसे शुभ मौका माना जाता है। फोनपे अपने उपयोगकर्ताओं को सोने-चांदी की खरीद पर बेहतरीन ऑफर दे रहा है। ऐप से 1000 रुपये या ज्यादा का सोना या चांदी खरीदने पर कैशबैक मिल रहा है। 26 सितंबर, 2022 से 26 अक्टूबर, 2022 के दौरान डिजिटल, सिक्के या बार के तौर पर-जिन ग्राहकों ने सोने-चांदी की खरीदारी की है, उनके लिए यह कैशबैक ऑफर* है।

**फोनपे ऐप पर सोने-चांदी की खरीद पर मिलने वाले फायदे हैं**

शुद्धता के सभी पैमानों को पूरा करता है। फोनपे पर ग्राहक 24K सोना और चांदी खरीद सकते हैं, वह भी 99.99% शुद्धता के साथ। हर सोने या चांदी की खरीद पर शुद्धता का सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।



**सोना-चांदी खरीदना यहां है बहुत आसान :** फोनपे से सोने-चांदी की खरीदारी बहुत आसान है। उच्च गुणवत्ता वाले सोने और चांदी के सिक्के और बार आप घर बैठे खरीद सकते हैं। साथ ही, हम उसकी सुरक्षित डिलीवरी आपके दिए पते पर करते हैं।

**इंश्योर्ड बैंक ग्रेड लॉकर सुरक्षा:** सर्टिफाइड 24K सोने की खरीदारी डिजिटल तरीके से कर सकते हैं और उसे सुरक्षित जमा भी कर सकते हैं. इसमें जीरो मेकिंग चार्ज है और मुफ्त* में इसे इंश्योर्ड बैंक-ग्रेड लॉकर में जमा कर सकते हैं।

# पॉलिसीबाजार पीबी पार्टनर्स ने लॉन्च किया मोबाइल ऐप

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**पॉलिसीबाजार** डॉट कॉम के पीओएसपी ब्रांड पीबीपार्टनर्स ने अपने एजेंट पार्टनर्स के लिए इंश्योरेंस बिजनेस को आसान बनाने के लिए अपना मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। पीबी पार्टनर्स भारत के शीर्ष BwBwC इंश्योरटेक प्लेटफार्मों में से एक है और पीबी पार्टनर्स ऐप का उद्देश्य भागीदारों के लिए उनके प्रदर्शन की प्रभावी ढंग से निगरानी करने में सक्षम बनाकर इंश्योरेंस बिजनेस को और सरल बनाना है।

लॉन्च के बारे में बोलते हुए, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के सीईओ, सरबवीर सिंह ने कहा, पीबी पार्टनर्स ने एजेंट पार्टनर्स को बीमा में परेशानी मुक्त आपूर्ति के साथ ग्राहक की मांग को सहजता से जोड़ने का अधिकार दिया है। हम न केवल देश के हर कोने में पीबी पार्टनर्स के साथ अपनी उपस्थिति का सफलतापूर्वक विस्तार करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि रास्ते में माइक्रोबिजनेस का भी निर्माण किया है। पीबी पार्टनर्स ऐप के लॉन्च से हमारी PoSP शाखा और मजबूत होगी और बदले में, हमारे स्वतंत्र एजेंट भागीदारों के माध्यम से एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करेगी। ऐप एजेंट पार्टनर्स को एक आभासी कार्यालय से कुशलतापूर्वक कार्य करने और आसानी से अपनी सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

पीबी पार्टनर्स के चीफ बिजनेस ऑफिसर, ध्रुव सरीन ने कहा, पीबी पार्टनर्स ऐप एक शक्तिशाली डिजिटल उपकरण है जो हमारे सलाहकारों को सशक्त बनाता है और इसका उद्देश्य इंश्योरेंस का ज्यादा उपयोग करना है। ऐप को हमारे एजेंट पार्टनर्स के सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, कि कैसे ग्राहकों की इंश्योरेंस यात्रा को और आसान बनाया जा सके। हम भारत के हर हिस्से में इंश्योरेंस को उनके साथ सुचारू रूप से ले जाने के लिए उत्साहित हैं। जून 2021 में लॉन्च किया गया, पीबी पार्टनर्स अप्रचलित मैनुअल प्रक्रियाओं को खत्म करने और इंश्योरेंस इकोसिस्टम में ज्यादा पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। अपने अथक प्रयासों और इनोवेशन के साथ, ब्रांड अपने संचालन के एक साल से भी कम समय में भारत के उभरते मार्केट लीडर्स में से एक बन गया। पीबी पार्टनर्स ऐप बनाने के पीछे की अवधारणा डिजिटल माध्यम से अपने एजेंट भागीदारों के लिए प्रक्रिया को और सरल बनाना और एजेंट को बनाए रखने में मदद करना है।

पीबी पार्टनर्स ऐप हेल्थ, लाइफ, मोटर इंश्योरेंस सहित सभी प्रमुख के लिए एजेंट भागीदारों के प्रश्नों को संबोधित करता है। ऐप के साथ, एजेंट पार्टनर्स उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाओं का तुरंत मूल्यांकन और अनुकूलन कर सकते हैं। डैशबोर्ड की जानकारी एजेंट पार्टनर्स के लिए भी उपलब्ध है, जो उनका उपयोग अपनी कंपनी को समझने के लिए कर सकते है। किसी भी सहायता के लिए वे ऐप के माध्यम से आसानी से टिकट बढ़ा सकते हैं और अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। ऐप उन्हें अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ उठाने और एक असाधारण उपभोक्ता अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

# दीपावली : सजावटी लाइटों की कीमत में बढ़ोतरी से लोग हैरान

कविता। फरीदाबाद

**दीपावली** बस आने ही वाली है और जाहिर है कि आप सभी को घर की सजावट कैसे करनी है, इस बारे में सोच विचार कर रहे होंगे। दीपावली की सजावट में एक अहम स्थान होता है लाइट का और हर साल ये कोशिश करते हैं कि हमारे घर की लाइट सबसे खूबसूरत दिखे। इस बार सजावटी लाइट डेढ़ गुना महंगी हो गई है। जिससे जहां एक तरफ दुकानदार परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ ग्राहक रेट सुनकर हैरान हो जाते हैं।

**कई तरह की लाइटें :** बैटरी चलित गोलाकार की एलईडी लाइट्स आपके घर को परियों के देश में परिवर्तित कर सकती हैं, इसकी कीमत दो हजार से चार हजार तक है। यह ऑनलाइन भी उपलब्ध है। खुशबू से भरी कैंडल लाइट, बिना ज्योत के रोशनी प्रदान करती है। इसमें एक विशेष प्रकार का रिमोर्ट होता है, जिससे आप इसे तीन से चार विभिन्न कलर में परिवर्तित कर सकते हैं। इसकी कीमत एक हजार से लेकर तीन हजार के बीच है। इन कैंडल की खुशबू और रंग बदलने की अदा आपके घर को एक नया



दुकानों पर सजी लाईटें देखते ग्राहक।

रूप प्रदान करेगी। यह भी ऑनलाइन उपलब्ध है।

**सभी धर्मों की लाइटें :** रस्सी से बनी धार्मिक लाइटें भी बाजार में खूब बिक रही हैं। जिसमें गणेश जी, लक्ष्मी जी, श्रीकृष्ण कई रंगों से सुसज्जित हैं। ओउम, स्वास्तिक के अलावा सिख धर्म का चिह्न आदि। इनको आप बेहद खूबसूरती से घर के दरवाजे पर सजा सकते हैं। इसके अलावा कलश के आकार में भी लाइटें उपलब्ध हैं, यह आपके घर को एक पारम्परिक परिवेश में परिवर्तित कर देंगी। इस बारे में दुकानदार खुशवंत ने बताया कि रस्सी से बनाई जाने वाली लाइटों को रोप लाइट कहते हैं। वह पिछले 35 सालों से वैल्डिंग के जरिये लाइटे बना रहे हैं। इनकी बाजार में कीमत 150 से लेकर पांच हजार रुपये के बीच है।

**डेढ़ गुणा महंगी :** सजावटी लाइटों की दुकान चलाने वाले गिरीश और राजकुमार ने बताया कि हर बार उनके यहां कई तरह की और कई रंगों की सजावटी लाइटें बेची जाती हैं। इस बार भी उन्होंने दिल्ली से माल मंगवाना चाहा तो हैरानी इस बात की हुई कि नया माल बाजार में बहुत कम उपलब्ध है।

जो बीते सालों का माल है, वह काफी अधिक दामों में बेचा जा रहा है। कुछ स्थानों पर माल की कीमत डेढ़ गुणा बढ़ा दी गई है। पहले से पड़े चाईनीज लाईटों की खरीदारी न के बराबर है।

# गृह मंत्रालय में नौकरी लगवाने के नाम पर 70 लाख ठगे, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से पांच मोबाइल फोन पांच सिम कार्ड, दो एटीएम कार्ड तथा 50 हजार रुपये बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार शुभम।

**साइबर** अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने कुछ दिन पहले आरोपी द्वारा गृह मंत्रालय में नौकरी दिलवाने के नाम पर की गई 70 लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसीपी मोनिका ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी शुभम (28 वर्ष) बिहार के आरा जिले का रहने वाला है। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी ने बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तरह ही फरीदाबाद निवासी मोहित तथा उसके जानकारों के साथ नौकरी के नाम पर 70 लाख रुपये की ठगी की थी। साइबर पुलिस स्टेशन में दो अक्टूबर को धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें थाना प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने साइबर तकनीक की सहायता से सात अक्टूबर को आरोपी को रांची से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सरकारी नौकरी का लालच देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे चुका है। वारदात को अंजाम देने से पहले मंत्रालय के बाहर का सारा इलाका अच्छी तरह से देखा और फेसबुक पर अपनी यश बंसल के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बना रखी है। जिसपर उसने गृह मंत्रालय में क्लर्क के पद पर के लिए विज्ञापन डाला।

फेसबुक पर विज्ञापन देखकर पिछले वर्ष 2021 में फरीदाबाद निवासी मोहित ने उसके फेसबुक पेज पर दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो उसने खुद को गृह मंत्रालय का अधिकारी बताया। आरोपी ने मोहित को विश्वास दिलाने के लिए सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके गृह मंत्रालय के फर्जी लैंडलाइन नंबर से मोहित को फोन किया तथा एक फर्जी ईमेल आईडी गृह मंत्रालय की एक फर्जी ईमेल आईडी से मोहित को अपना आईडी कार्ड तथा भर्ती के लिए टेस्ट का लिंक मोहित की मेल आईडी पर भेजा। मोहित के सामने दबदबा जमाने के लिए उसे दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के बाहर मिला। विश्वास जमने पर मोहित ने अन्य जानकारों को भी बताया तो वे भी नौकरी के लिए तैयार हो गए।

इस दौरान आरोपी उनसे विभिन्न अकाउंटों में 60 लाख रुपये डलवा लिये और दस लाख रुपये नकद ले लिये। ठगी कर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। संदेह होने पर मोहित ने पुलिस शिकायत दी। आरोपी ठगी के पैसों से खूब अय्याशी करता था। आरोपी ने बिहार में प्रॉपर्टी तथा महंगी गाड़ियां खरीद रखी थी जिसकी अभी जांच की जा रही है। आरोपी हवाई जहाज से सफर करता था तथा महंगे-महंगे होटलों में रुकता था। आरोपी अपने दोस्तों के जन्मदिन पर लाखों रुपये उड़ा देता था और महंगे मॉल्स में शॉपिंग करता था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# एनआइए की टीम ने नीरज फरीदपुरिया के घर में की छापेमारी



गांव फरीदपुर नीरजफरीदपुरिया के निवास पर रेड के दौरान तैनात पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली** से आई एनआइए की टीम मंगलवार तड़के करीब पांच बजे ग्रेटर फरीदाबाद के गांव फरीदपुर में स्थित गैंग के गुर्गे नीरज फरीदपुरियों के घर में छापेमारी की। एनआइए की डीएसपी के नेतृत्व में आई टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी।

टीम ने आते ही सबसे पहले नीरज के पूरे घर की अच्छी तरह तलाशी ली। तलाशी के दौरान टीम को घर से कोई हथियार नहीं मिला। छापेमारी के दौरान घर में सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थीं। टीम ने नीरज के सभी रिश्तेदारों से गहनता के साथ पूछताछ की। एनआइए की टीम अपने साथ के नीरज के तमाम दस्तावेज भी साथ लेकर आई थी। जांच पड़ताल के बाद एनआइए की टीम वापस दिल्ली लौट गई। जानकारी के मुताबिक एनआइए की टीम के साथ भारी संख्या में स्थानीय को इतनी सुबह अचानक गांव में पहुंचा देखकर ग्रामीण काफी हैरान हो गए। लेकिन टीम सीधा नीरज के घर पर पहुंची।

एनआईए के डीएसपी अमरनाथ आगरे के नेतृत्व में घर में रेड की थी। उनके साथ एनआईए से एक एसआई व दो हवलदार थे। स्थानीय पुलिस से एक एसआई सहित करीब दस पुलिस कर्मी मौजूद थे। एनआईए के पास नीरज के घर का सर्च वारंट था। उन्होंने गैंग्स्टर नीरज के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया हुआ है। इसी की जांच के लिए टीम फरीदाबाद आई थी। घर में नीरज की भाभी लक्ष्मी के अलावा मां मौजूद थी। साथ वाले घर से पुलिस ने उसकी चाची व चचेरी बहनों से पूछताछ की।

# नई दिल्ली में प्रतिदिन मीडिया समूह का दो दिवसीय 'द कॉन्क्लेव 2022' संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूर्वोत्तर** पर चर्चा को सुर्खियों पर लाने के लिए डालमिया सीमेंट्स के सहयोग से मीडिया समूह 'असमिया प्रतिदिन' और 'प्रतिदिन टाइम' का दो दिवसीय 'द कॉन्क्लेव 2022' गत 15 और 16 अक्टूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। असम सहित पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों के समावेशी विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए हितधारकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने के लिए देश की राजधानी शहर नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर, दिल्ली केंटनमेंट में 'द कॉन्क्लेव 2022' का आयोजन किया गया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 15 अक्टूबर यानी गत शनिवार को 'द कॉन्क्लेव 2022' का उद्घाटन किया। दो दिवसीय कॉन्क्लेव के दौरान असम और पूर्वोत्तर भारत के मुद्दों को राष्ट्रीय राजधानी में कई दिग्गज राजनेताओं, हितधारकों, नीति निर्माताओं, छात्र नेताओं और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने सार्थक चर्चा की।

प्रतिदिन मीडिया समूह के अध्यक्ष जयंत बरुवा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया और कॉन्क्लेव में सभी का स्वागत किया। जयंत बरुवा ने राजनाथ सिंह का स्वागत किया और कार्यक्रम में सादर उपस्थिति के लिए तहे दिल से उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'केंद्र में भाजपा का शासन आने से पहले की सरकारों ने पूर्वोत्तर को विकास के मामले में पूरे देश से अलग-थलग कर दिया गया था, जो बिल्कुल देश के हित में नहीं था। सत्ता में हमारे शासनकाल के दौरान असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में उग्रवाद को नियंत्रण में लाया गया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने पूर्वोत्तर को भारत का सबसे अहम हिस्सा बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर की प्रगति शुरू से ही सरकार



के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रही है, क्योंकि यह क्षेत्र देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और रणनीतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और समृद्धि की बहाली रही है। 2014 के बाद से पूर्वोत्तर के लगभग हर राज्य में हिंसा की घटनाओं में लगभग 80-90 प्रतिशत की कमी आई है। अधिकांश चरमपंथी संगठनों को या तो जड़ से उखाड़ दिया गया है या आत्मसमर्पण कर दिया है और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) को 80 प्रतिशत क्षेत्रों से हटा दिया गया है। अब क्षेत्र में स्थिरता और स्थायित्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद देश के अन्य स्थानों के साथ पूर्वोत्तर का हवाई, सड़क और जलमार्ग के जरिए कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। अब क्षेत्र के सभी राज्यों की राजधानी के साथ दिल्ली से सीधी विमान व रेल सेवा उपलब्ध है।

इसके बाद, पहले सत्र में अखिल असम क्षात्र संघ के मुख्य सलाहकार समुज्वल भट्टाचार्य, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तथा मंगलदै के सांसद दिलीप सइकिया और असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने 'क्षेत्रीयतावाद के साथ-साथ राष्ट्रवाद' पर चर्चा की। सत्र का संचालन प्रतिदिन टाइम के प्रधान संपादक नितुमोनी सइकिया ने किया।

# दिवाली फेस्टिव पर परफ्यूम पर भी ऑफर

## इस दिवाली पर महकने और खूबसूरत महसूस करने के लिए तैयार हो जाइए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अजमल** परफ्यूम्स में, हम बेहतरीन खुशबू के जादू को समझते हैं इसलिए ऐसी फ्रेग्रन्सेस तैयार करते हैं, जो आपकी सबसे खूबसूरत यादों को ताजा करते हुए आपके लिए एक अलग दुनिया के दरवाजों को खोल देती है। सुगंध में यादों और भावनाओं को इस तरह से जगाने की ऐसी अदभुत क्षमता होती है जो किसी भी दूसरी चीज में नहीं होती। अजमल परफ्यूम्स 70 सालों से भी ज्यादा समय से खूबसूरत यादों को बनाने के लिए जाना जाता है। अजमल परफ्यूम्स एक खास फेस्टिव ऑफर दे रहा है, जो ग्राहकों को चुनिंदा स्टोरों पर एडिशनल गारंटीड बेनिफिट्स के साथ अपनी पसंदीदा सुगंधों का एक बॉक्स बनाने का मौका देगा।

अजमल परफ्यूम्स में डे वियर, इवनिंग वियर, पार्टी वियर और ओकेजन वियर परफ्यूम्स की 300 से ज्यादा बेहतरीन और सबसे आकर्षक सुगंधों का एक विशाल पोर्टफोलियो है। ब्रांड की जीसीसी और दुनिया भर में 240 से ज्यादा एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर्स के साथ रिटेल मार्केट में मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति रखता है। अजमल परफ्यूम्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिलहाल दुनिया भर में 45 से ज्यादा देशों में निर्यात कर रहा है, और चुनिंदा 30 वैश्विक शुल्क-मुक्त स्थानों और इंटरनेशनल एयरलाइंस के जरिए भी अपने प्रोडक्ट्स उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराता है। अजमल परफ्यूम्स का अल्टीमेट दिवाली फेस्टिव ऑफर उपभोक्ताओं के लिए आसानी से अच्छी सुगंध को उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। फेस्टिव डील्स में 5,000 रुपये के प्रोडक्ट्स खरीदने पर आपको अपनी पसंद का 4,000 रुपये का अजमल परफ्यूम्स का उपहार बिल्कुल मुफ्त मिलता है। डील्स 1999 रुपये से शुरू होती है और चुनिंदा अजमल परफ्यूम्स स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। अजमल परफ्यूम्स भारत में परफ्यूम को अफोर्डेबल केटेगरी में ले आया है और 600 रुपये से शुरू होने वाली कीमतों के साथ परफ्यूम की विस्तृत रेंज ग्राहकों के जीवन को खूबसूरत खुशबूओं से भर देने के लिए उपलब्ध है। इस फेस्टिव सीजन में अपने नजदीकी स्टोर पर जाएं और ब्यूटी एडवाइजर से अजमल परफ्यूम्स ऑफर पर तुरंत सलाह लें। सौंदर्य एडवाइजर आपको अपनी पसंदीदा खुशबूओं में से एक परफेक्ट परफ्यूम चुनने में मदद करेंगे।

भारत में अजमल परफ्यूम्स के मॉडर्न ट्रेड, जनरल ट्रेड, मल्टी ब्रांड आउटलेट्स और ओन्ड रिटेल जैसे विभिन्न चैनलों पर 4000 से ज्यादा सेलिंग पॉइंट्स है। ई-कॉमर्स में, अजमल परफ्यूम्स 40 से अधिक साइटों पर मौजूद है, जो सबसे बड़े सिंगल-ब्रांड परफ्यूमरी हाउसों में से एक है। अल्टीमेट दिवाली फेस्टिव ऑफर के अलावा, in.ajmalperfume.com के पास इस फेस्टिव सीजन के लिए कई रोमांचक ऑफर हैं।

# नशा तस्कर की अवैध सम्पत्ति पर चला पुलिस का बुल्डोजर

## मम्मो व उनके परिजनों के खिलाफ अवैध नशे व हत्या के प्रयास के 11 मुकदमे दर्ज हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** द्वारा नशा तस्करी और अपराधिक गतिविधियों में शामिल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर जिला प्रशासन और फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर मम्मो के खिलाफ फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर मम्मो व उसके परिजनों द्वारा कलंदर कॉलोनी में एमसीएफ की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाई गई इमारत को ध्वस्त किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बल्लभगढ़ एरिया की कलंदर कॉलोनी में महिला नशा तस्कर मम्मो के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके द्वारा नशा तस्करी करके कमाई गई अवैध संपत्ति से एमसीएफ की करीब 100 गज जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाए गए तीन कमरों का मकान तथा एक झुग्गी पर पीला पंजा चलाया है। महिला अपराधी मम्मो के खिलाफ नशा तस्करी के आठ मुकदमे दर्ज हैं। मम्मो के पति का देहांत हो चुका है। उसके एक लड़का सलमान



नशा तस्कर मम्मो के घर को तोड़ता बुल्डोजर।

तथा एक लड़की है शायना है। सलमान के खिलाफ नशा तस्करी तथा हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत दो मुकदमे दर्ज है वहीं शायना के खिलाफ नशा तस्करी का एक मुकदमा दर्ज हैं।

महिला आरोपी पिछले करीब 10 साल से यहां पर रह रही थी जिसने नशा तस्करी करके कमाई गई संपत्ति से धीरे-धीरे एमसीएफ की जमीन पर कब्जा कर के वहां पर कमरे बना लिए और इसमें नशा तस्करी का कारोबार करने लगी। एमसीएफ द्वारा महिला को कब्जा खाली करने के लिए दो बार नोटिस दिया गया था जिसके पश्चात फरीदाबाद पुलिस तथा एमसीएफ की टीम ने मिलकर तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया था। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्रवाई के लिए एसडीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया। सिटी बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान, चौकी इंचार्ज उमेश कुमार तथा उनकी टीम ने की देखरेख में इस कार्रवाई को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की लिस्ट तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस और जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

# विधायक नीरज शर्मा ने दिया कीचड़ स्नान का अल्टीमेटम

**फरीदाबाद।** अगर मेरे इलाके में बरसात के बाद भी सड़कों पर जल भराव रहा तो मैं कीचड़ स्नान कर ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में जाऊंगा। यह कहना है फरीदाबाद एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा का। शर्मा यहां पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

हरियाणा में फिलहाल बड़ी संवैधानिक बहस छिड़ गई है 15 अक्टूबर को एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा को जिजा फरीदाबाद ग्रीवेंस कमेटी में अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्या उठाने से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोक दिया। इसके बाद अब विधायक यह जानना चाहते हैं कि जब वे किन्ही कमेटियों में अपने इलाके की बात रख ही नहीं सकते, अपनी जनता के सुख-दुख को बयां कर ही नहीं सकते तो फिर उनके उन कमेटियों में होने का क्या फायदा है। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विधायक नीरज शर्मा ने असंध के विधायक शमशेर गोगी और पीसीसी मेंबर जगन डागर के पत्रकारों को



संबोधित किया। अपनी इस समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सीवर की विकट समस्या है सड़कों पर पानी रुका है और उसी रास्ते से होकर लोगों को आना जाना पड़ता है विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि कई मौके ऐसे आए हैं जब उनके इलाके में बारात आनी होती है और बेटियों को खुद मुख्यमंत्री को ट्वीट करके अपनी गली से पानी निकलवाने की गुहार लगानी पड़ती है इसके बाद समस्या का समाधान होता है लेकिन अस्थाई तौर पर। उन्होंने कहा कि इसी मामले को माह सितंबर में आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में उन्होंने उठाया था तब ग्रीवेंस कमेटी की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उनके द्वारा समस्या को उठाए जाने की प्रशंसा की थी।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रतियोगिता में तीसरे दिन रहे रोमांचक परिणाम



**फरीदाबाद।** केंद्रीय विद्यालय नंबर दो में आयोजित केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की 51वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (तीरंदाजी) 16 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर 14-17-19 के तीसरे दिन के रोमांचक परिणाम रहे। अंडर-19 (70 मीटर) रिकर्व राउंड में गुवाहाटी संभाग की रेशमीन आबे दिन प्रथम, दिल्ली की काजी दियानूर द्वितीय एवं ऋषिका पांडे तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 रिकर्व राउंड (70 मीटर) में एकाग्रता से लक्ष्य भेदन करती हुई गुरुग्राम संभाग की तान्या रानी प्रथम, निहारिका चहल द्वितीय एवं शर्वरी संदीप शेल्के तृतीय स्थान पर रहीं। गुवाहाटी संभाग की अविष्का भट्टाचार्य चतुर्थ स्थान पर रही। अंडर-19 रिकर्व राउंड (60 मीटर) में दिल्ली संभाग की काजी दियानूर प्रथम ने स्थान प्राप्त किया तथा गुवाहाटी संभाग की रेसमिन अबे दिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरुग्राम संभाग की शरणजीत कौर ने तृतीय स्थान एवं दिल्ली की भूमिका ने चतुर्थ स्थान पर रही। अंडर-17 रिकर्व राउंड (60 मीटर) में गुरुग्राम संभाग की तान्या रानी प्रथम, शर्वरी संदीप द्वितीय एवं निहारिका चहल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर -14 रिकर्व राउंड (60 मीटर) में दिल्ली संभाग की लवानिया प्रथम, चेन्नई संभाग की वी. दर्शनी द्वितीय, चेन्नई संभाग की ही एस. हरिणी तृतीय, ट्वाराम्बिता बरुआ चतुर्थ स्थान एवं परांगना दुवारी, गुवाहाटी संभाग पांचवें स्थान पर रहीं।

## हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब की महिला विंग का गठन



**फरीदाबाद।** हरियाणा मीडिया वेलफेयर क्लब की जिला कार्यकारणी की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को एनआईटी-1 गोल्फ क्लब फरीदाबाद में आयोजित की गई। बैठक में दीवाली मिलन समारोह की रूपरेखा को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और सभी साथियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेन्द्र सिंह ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपप्रधान आईपीएस अरोड़ा ने किया। बैठक में राज्य प्रधान राकेश देव एवं कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा ने शिरकत की और अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा और क्लब के उत्थान एवं विकास में सभी सदस्यों का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमारा क्लब प्रदेश का बड़ा संगठन है और फरीदाबाद में लगातार पत्रकार साथी हमसे जुड़कर संगठन को मजबूती दे रहे हैं। मौके पर महिला कमेंटी का गठन भी किया गया और महिला कमेंटी की संयोजक वाइस ऑफ फ्रीडम की दीपा मिश्रा को नियुक्त किया गया।

## पानी की गुणवत्ता को लेकर किया जागरूक

**फरीदाबाद।** जिले के पुंडरी खंड के गांव टयोंठ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने लोगों को जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल की शुद्धता व स्वच्छता के ऊपर ही हमारा जीवन निर्भर है हम जल का मुख्य उपयोग पीने के लिए करते हैं उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में 80 प्रतिशत बीमारियां अशुद्ध जल के कारण फैलती हैं। अत: हमारा पेयजल ही अगर अशुद्ध होगा तो हमें पीलिया हैजा टाइफाइड 10 आदि रोग हो सकते हैं जो कि जानलेवा भी सिद्ध हो सकते हैं लोगों को जीवाणु रहित शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दीपक कुमार ने बताया कि आज से पानी के दुरुपयोग के कारण पानी का स्तर 15 फुट से 2 फुट तक नीचे चला गया है हमें आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को पानी की किल्लत का सामना ना करना पड़े। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने लोगों को एफटीके फील्ड टेस्टिंग कीट के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि फील्ड टेस्टिंग कीट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा। किट में डालने के बाद पानी काला हो गया तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे गांव में पानी की शुद्धता को लेकर विभाग की ओर से समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

## डीएवी में मनाया इंटरनेशनल डे ऑफ ऐलडर पर्सन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में वाइआरसी यूनिट, एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और बीकॉम विभाग ने एनसीडी सेल व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इंटरनेशनल डे ऑफ ऐलडर पर्सन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों के दादा-दादी व् नाना-नानियों को आमंत्रित किया। महाविद्यालय की सेवानृवित्त व् वरिष्ठ नागरिक शिक्षक भी कार्यक्रम का हिस्सा बनी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अरुण मेहरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी सीएमओ. डॉ. गजराज, डॉ. राम भगत व डॉ. रेने, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर एनसीडी सेल उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सीनियर सिटिजन्स से मिलवाना व उनके अनुभवों, संघर्षों और जीवन के अंतिम पड़ाव को जीने के नजरिये से परिचित करवाना रहा। सीनियर सिटीजन्स ने अपने छात्र जीवन की महत्वपूर्ण यादों को साझा करने के साथ-साथ कुछ मनोरम गीत, कविता, आदि प्रस्तुत किए। विशेष अतिथि अरुण मेहरा ने छात्रों से कहा कि अगर सही में जीना चाहते हो तो पहले खुद से प्यार करना सीखो। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता भगत ने सभी अतिथियों व वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक वाइआरसी यूनिट हेड डॉ. विजयवंती, बीकॉम विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना भाटिया रहीं। सह-संयोजक डॉ. सुनीता डुडेजा और डॉ. जितेंद्र ढुल रहे। डॉ. अर्चना भाटिया ने जीवन को बयां करते कुछ हृदय स्पर्शी गीत प्रस्तुत किये।

## 35वीं जिला स्केटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** जिला रोलर स्केटिंग संघ द्वारा आयोजित कराई गई। तीन दिवसीय 35 वीं जिला स्केटिंग प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन किया गया। डीएवी स्कूल, सेक्टर-14 की प्रिंसिपल अनिता गौतम समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई। संघ के प्रधान विराट सरीन, सचिव अमित आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र त्यागी, उपाध्यक्ष एस के अरोड़ा, जॉन डेविड, स्केटिंग कोच, संयुक्त सचिव अशोक शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छे भेंट करके स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्वागत भाषण में खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दीं तथा जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं कर पाए, उन्हें और ज्यादा मेहनत करके आगामी प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। जिला संघ के सचिव द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य मेहमानों, खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकगण तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों का धन्यवाद किया गया।

## चार मुकदमों में 232 किलोग्राम पटाखे जब्त




**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच की टीम ने 4 अलग-अलग स्थानों से 232 किलोग्राम पटाखे जप्त कर के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रमोद, दीपक उर्फ दिलीप, गौरव तथा योगेश का नाम शामिल है। पुलिस थाना बीपीटीपी, कोतवाली, क्राइम ब्रांच 17 तथा सेंट्रल ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को प्रतिबंधित पटाखों सहित काबू कर लिया। आरोपी प्रमोद को खेड़ी कॉलोनी से प्लास्टिक के कट्टे में 148 किलोग्राम पटाखों सहित काबू किया। आरोपी दीपक को 52 किलोग्राम पटाखों सहित एनआईटी से, आरोपी गौरव को 21 किलोग्राम पटाखों सहित एसजीएम नगर तथा आरोपी योगेश को 11 किलोग्राम पटाखों सहित सेंट्रल थाना एरिया से काबू किया। फरीदाबाद पुलिस ने चारों आरोपियों के कब्जे से 232 किलोग्राम पटाखे बरामद किए जिसमें फुलझड़ी, पटाखे, बम, आतिशबाजी, अनार इत्यादि सभी प्रकार के छोटे-बड़े पटाखे शामिल हैं।

# विश्व भूख सूचकांक

## सरकार को अस्वीकार्य

**एक** अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने एक रिपोर्ट जारी की जिसमें भारत के बारे में कुछ असहज करने वाले तथ्य हैं। सरकार व सत्तारूढ़ पार्टी ने इसे एक या दूसरे बहाने से खारिज कर दिया है, जबकि विपक्षी नेताओं ने सरकार व भाजपा की खिंचाई करते हुए कहा है कि उन्होंने देश को नीचा दिखाया है। विश्व भूख सूचकांक-जीएचआई, 2022 ने भारत को 6 पायदान नीचे गिरा दिया है। किसी रिपोर्ट पर ऐसी प्रतिक्रिया कोई अपवाद नहीं है। कांग्रेस ने जीएचआई 2022 आने के बाद कहा था कि भाजपा सरकार 'चीजों को स्वीकार नहीं कर रही है।' इसमें बताया गया है कि भारत का स्थान 121 देशों में 107वें स्थान पर है और इस प्रकार वह अफगानिस्तान को छोड़ कर बाकी सभी दक्षिण एशियाई देशों से पीछे है। यूरोपीय एनजीओ 'कंसर्न वर्डवाइड' व 'वेल्थुनगरहिल्फे' ने यह सूचकांक निकाला है जिसके अनुसार भारत में भूख का स्तर गंभीर है। सरकार ने जीएचआई 2022 को खारिज कर दिया है, उसका दावा है कि यह देश की छवि खराब करने का प्रयास है। उसने सूचकांक को प्रभावित करने वाले 'गंभीर क्रियाविधि मुद्दों' की ओर संकेत किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि चार में से तीन संकेतकों का संबंध बच्चों के स्वास्थ्य से है और इनको पूरी जनसंख्या का प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता है। चौथे व सर्वाधिक महत्वपूर्ण संकेतक में



कुपोषितों के प्रतिशत का अनुमान लगाया गया है। यह बहुत छोटे नमूना आकार 3,000 की राय पर आधारित है। पिछले साल भी सरकार ने जीएचआई, 2021 को अस्वीकार कर दिया था। महिला एवं बाल विकास मंत्री जूबिन ईरानी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में 3 दिसंबर को बताया था कि यह संकेतक भारत की सच्ची तस्वीर नहीं पेश करता है क्योंकि इसने भूख का गलत आंकलन किया है।

हो सकता है कि गंभीर क्रियाविधि संबंधी मुद्दे हों या नहीं, लेकिन सूचकांक को इस बहाने खारिज करना स्वयं को सही ठहराना है कि यह भारत की छवि खराब करने का प्रयास है। किसी षडयंत्र सिद्धांत का संकेत देने वाले बयानों के बजाय सरकार को आत्मावलोकन कर जीएचआई 2022 पर गौर करना चाहिए। यदि रिपोर्ट में गंभीर गलतियां हों तो उसे सूचकांक तैयार करने वाली संस्था से संवाद करना चाहिए। उसे सूचकांक को इतनी घृणा के साथ खारिज नहीं करना चाहिए जिसकी जरूरत नहीं है। सूचकांक के अनुसार, भारत में बच्चों की कम बढ़वार दर 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा है। उसने यह भी कहा है कि भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बच्चों के बौनेपन की दर 35 से 38 प्रतिशत के बीच है। यह अफगानिस्तान में सर्वाधिक है। अफगानिस्तान दशकों से एक युद्धग्रस्त देश है और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था लड़खड़ रही है। लेकिन हमारे देश में बच्चों में बौनापन क्यों पाया जाता है, जबकि यह राजनीतिक स्थायित्व वाली दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, यहां अत्यन्त जीवन्त उद्यमी वर्ग है, उभर रहा मध्य वर्ग है तथा अनेकानेक कल्याणकारी कार्यक्रम चल रहे हैं? जीएचआई, 2022 ने 2006 व 2016 के बीच छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा व तमिलनाडु में बौनेपन में कमी की बात भी कही है। बौनेपन में यह गिरावट मुख्यत: स्वास्थ्य एवं पोषण हस्तक्षेपों की कवरेज में सुधार, परिवार की स्थितियों में बेहतरी तथा माताओं के स्वास्थ्य व शिक्षा में सुधार के कारण आई है। संभवत: विभिन्न स्तर पर अधिकारी जीएचआई 2022 के नतीजों से कुछ सबक ले सकते हैं।

# हिमाचल में चलेगा मोदी का जादू

### मोदी का प्रशासनिक माडल तथा भारतीय जनता पार्टी का पूर्णत: सक्रिय संगठन हिमाचल प्रदेश में चुनावों की परंपरा बदल सकता है।



**सुमित भसीन**
(लेखक लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)

हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को चुनाव होंगे तथा 8 दिसंबर को जनता का जनादेश सामने आ जाएगा। लगभग 37 साल पहले 1985 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सत्ता-विरोधी लहर को परास्त कर दूसरी बार सत्ता पाई थी। इसके बाद हर पांच साल पर हिमाचल प्रदेश में हमेशा नई सरकार बनी है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह चुनावी प्रवृत्ति उलटने के लिए प्रयासरत है, जैसा कि वह कई अन्य राज्यों में भी कर चुके हैं। राजनीतिक विश्लेषक अभी यह पता लगा रहे हैं कि मोदी नीत भारतीय जनता पार्टी को ऐसे राज्यों में चुनावी प्रवृत्ति उलटने में सफलता कैसे मिली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा साल के 365 दिन लगातार सक्रिय राजनीतिक पार्टी बन गई है। अन्य राजनीतिक पार्टियों के उलट भाजपा केवल राज्यों के चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तारीखों की घोषणा होने के बाद ही नहीं जागती है। सु:ख हो या दु:ख, भाजपा हर समय जनता के बीच रहती है। पिछले वर्षों में यह स्पष्ट रूप से दिखा है कि केवल भाजपा ही सामाजिक लोकतंत्र की पैरोकार है। याद किया जा सकता है कि भारतीय संविधान निर्माता बी.आर. अंबेडकर ने सामाजिक लोकतंत्र की प्रासांगिकता रेखांकित की थी। उस समय भारत बड़ी संख्या में गरीब जनता का देश था, जब राजनीतिक पार्टियों को सामाजिक मुद्दों को संबोधित कर समाज में परिवर्तन के समाधान खोजने थे। सामाजिक लोकतंत्र की आवश्यकता थी कि राजनीतिक पार्टियां देश में सामाजिक-आर्थिक असमानता को हटाने के लिए काम करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सामाजिक लोकतंत्र के प्रति सर्वाधिक प्रतिबद्ध नेता हैं। इसका आधार भाजपा के राजनीतिक दर्शन को मूल स्वरूप प्रदान करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार हैं। उन्होंने देश में सामाजिक-आर्थिक असमानता दूर करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी।



मोदी सरकार के गरीब कल्याण एजेंडे की प्रतिबद्धता देश से सामाजिक-आर्थिक असमानता समाप्त करना है। भाजपा मोदी सरकार तथा पार्टी द्वारा शासित राज्यों के बीच स्थाई सेतु का काम कर रही है। उन्होंने सुनिश्चित किया है कि विकास का मोदी माडल गांवों तक पहुंचे। अब केन्द्र, राज्यों की राजधानियों, जिलों व गांवों में मोदी के विकास माडल का समान क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसका एकमात्र मंत्र अधिकारियों को प्रेरित कर जनता की स्थितियों में सुधार है। उत्तराखंड में राजनीतिक विश्लेषक बहुत जोर दे कर कह रहे थे कि राज्य कभी निवर्तमान सरकार को दोबारा नहीं चुनता है।

सबसे ज्यादा जोर वे इस बात पर दे रहे थे कि भाजपा ने पांच साल में उत्तराखंड को तीन मुख्यमंत्री दिए थे। उनका यह भी दावा था कि पद पर केवल कुछ माह रहने के बाद पुष्कर सिंह धामी नया जनादेश प्राप्त करने के लिए काफी नहीं होंगे। उत्तराखंड भी हर पांच साल पर भाजपा और कांग्रेस सरकारें चुनता था। यह एक परंपरा बन गई थी कि चुनाव में निवर्तमान सरकार पराजित होगी। लेकिन भाजपा ने सबको गलत सिद्ध कर दिया। यह केवल इसलिए संभव हुआ कि मोदी माडल तथा भाजपा की सुसंगठित मशीनरी ने धामी की शक्ति कई गुना बढ़ा दी और पार्टी फिर सत्ता में वापस आई। उत्तराखंड के लोगों को कोई संदेह नहीं था कि भाजपा के कल्याणकारी कार्यों पर कोई सवाल नहीं उठाए जा सकते हैं। इस पहाड़ी राज्य में जनता को विश्वास था कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार को उत्तराखंड के हित में काम करने के लिए तैयार कर दिया है। विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन से यह पूरी तरह स्पष्ट था। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्यों को गति देने के लिए 'प्रगति' की नियमित बैठकें कर रहे थे। उत्तराखंड की जनता यह भी जानती थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने त्रासदी के समय में भी उनके कल्याण के लिए काम किया है। इसका प्रमाण 2013 में केदारनाथ में अचानक बाढ़ के समय आई प्राकृतिक त्रासदी में मिला था।

उत्तर प्रदेश ने तीन दशक से अधिक समय से कभी उसी सरकार को दोबारा सत्ता नहीं सौंपी थी। 1990 के दशक से सरकारें हर पांच साल पर और कभी-कभी बीच में ही बदल जाती थीं। लगभग डेढ़ दशक तक जाति-आधारित पहचान की राजनीति ने उत्तर प्रदेश को गरीबी के दलदल में फंसाए रखा था। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने जाति-आधारित पहचान की राजनीति को सबसे खराब ढंग से आरोपित किया था। उन्होंने राज्य को कई दशक पीछे धकेल दिया था। कानपुर की फैक्ट्रियां बंद हो गई थीं। आगरा का चमड़ा कुटी उद्योग जीवन के लिए संघर्ष कर रहा था। गन्ना किसान गरीबी में धकेल दिए गए थे। गन्ना मिलें किसानों को भुगतान नहीं करती थीं और अनेक साल का पैसा बकाया हो गया था। उत्तर प्रदेश के लोग अंधेरे में बाहर नहीं निकलते थे क्योंकि उनका जीवन खतरे में पड़ सकता था। जनता की तथा सरकारी जमीनों पर माफिया कब्जा कर लेते थे और पुलिस असहाय हो कर देखती रहती थी। लेकिन 2017 में लखनऊ में भाजपा को सत्ता मिली। कई दशकों के बाद प्रदेश की जनता ने भाजपा का सुशासन देखा। उन्होंने देखा कि सरकारी व निजी जमीनों से अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया।

प्राचीन शहर ने अपनी सड़कों को चौड़ी होते देखा। प्रदेश की जनता ने अपने पड़ोस में अच्छी सड़कें नहीं देखी थीं, पर अब वहां हर मौसम में काम आने वाली सड़कें बन रही थीं। बिजली के तारों का मकड़जाल गायब हो गया था। लोगों की शिकायतों पर फौरन कार्रवाई होती थी। गन्ना किसानों के बकायों का रिकार्ड समय में भुगतान हुआ। आगरा जूता बनाने का वैश्विक केन्द्र बन गया। कानपुर में बिजनेस फिर नई गति से शुरू हुए। नोयडा वैश्विक एलेक्ट्रानिक्स निर्माताओं का सर्वोच्च पसंदीदा स्थान बन गया। उत्तर प्रदेश बहुत कम समय में नई उम्मीदों से भरा राज्य बन गया। जनता ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका पूरा पुरस्कार दिया तथा लखनऊ में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार फिर बनी। इसने एक बार फिर पुष्ट किया कि मोदी माडल तथा भाजपा की सुसंगठित मशीनरी से चुनावी राजनीति में भाजपा 'सकारात्मक सत्ता समर्थक' लहर का एजेंडा स्थापित करने में सफल हुई है। इस कारण जनता ने भाजपा शासित राज्यों में शोर-शराबे वाली नकारात्मक राजनीति को छोड़ दिया। गोवा भी एक ऐसा राज्य है जहां कांग्रेस और भाजपा हमेशा से बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। भाजपा के कद्दावर नेता मनोहर पर्रिकर की लंबी गंभीर बीमारी के बाद दु:खद मृत्यु के कारण पार्टी उनकी सेवाओं से वंचित हो गई थी। गोवा ने भी मोदी माडल तथा भाजपा की सुसंगठित मशीनरी की पूरी ताकत देखी थी। उसने बढ़ी हुई शक्ति के साथ पार्टी की सत्ता में वापसी सुनिश्चित की। अब राज्य को समृद्ध बनाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि पार्टी पूरी तरह गोवा के विकास तथा उसकी जनता के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। मणिपुर केवल विद्रोहियों द्वारा आर्थिक नाकेबंदी के कारण खबरों में रहता था। भाजपा यहां की सत्ता में आई और उसने इतिहास बदल दिया।

मणिपुर वापस विकास के रास्ते पर आ गया है। मणिपुर को यह भी पता लगा कि अब नई दिल्ली इम्फाल के ज्यादा निकट आ गई है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को सकारात्मक सत्ता समर्थक वोट मिले तथा भाजपा फिर सत्ता में आने में सफल हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल प्रदेश का विकास करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इस पहाड़ी राज्य को उच्च शिक्षा संस्थान, लगातार विस्तारित होते रेल नेटवर्क तथा किसानों के लिए बेहतर सुविधाओं के उपहार दिए हैं। यह राज्य भाजपा के पक्ष में सकारात्मक सत्ता समर्थक लहर का स्पष्ट अनुभव कर रहा है। आठ दिसंबर को चुनाव परिणाम के माध्यम से जनता भाजपा सरकार के सुशासन में अपना विश्वास व्यक्त करेगी।

# क्या कांग्रेस का उद्धार कर पाएंगे नए अध्यक्ष?



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

यह लेख लिखते समय, कांग्रेस के अंदर का घटनाक्रम टेलीविजन के सर्वश्रेष्ठ धारावाहिकों को पछाड़ने के लिए पर्याप्त है। गांधी परिवार ने, यह महसूस करते हुए कि उसे अपने आधिकारिक अध्यक्ष के रूप में एक चेहरा पेश करने की आवश्यकता है, पार्टी अध्यक्ष के लेबल वाले परिवार के अनुचर के रूप में कार्य करने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी पसंदीदा पसंद के रूप में सामने रखा। तेजतर्रार और पश्चिम-शिक्षित शशि थरूर ने दौड़ से हटने की बात को खारिज करते हुए कहा कि वह दोस्ताना प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं, लेकिन इसे खत्म करने के लिए लड़ाई के रूप में वर्णित किया। कांग्रेस के दिग्गज नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी टोपी रिंग में फेंक दी थी, लेकिन जल्द ही वापस लेने के लिए। दिग्गी साहब ने अनजाने में बिल्ली को बैग से बाहर निकाल दिया जब उन्होंने एक पत्रकार से कहा कि जो भी कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा उसे गांधी परिवार के आशीर्वाद से काम करना होगा। अनुवादित, यह पढ़ता है- गांधी वंश असली मालिक था, है और रहेगा, भले ही कोई और कभी-कभी कुर्सी पर बैठे।

यही कारण है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जिनकी सोनिया गांधी के प्रति वफादारी संदेह में नहीं थी और जो कथित तौर पर कुर्सी पर कब्जा करने के लिए उनकी पसंद थीं, को उन्हें नीचा दिखाने में कोई गुरेज नहीं था। गहलोत के वफादार विधायकों ने पार्टी की राज्य इकाई में तूफान खड़ा कर दिया, गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सीएम के प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने पर सरकार गिराने की धमकी दी। जबकि कांग्रेस के आंतरिक नाटक में पत्रकारों और समाचार-दर्शकों को दिलचस्पी हो सकती है, हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि भारत का सबसे पुराना राजनीतिक दल गांधी परिवार के बाहर किसी भी नेतृत्व से इतना वंचित क्यों है, जिसका राजनीतिक प्रभाव इस हद तक समाप्त हो गया है कि यह अब नहीं है गंभीरता से लिया, कमान सम्मान की तो बात ही छोड़िए।

राजनीतिक दल, चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में, देश के प्रति कर्तव्य हैं, और इससे भी अधिक वे दल जिनका इतिहास कांग्रेस जैसा पुराना है। जैसा कि प्रतीत होता है, कांग्रेस इस विचार के प्रति समर्पित नहीं है। इसका एकमात्र कॉलिंग कार्ड प्रधान मंत्री मोदी से अंधी नफरत है, जिसका लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। एक विरोधी एक विरोधी है, इससे ज्यादा कुछ नहीं।



卐चौकीदारचोरहाई卐 जैसी गालियां केवल स्पीकर के चरित्र को धोखा देती हैं और राजनीतिक माहौल को दूषित करती हैं।

कांग्रेस ने ज्यादातर फ्यूहरर सिद्धांत या नेतृत्व सिद्धांत पर काम किया है। 1921 से, मोहनदास गांधी 1946 तक पार्टी पर हावी रहे। फिर जवाहरलाल नेहरू की बारी थी, खासकर सरदार पटेल के निधन के बाद। उनके बाद उनकी शानदार बेटी इंदिरा गांधी और बदले में उनके बेटे राजीव गांधी आए, जो राजनीति के बारे में बहुत कम जानते या समझते थे लेकिन पांच साल तक किसी तरह कामयाब रहे। लेकिन उन्होंने पार्टी में सेंध लगा दी। गरीब आदमी और औरत ने यह सोचना बंद कर दिया कि यह उनकी पार्टी है। यह अब अमीरों का संगठन था जो गुच्ची के जूते, रेबन के चश्मे आदि पहनते थे। हालाँकि, कांग्रेस को अभी भी एक हिंदू विरोधी संगठन के रूप में नहीं देखा गया था। पी.वी. के बाद नरसिम्हा राव ने प्रधान मंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया, पार्टी उस रास्ते से खिसकने लगी। जिस सर्वसम्मति के बारे में केवल नेहरू-गांधी ही पार्टी को एक साथ रख सकते हैं, उसके बारे में अधिक सार्वजनिक रूप से बात की जाने लगी। इस प्रकार, सोनिया गांधी को वस्तुत: कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए भूमध्य सागर से निकाल दिया गया था। उसने दस साल तक पार्टी को एक साथ रखा, साथ ही उसे सत्ता में वापसी करने में सक्षम बनाया, हिट या मिस से नहीं बल्कि औसत दर्जे का पक्षपात करके। रहस्य था अहमद पटेल, जो आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी के प्रति वफादार थे। वह गुजरात के भरूच से युवा सांसद थे। जबकि वह किसी भी तरह से एक पागल मुसलमान नहीं थे, उन्होंने महसूस किया कि भारत में मुसलमानों का भविष्य संयम में है और कांग्रेस। कोई भी अन्य दल कमोबेश पूरे भारत में अपने समुदाय को एकजुट रखने के लिए भरोसेमंद और सक्षम नहीं था। और नेहरू-गांधी परिवार ही एक ऐसा परिवार था जिसकी छत्रछाया में कांग्रेसी एक साथ रह सकते थे। हिंदू वर्चस्व इस दार-उल-अमन को बर्बाद कर देगा।

लेकिन बाद में पटेल को कोविड हो गया और उनका निधन हो गया। गैर-हिंदू होने के कारण, वह आसानी से सोनिया गांधी की पसंद के सांचे में ढल जाते थे, जिन्होंने उन पर आंख मूंदकर भरोसा किया। राजनीतिक सलाहकार की उनकी मांग बहुत लंबी है। इसमें पार्टी की मुश्किलों का उलझा हुआ मुद्दा है। यह किसी भी राजनीतिक रणनीति से पूरी तरह से वंचित है। अधिक गंभीरता से, भारत का लोकाचार नेहरूवादी से हिंदू में बदल गया है। इस स्थिति में क्या करें?

कई बुद्धिजीवियों की तरह गांधी वंश के वंशज भी भारत की राजनीति के बदलते स्वरूप के बारे में अस्पष्ट हैं। जाहिर है, परिवर्तन अनिश्चितता की भावना से पैदा हुई असुरक्षा लाता है। हालांकि, प्रकृति की तरह राजनीति भी यथास्थिति को लंबे समय तक कायम नहीं रहने देती है।

कांग्रेस का संकट गांधी के गैर-मौजूद नेतृत्व से बड़ा है। भारत की शक्ति संरचना मौलिक रूप से बदल गई है। नेहरू कांग्रेस अनिवार्य रूप से एक सरकारी पार्टी थी, जो भारत पर शासन करने वाले नौकरशाही-प्रबंधकीय वर्ग का प्रतिनिधित्व करती थी। आज, संवाद में उत्पादक विचारों और उद्यम में भारत की घरेलू प्रतिभा की संस्कृति का बोलबाला है। कांग्रेस, अपने भारी लुटियनवाद के साथ, खुद को एक नए और संभवत: अज्ञात क्षेत्र के रूप में देखती है। इसके पास नरेंद्र मोदी नामक एक दुर्जेय महाशक्ति का भी कोई जवाब नहीं है, जो पूरी तरह से स्व-निर्मित नेता है, जिसकी एकमात्र प्रतिबद्धता राष्ट्र के लिए है, न कि किसी वंशवाद के लिए।

## आप की बात

### किसानों को लाभ

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को किए गए फैसले में गेहूं की एमएसपी 110 रुपए बढ़ा दी है जबकि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 100 रुपए बढ़ाया गया है. केंद्र सरकार के इस कदम से किसानों की आम्दानी बढ़ाने में काफी मदद मिलने की उम्मीद है। चने के समर्थन मूल्य में 105 रुपए की वृद्धि की गई है जबकि मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 500 रुपए की वृद्धि की गई है। समिति के सुझाव के बाद केंद्र ने फसलों का एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है. केंद्र सरकार का यह स्वागत योग्य कदम है। इससे किसानों को भरपूर राहत मिलेगी न्यूनतम मूल्य वृद्धि के साथ ही सरकारों को किसानों को सही वक्त पर खाद बीज उचित दामों पर उपलब्ध होता रहे इसकी भरपूर व्यवस्था करना चाहिए तथा कोई भी फसल किसानों को न्यूनतम मूल्य कम पर बेचना ना पड़े इसके लिए फसल बाजार में आए उसके पहले ही सरकारी खरीद केंद्रों को खरीदी की परिपूर्ण व्यवस्था कर लेना चाहिए। अन्यथा अभी तक तो यह होता रहा है कि फसल बाजार में आ जाने के बाद भी सरकारी केंद्रों पर खरीदी शुरू नहीं होती। माल भरने के लिए बारदान तक उपलब्ध नहीं होते ऐसे में मजबूरी में किसानों को अपनी फसल बाजार में कम दामों पर बेचनी पड़ती है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### आतंक का अंत

**हाल** ही में जम्मू कश्मीर के स्थानीय लोगों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेन्स के कश्मीर मुख्यालय का होर्डिंग गिरा दिया व उसके गेट पर इंडिया लिख दिया यह कश्मीर में नए अध्याय का आरंभ है। जहां स्थानीय जनता जो हिंसा से त्रस्त थी अब खुलकर सामने आने लगी हैं। कोई भी इंसान दहशतगर्दी व हिंसक माहौल में नहीं रहना चाहता है परंतु अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु उसे चुप रहना पड़ता है और इसके अतिरिक्त जब शासन प्रशासन भी भी दहशतगर्दों के साथ हो तो आतंक के खिलाफ़ खड़ा होना और भी कठिन हो जाता है। आज जब माहौल अनुकूल हुआ तो सामान्य लोग भी हुर्रियत जैसे अलगाववादी व आतंकियों के समर्थक दल के विरुद्ध खड़े हो रहे है। अब सरकार को भी इन लोगों की सुरक्षा व घाटी का माहौल सामान्य करने के लिए पहले से अधिक सावधान रहना होगा ,क्योंकि आतंकी जम्मू कश्मीर को अशांत करने के लिए टार्गेट किलिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगे है। इस वर्ष हुई 2 दर्जन से अधिक घटना इसका उदाहरण है।देश के बुद्धिजीवियों व अन्य सामाजिक संगठनों को भी जनता का समर्थन करना चाहिए ताकि इनका उत्साहवर्धन हो सके।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### हिंदी में चिकित्सा शिक्षा

**शिवराज** सिंह चौहान सरकार को इसके लिए साधुवाद दिया जाना चाहिए कि उसके प्रयासों से देश में पहली बार मध्यप्रदेश में चिकित्सा की पढ़ाई हिंदी में शुरू होने जा रही है। इस प्रयोग की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि चीन, जापान, जर्मनी, फ्रांस और रूस समेत कई देश अपने भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। अच्छा होता कि भारत में इसकी पहल स्वतंत्रता के बाद ही की जाती है। यदि ऐसा किया गया होता तो संभवत: आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में हो रही होती। देर से ही सही, चिकित्सा के हिंदी में पढ़ाई का शुभारंभ भारतीय भाषाओं को सम्मान प्रदान करने की दृष्टि से एक मील का पत्थर है। इस प्रयोग की सफलता के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए. साथ ही जो शुरुआत मध्य प्रदेश से हो रही है वह देश भर में तेजी से आगे बढ़े। यह उत्साहजनक है कि चिकित्सा के साथ इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू करने के कदम उठाए जा रहे हैं। जब अन्य अनेक देशों में ऐसा हो सकता है तो भारत में क्यों नहीं हो सकता।

– **सदन जी**, पटना


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




“**आरबीआई** के प्रयास बहुत अधिक तरलता रोकने के हैं। मैंने पहले ही कहा है कि रुपया अपना स्तर प्राप्त कर लेगा।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**हम** पूरी गंभीरता से शांतिपूर्ण एकीकरण के पक्ष में हैं, लेकिन हम कभी बल प्रयोग की संभावना खारिज नहीं करेंगे।

– **शी जिनपिंग**
चीनी राष्ट्रपति



**यह** हमारा आंतरिक चुनाव है। हमने एक दूसरे के प्रति मित्रतापूर्ण ढंग से बातें की हैं। हम एक साथ पार्टी मजबूत करेंगे।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस नेता”

# योगी सरकार के प्रयासों से यूपी में बना निवेश का माहौल: डी. पुरंदेश्वरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**अपने** प्रवास के दूसरे दिन बीजेपी की राष्ट्रीय महामंत्री डी. पुरंदेश्वरी ने पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि योगी सरकार के प्रयासों से आज यूपी में निवेश का माहौल बना है। भाजपा का संगठन और सरकार दोनों ही आमजनमानस की सेवा के भाव के साथ कार्य करते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले ऐसी योजनाऐं बनायीं। उन्होंने कहा कि देश एवं दुनिया के निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश में अच्छा वातावरण बना है। वह जमाना गया जब कभी उत्तर प्रदेश में अपहरण उद्योग का दौर था और निवेशकों को भय सा लगता था। पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार में परिवारवाद और भ्रष्टाचार नहीं है। इसीलिए जनता ने हमें आशीर्वाद देकर दूसरी बार सत्ता सौंपी ताकि हम लोककल्याण के पथ पर कार्य करते रहे। भाजपा अन्त्योदय के आधार पर काम कर रही है। अन्त्योदय का मतलब समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार गरीब कल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की चुनौतियों को भी अवसर में बदला। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जन सरोकारों के लिए हैं और कोरोनाकाल में प्रधानमंत्री ने साबित किया कि चुनौतियों को किस तरह से अवसर में बदलकर किस तरह सत्ता को जनता की सेवा का माध्यम बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार से पहले की परिस्थितियों को ध्यान दीजिए तो स्पष्ट हो जाएगा की पहले उत्तर प्रदेश में एक बार जिसकी सरकार बनती थी दोबारा उसकी सरकार नहीं आती थी लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण सहित पूरे प्रदेश में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया गया। राज्य की बेहतरीन कानून व्यवस्था का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में महिलाएं खुद को सुरक्षित समझती है। राज्य के अच्छे माहौल का ही परिणाम है कि प्रदेश में तेजी से निवेश हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारी सरकार के कार्यों के बल पर हमें आगे भी जनता का आशीर्वाद व समर्थन मिलता रहेगा। यूपी के अपने तीन दिवसीय प्रवास को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि संगठन की योजनानुसार उत्तर प्रदेश के प्रवास पर आई हूं। प्रवास के दौरान संगठन और सरकार के साथ अलग-अलग कई बैठकें की है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय का ही परिणाम है कि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को हम मजबूती के साथ जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी शोध कार्य किए जाएं: राज्यपाल

● आनंदीबेन पटेल ने 15 राष्ट्रों में तैनात भारतीय राजदूतों व 11 राज्य विवि के कुलपतियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में 15 देशों में तैनात भारतीय राजदूतों सहित 11 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न देशों में स्थापित विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षिक आदान-प्रदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विगत 3 वर्ष से राज्य विश्वविद्यालयों के नैक ग्रेडेशन तथा नयी शिक्षा नीति लागू करने के लिये बृहद स्तर पर काम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हम विद्यार्थियों को नौकरी के साथ.साथ स्वरोजगार के लिये भी प्रेरित करें। स्टार्टअप के माध्यम से यदि विद्यार्थी स्वरोजगार करता है तो वह अपने साथ.साथ अन्य कई लोगों को भी रोजगार दे सकता है। इसलिए हमें विद्यार्थियों को इस दिशा में प्रेरित करने का कार्य करना है, ताकि आज के युवा आत्मनिर्भर होकर कार्य कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व है कि केजी से पीजी तक शैक्षणिक वातावरण बनायें तथा विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर गांव, गरीब व किसान तक अपने विद्यार्थियों के माध्यम से पहुंचकर उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। गांव गोद लेकर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चे टीबी मुक्त हो, 100 प्रतिशत डिलीवरी सरकारी अस्पताल में हो, कुपोषण दूर करने के प्रयास करें। ऐसा करने से विश्वविद्यालय के बच्चों में पढ़ाई के साथ सेवाभाव की भावना विकसित होगी। कुलाधिपति ने बताया कि जब नैक के लिए मूल्यांकन होता है, तो वहां शोध कार्य अंग्रेजी में ही मान्य होता है। ऐसा नहीं होना चाहिये। क्षेत्रीय भाषाओं में भी शोध कार्य करने के प्रयास किये जाने चाहिए। हमें किसानों की समस्याओं पर भी शोध और उनके निराकरण पर गहनता से विचार करना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि यूरिया खाद का दुरूपयोग कर नकली दूध का व्यापार होता था, उसे रोकने के लिये नीम कोटेड यूरिया का निर्माण हुआ फलस्वरूप नकली दूध के व्यापार पर अंकुश लग गया। पटेल ने उपस्थित सभी राजदूतों तथा राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से अपील की कि वे देशों के मध्य शैक्षणिक वातावरण तैयार करने हेत, रिसर्च पब्लिकेशन, भाषायी शिक्षा, रिसर्च का आदान.प्रदान, विद्यार्थियों का आदान-प्रदान, संयुक्त कोर्स, स्टार्ट.अप, बेस्ट प्रैक्टिस, सूचना तकनीक रिसर्च, संयुक्त डिग्री कार्यक्रम, आनलाइन तथा आफलाइन शिक्षा, गेस्ट फैकल्टी के रूप में शिक्षकों, छात्रों तथा फैकल्टी का आदान.प्रदान, विदेशी छात्रों को प्रोत्साहन, जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर अपने देश की मांग के अनुसार इन क्षेत्रों में आगे बढ़ें। राज्यपाल ने कहा कि यदि हम सच्चे मन से इस दिशा में प्रयास करेंगे तो निश्चय ही इसके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे।

## 31 अक्टूबर से शुरू होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में नगरीय निकाय संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण 31 अक्तूबर से शुरू किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 नवंबर को होगा। 31 अक्तूबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। आठ से 12 नवंबर तक उन पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। 13 से 17 नवंबर तक उनका निस्तारण किया जाएगा। 18 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निकाय चुनाव की मतदाता सूची के पुनरीक्षण में एक भी मतदाता, मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये रायबरेली, गोंडा, सीतापुर, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अंबेडकर नगर सहित विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की।

## गांवों के विकास का नया माडल तैयार करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानों व ग्राम्य विकास से जुड़े अधिकारियों, व कर्मचारियों का आह्वान किया है कि वह गांवों के विकास का नया माडल तैयार करें। उन्होंने कहा कि गांव पंचायतो में बड़ी संख्या में अनुभवी व प्रतिभावान जनप्रतिनिधि हैं, उनकी प्रतिभा का उपयोग गांवों के विकास में होना चाहिए और इसके लिए जरूरी है कि उनके साथ खुला संवाद हो। उन्होंने कहा कि अनुभवी व टैलेंटेड प्रधानों की रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग गांवों के विकास में किया जायए और गांवों की श्रमशक्ति की महत्ता व महत्व को समझते हुए उसका सही उपयोग किया जाय। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह बात मंगलवार को पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में मनरेगा से सम्बन्ध में आयोजित 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कि युवा शक्ति, मातृशक्ति और श्रमशक्ति मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। कर्मचारी व प्रधान मिलकर इन तीनों शक्तियों का सदुपयोग करें। कहा कि मनरेगा गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण योजना है। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री मौर्य ने कार्मिकों व प्रधानों में नयी ऊर्जा का संचार करते हुते कहा कि आप लोग गांवो के विकास का संकल्प लेकर जांय और समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा फर्जी जाब कार्डो से उत्तर प्रदेश को हर हाल में मुक्त कराना है। कहा कि बिना काम किए पैसा लेने का मतलब अपनी स्वयं की सामर्थ्य को खोखला करने आदत विकसित करने जैसा है। प्रण कर लें कि हमें श्रमशक्ति में खोखलापन नहीं आने देना है। कहा कि गांवों में समस्याओं के समाधान की चर्चा स्वभावत: होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन की चर्चा करते हुए श्री मौर्य ने कहा हम सबको आत्मनिर्भर गांव सभा बनाने का बीड़ा उठाना चाहिए। गांवो में स्किल डेवलपमेंट होना चाहिए और इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे क्रान्तिकारी कदमों की चर्चा करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जहां महिलाओं की आमदनी में इजाफा हुआ हैए वहीं उनके आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। श्री मौर्य ने कहा कि गांवों में हर घर नल योजना पर पैनी नजर रखें, पाइप लाइन जमीन मे 01 मीटर से नीचे पड़नी चाहिए। पाइप लाइन डालने में जो सड़क खोदी जाती हैए पाइप लाइन की टेस्टिंग के तुरंत बाद सड़क की मरम्मत हो जानी चाहिए।

## सचिव, ग्राम विकास अधिकारी व प्रधानों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विसं )।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज अजय श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत योजना के तहत डस्टबिन की खरीद में हुए आर्थिक घोटाले के मामले में वांछित चार सचिव, पांच महिला ग्राम विकास अधिकारी व तीन ग्राम प्रधान की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इनके अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील मनीष रावत के मुताबिक सचिव राहुल कुमार सिंह, रामकिशन, अरविंद व शिवप्रकाश जबकि ग्राम विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह, नेहा चौरसिया, पूनम राज वर्मा, अंकिता दीक्षित व अंकिता सिंह तथा ग्राम प्रधान रामेश्वर, अवधेश नरेश व जसवंत की ओर से अर्जी दाखिल की गई थी। इस मामले की एफआईआर उप्र सतर्कता अधिष्ठान ने दर्ज कराई थी।

## नैक एक्रीडेशन के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में सिद्धार्थनगर विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के नैक एक्रीडेशन के लिए प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हरिबहादुर श्रीवास्तव ने राज्यपाल को अवगत कराया कि इस विश्वविद्यालय को वर्ष 2015 में स्थापित किया गया था और वर्ष 2020 में 05 वर्ष पूर्ण करके इसे नैक ग्रेडिंग की अर्हता प्राप्त हो चुकी है। इस क्रम में विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी की गई है।

बैठक में राज्यपाल ने सभी सातों मानकों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय की नैक टीम के सदस्यों से उनके शैक्षणिक अनुभव, शोध कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के हित में अनुभवों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यद्यपि विश्वविद्यालय नवीन स्थापित है, किन्तु अनुभवी प्राचार्यों से युक्त है। नवगठित होने के बाद भी सभी अनुभवी प्राचार्य अपने योगदान के साथ नवीन प्राचार्यों को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बेहतर टीम भावना के साथ सभी कमेटी सदस्य आपसी तालमेल से कार्य करें और प्रस्तुतिकरण की रिपोर्ट को सशक्त करें। राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण के विभिन्न बिंदुओं पर विवरण उल्लेख की कमी को लक्षित करते हुए हर बिंदु को विवरण से पुष्ट करने के संदर्भ में विविध दिशा-निर्देश भी दिए।

## सहकारिता बैंक में करोड़ों की जालसाजी के मामले में प्रबंधक सहित चार निलंबित

**लखनऊ।** सहकारी बैंक में 146 करोड रुपए की जालसाजी को अंजाम देने की कोशिश की गई थी। जिसमें 75 करोड़ की रकम दूसरे बैंकों में ट्रांसफर भी हो गए थे लेकिन बैंक के अधिकारियों की सक्रियता से पूरी रकम को फ्रीज कर दिया गया। फिलहाल पूरे मामले में लापरवाही के चलते प्रबंध निदेशक वीके मिश्रा ने शाखा प्रबंधक मेवालाल, कैशियर विकास कुमार पांडे सहायक प्रबंधक अजय कुमार और गार्ड अजय कुमार को निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की विभागीय जांच हो रही है। 146 करोड़ करीब 7 खातों में ट्रांसफर कराए गए थे। रकम को एचडीएफसी आईसीआई समेत कई बैंक के खातों में ट्रांसफर हुए थे। मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी गई है। साइबर सेल के डीआईजी एन कोलांची जांच करने बैंक भी पहुंचे और करीब 3 घंटे से ज्यादा उन्होंने अधिकारियों से पूछताछ की। इस पूरे मामले में जांच में साफ हुआ है कि कुछ पूर्व बैंक अधिकारी इस पूरी जालसाजी को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और जिन खातों में रकम ट्रांसफर की गई थी उनकी जांच कर रही है। माना जा रहा है कि जल्दी बड़ा खुलासा हो सकता है। इतनी बड़ी रकम को आखिर किन कर्मियों की मिलीभगत से ट्रांसफर किया जा रहा था इसको लेकर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

## पति की मौत के मामले में पत्नी को 10 साल की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एडीजे** विवेका नंद शरण त्रिपाठी ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी करार दी गई पत्नी पूजा शर्मा को 10 साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 21 जून 2016 को इस मामले की एफ आईआर मृतक हरकेश शर्मा के पिता प्रेम शर्मा ने थाना जानकीपुरम में दर्ज कराई थी। इसी साल पूजा शर्मा की शादी हरकेश शर्मा से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह अपने प्रेमी के साथ भाग गई। फिर थाने मे समझौता हुआ। इसके बाद भी उसने अपने प्रेमी से बात करना और मिलना-जुलना बंद नही किया। बल्कि हरकेश को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। इससे क्षुब्ध होकर हरकेश ने फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइट नोट में अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी पूजा को बताया था।

## सुरक्षा बल में भर्ती के लिए सिर्फ ऊंचाई मानदंड नहीं: हाईकोर्ट

● वन विभाग में फॉरेस्ट अफसर के लिए न्यूनतम ऊंचाई सीमा बढ़ाने की मांग खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**वन** विभाग में डिप्टी रेंज फॉरेस्ट अफ सर व फ ॉरेस्टर पदों के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई (हाईट) सीमा बढ़ाने की मांग हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नामंजूर कर दिया है।

पीठ ने इस संदर्भ में दाखिल जनहित याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि सुरक्षाकर्मी की भर्ती के लिए योग्यता तय करने का मानदंड सिर्फ ऊंचाई नहीं हो सकता है। यह सही है कि सुरक्षाकर्मी की भर्ती के लिए पॉलिसी बनाते समय राज्य सरकार ऊंचाई पर भी विचार करती है लेकिन सिर्फ ऊंचाई के मानदंड पर भर्ती नहीं की जा सकती। जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश कविता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में यूपी अधीनस्थ वन (डिप्टी रेंज फ ॉरेस्ट अफ सर एवं फ ॉरेस्टर) सेवा नियमवाली, 2021 के कुछ प्राविधानों को चुनौती दी गई थी। कहना था कि डिप्टी रेंज फॉरेस्ट अफसर एवं फॉरेस्टर पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर तय की गई है। जबकि इसी विभाग के वन्य रक्षक और वन्य जीव रक्षक पदों के लिए ऊंचाई की न्यूनतम सीमा 168 सेंटीमीटर है। यह भी तर्क था कि यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद के लिए न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर है। यहां तक कि होमगार्ड के लिए भी 167.7 सेंटीमीटर की न्यूनतम ऊंचाई का प्राविधान है।

बाराबंकी में एक महिला जज से दुर्व्यवहार का मामला

## हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन के महामंत्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष को तलब किया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एक** महिला जज से दुर्व्यवहार करने के कथित मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी जिला बार एसो. के महामंत्री रितेष मिश्रा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह को अवमानना की नोटिस जारी किया है। पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाए। पीठ ने इन्हें 17 नवंबर को व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। पीठ ने इसके साथ ही महिला जज की अदालत के अंदर व बाहर समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने का भी आदेश जारी किया है। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस संजय कुमार पचौरी की पीठ ने यह आदेश महिला जज की ओर से हाईकोर्ट को प्रेषित संदर्भ पर संज्ञान लेते हुए दिया है। पीठ ने बाराबंकी के एडीजेए प्रथम व पुलिस अधीक्षक को महिला जज को पूरी सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया है। साथ ही एडीजेए प्रथम से घटना के दिन का वीडियो फुटेज भी सुरक्षित करने को कहा है। पीठ ने कहा है कि इन दोनों वकीलों के आचरण से अदालत की गरिमा प्रभावित हुई और न्यायिक कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। सात अक्टूबर 2022 को बाराबंकी जिला बार एसो. ने न्यायिक कार्य के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित कर रखा था। महिला जज ने हाईकोर्ट को प्रेषित अपने संदर्भ में कहा है कि सुबह साढ़े दस बजे वह अपने अदालत में काम कर रही थीं। इसी समय कई वकीलों के साथ महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष उनके अदालत कक्ष में घुस आए व उनसे अभ्रदता की। गाली.गलौज करने लगेए कक्ष की बिजली बंद कर दी तथा कक्ष में मौजूद अन्य वकीलों को जबरन बाहर निकाल दिया। साथ ही उनको भी कई तरह की धमकियां दी। पीठ ने अपने आदेश में महिला जज को दी गई धमकी का भी जिक्र किया है।

### दुराचार में 20 साल की सजा

**लखनऊ ( विसं )।** विशेष जज पवन कुमार राय ने एक नाबालिग लड़की से दुराचार करने के मामले में मुल्जिम सुधीर उर्फ सुमन्ती को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर छह हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 21 अगस्त 2018 को इस मामले की एफ आईआर पीड़िता की मां ने थाना इंटौजा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शैलेश कुमार सिंह के मुताबिक पीड़िता अपने घर से ननिहाल जा रही थी, रास्ते में मुल्जिम उसे जबरिया जंगल में ले गया और बुरा काम किया। साथ ही जानमाल की धमकी भी दी।

### डीए व बोनस भुगतान के लिए वित्त विभाग ने जारी किया शासनादेश

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों को बोनस और सभी राज्यकर्मियों व शिक्षकों को जुलाई 2022 से महंगाई भत्ते की चार फीसदी बढ़े दर का भुगतान करने का आदेश दिए जाने के बाद वित्त विभाग ने इससे संबंधित शासनादेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग द्वारा मंगलवार को शासनादेश जारी कर दिए जाने के बाद दीपावली से पहले बोनस मिल जाने का मार्ग सुलभ हो गया है। महंगाई भत्ता वृद्धि का लाभ अक्तूबर के वेतन के साथ दिए जाने का आदेश दिया गया है। राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित व पूर्णकालिक कर्मचारी, कार्य प्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान में कार्यरत पदधारकों को 4 फीसदी वृद्धि के साथ अब 38 फीसदी डीए मिलेगा। एक जुलाई से 30 सितंबर तक की डीए की धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी।

## एक साल में पुलिस के सात जवानों ने दी प्राणों की आहुति

पुलिस स्मृति दिवस 21 को, शहीद साथियों को नमन करेगा महकमा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इस** वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस के सात जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी है। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस महकमा अपने शहीद साथियों को नमन करेगा। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद हुए सभी सात पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित करेंगे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहली सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 तक की अवधि में जिन पुलिसजनों ने अपने प्राणों की आहुति दी उनमें **फतेहपुर जिले** के थाना सुल्तानपुर घोष में नियुक्त उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा 31 मार्च 2022 को वाहन चेकिंग ड्यूटी के लिए रवाना हुए। थाना गेट से करीब 20 मीटर की दूरी पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान समय हीरो स्पलेण्डर प्लस के चालक नरेन्द्र पासी व पीछे बैठे उसके पिता प्रकाश पासी निवासी दुर्गा का पुरवा, थाना सुलतानपुर घोष जनपद फतेहपुर द्वारा वाहन रोकते समय जान से मारने की नीयत से मोटर साइकिल उनके ऊपर चढ़ाकर उन्हे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा को तत्काल निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हथगांव ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा को मृत घोषित कर दिया गया।

**गौतमबुद्ध नगर** में थाना दादरी पर नियुक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस कादिर खां 17 जुलाई को 2022 को हत्या के एक मुकदमे में छानबीन के के लिए मेरठ रवाना हुए थे। मेरठ जाते समय दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेन्स-108 से सुभारती अस्पताल मेरठ ले जाया गया। जहां डाक्टरों द्वारा उपनिरीक्षक कादिर खां को मृत घोषित कर दिया गया। **प्रयागराज** के थाना सरायइनायत में तैनात मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे 17 जनवरी 2022 को यातायात व शांति व्यवस्था ड्यूटी में सहसों चौराहे पर तैनात थे। इस दौरान मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे को पिकप वाहन द्वारा टक्कर मार दी गयी। मुख्य आरक्षी को तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज ले जाया गया जहां डाक्टरों द्वारा इलाज के दौरान उन्हे मृत घोषित कर दिया गया।

**गौतमबुद्धनगर** में तैनात आरक्षी सर्वेश कुमार की ड्यूटी यातायात व्यवस्था के लिए कन्टेनर डिपो पर लगी थी।।यातायात निरीक्षक राम सिंह द्वारा जरिए दूरभाष सूचना दी गयी कि आरक्षी सर्वेश कुमार को मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जाते समय ट्रक कन्टेनर द्वारा टक्कर मार दी गयी। स्थानीय नागरिकों द्वारा पुलिस व यातायात पुलिस की सहायता से उन्हें नजदीकी कैलाश हास्पिटल ग्रेटर नोयडा लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद आरक्षी सर्वेश कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। **मुजफ्फरनगर** में 28 दिसंबर 2021 को आरक्षी सुमित कुमार को वांछित अभियुक्तों देवा मलिक व रजनीश तोमर की तलाश में करनाल, हरियाणा में उपनिरीक्षक अनिल कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ दबिश के लिए भेजा गया। अभियुक्तों को पुलिस की भनक लगते ही वे कार से ग्राम जडौली से ग्राम मोदीपुर करनाल की तरफ भागे। उनकी कार का पुलिस द्वारा पीछा किया गया। इसी दौरान अचानक गाड़ी सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हमराही मुख्य आरक्षी सोनवीर, आरक्षी राहुल कुमार, सुनील कुमार, दीपक कुमार, देवेन्द्र व आरक्षी सुमित कुमार घायल हो गए। घायल आरक्षी राहुल कुमार एवं आरक्षी सुमित कुमार की हालत गम्भीर होने के कारण उन्हे स्थानीय लोगो की मदद से अमृतधारा माई हास्पिटल आईटीआई क्रासिंग करनाल, हरियाणा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा आरक्षी सुमित कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। **गाजियाबाद** में आरक्षी ललित कुमार की ड्यूटी 27 जनवरी 2022 को यातायात व्यवस्था में छिजारसी/कानूनी यू-टर्न पर लगाई गई थी। कंट्रोल रूम द्वारा सूचना मिली कि चिरंजीव बिहार-डी ब्लाक शास्त्रीनगर कट पर बुलेट मोटर साइकिल को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई है। सूचना पर पीआरवी घटनास्थल पर पहुंची व घायल आरक्षी ललित कुमार को पीआरवी कर्मियों द्वारा यशोदा अस्पताल नेहरूनगर ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा परीक्षणोंपरान्त आरक्षी ललित कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।

**बागपत** में नियुक्त आरक्षी मनीष कुमार 14 अक्टूबर 2021 को एमबी एक्ट के एक मुकदमे में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम बागपत द्वारा निर्गत सम्मन हरिओम शर्मा पुत्र देवीराम शर्मा निवासी अमर माया इन्क्लेव चांदपुर रोड, बुलन्दशहर पर तामीला कराने के लिए बुलन्दशहर गए थे। पिलखुआ में विभोर पब्लिक स्कूल के सामने ओवरब्रिज पर रोडवेज बस से उनका एक्सीडेन्ट हो गया।

## नाबालिग के अपहरण में चार साल की सजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फास्ट** ट्रैक कोर्ट के विशेष जज विनय सिंह ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के मामले में मुल्जिम अरुण को पांच साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर दो हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील सीमा सिंह व नरेंद्र कुमार के मुताबिक 11 सितंबरए 2017 को पीड़िता दवा लेने गई थी लेकिन घर वापस नहीं आई। इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना मोहनलालगंज में दर्ज कराई थी।

## लखनऊ में डेंगू के 34 नए रोगी मिले, 27 घरों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



लखनऊ जनपद में लगातार डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को 34 नए रोगी सामने आये हैं। वहीं आज स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लगभग 1509 घरों एवं आसपास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान 27 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस भी जारी किया गया।

जिन इलाकों में डेंगू के नए रोगियों की पुष्टि हुई है, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत इन्दिरानगर में 3, चिनहट में 3, एनके रोड इलाके में 4, चन्दरनगर में 6, टूडियागंज में 4, अलीगंज में 7, सिल्वर जुबली में 4, सरोजनीनगर में 3 केस पाए गए। आज अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के गुलिस्ता कालोनी, राजभवन कालोनी एवं जलालपुर फाटक चौकी एवं विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। दूसरी तरफ आज विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत राज्य स्तर से नामित पर्यवेक्षक डा इरफान वजीह, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा जनपद के गोसाईगंज सीएचसी एवं स्वास्थ्य केन्द्र शिवलर तथा चिनहट सीएचसी एवं ग्राम नरेन्दी का भ्रमण किया गया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान कई घरों में सम्पर्क किया गया तथा क्षेत्रीय एएनएम एवं आशा से भी फीडबैक लिया गया। भ्रमण के दौरान डा विमल कुमार बैसवार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा सोमनाथ उप मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बार्न एवं योगेश चन्द्र रघुवंशी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी उपस्थित थे।

# बोले ग्रामीण, अगर नहीं सुनेंगे मांग, तो पैदल करेंगे राजभवन तक मार्च

- डिप्टी सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं बना पुल, भूख हड़ताल पर ग्रामीण, प्रशासन अंजान
- पुल का निर्माण न होने से हजारों की आबादी होती है प्रभावित




संवाददाता। सीतापुर

**सरकार शासन** प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का हाल देखिए विधानसभा चुनाव के पूर्व एक पुल बनवाएं जाने को लेकर सीतापुर के ग्रामीणों ने धरना दिया, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आगे आए बात सरकार तक पहुंचाए, सीतापुर आए डिप्टी सीएम और तब के लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कार्यक्रम में पुल बनाने की घोषणा कर दी, शासन ने आनन-फानन कुछ सामान भी पुल बनाए जाने वाले स्थान पर गिरा दिया, प्रशासन ने आनन-फानन भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों को आश्वासन देकर उठा दिया। चुनाव खत्म हुआ, पुनः बीजेपी की सरकार आ गई। मगर पुल बनवाए जाने की बात भूल गई। हम बात कर रहे है सीतापुर मुख्यालय से महज 12 किलो मीटर हुसैनपुर घाट की। यहां के बारे में और अधिक जानकारी दे इससे पहले आईए 21 अगस्त 2021 को सीतापुर आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने एक कार्यक्रम में हुसैनपुर घाट का पुल बनवाए जाने की घोषणा कर कितनी तालियां बटोरी थी। बताते चलें कि पुल के एक तरफ का इलाका सदर विधानसभा क्षेत्र और सीतापुर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जबकि दूसरी तरफ का इलाका मिश्रिख विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। मिश्रिख से भाजपा विधायक रामकृष्ण ने पुल बनवाए जाने को लेकर जो प्रयास किए थे उसको उन्होंने आई इंडिया से इस तरह बंया किया था। बात विधानसभा चुनाव से पूर्व की हैं, डिप्टी सीएम और उस समय के लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हुसैनपुर का पुल बनवाए जाने की कार्यक्रम में घोषणा की थी। आनन फानन लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता आर.के. हरदहा ने अधीक्षण अभियंता सीतापुर खीरी को पत्र जारी कर हुसैनपुर घाट पर पान्टून सेतु का निर्माण कराए जाने के लिए 80 लाख 10 हजार की धनराशि भी स्वीकृति कर दी थी। इसके बाद मौके पर पुल निर्माण की सामग्री भी गिरा दी गई थी। लोगो में उम्मीद जगी थी कि अब योगी सरकार पुल बनवा देगी। चुनाव में इलाके के लोगो ने भाजपा को जिताने का भी काम किया। लेकिन पुल बनवाने का काम सरकार ने पूरा नहीं किया। आसपास के दो दर्जन से ऊपर गांव के लोगो ने आने-जाने के लिए लकड़ी का एक जुगाड़ का पुल बनाया था, पिछले बीस दिनों से नदी का जलस्तर बढ़ने से वह भी डूब गया है, जिससे आवागमन ठप्प हो गया है, बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। खेती किसानी प्रभावित हो गई है, ग्रामीणों को 12 किलो मीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। हर किसी से फरियाद करने के बाद निराश ग्रामीण फिर एक बार भूख हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर चुके है। पिछले दो दिनों से पांच ग्रामीण विकास भवन के सामने भूख हड़ताल पर बैठे है और ऐलान कर रहे है कि यदि उनकी मांग नहीं गई तो वह राजभवन तक पैदल मार्च करेगें। हुसैनपुर घाट पुल के इस पार के गांव बाराभारी, लालपुर, उनसिया, मुंशीपुरवा, घेढूराई, कैथाभारी, धरैंचा, कैमहरा, खुरैंटा, कोलिया, ककरहिया, रमुआपुर और उस पार के गांव सेनपुर, गुरैनी, रामनगर, अंधपुर, धराली, मिरचौड़ी, गुजरापुर, बेलंदापुर, मदनापुर, जमलापुर, कुसलापुर, बंतलिया, हरिपालपुर, नैतापुर, बड़ैला, सूरजपुर, गढ़ीसेनपुर, कुम्हारनपुरवा, दलेनगर, शंभूपुरवा, उमरापुर, मंसूरनगर, बेनागंज, बनियामऊ गांवो की हजारों की आबादी को 12 किलो मीटर घूमकर आना जाना पड़ रहा है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने तीन और सपा ने सात नेताओं को बनाया स्टार प्रचारक

**सीतापुर**। गोला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के 40 स्टार प्रचारक के जवाब में सपा ने 39 स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया है, जिनमें से सीतापुर कई सांसदो, मंत्रियों, विधायको व पूर्व विधायकों को स्टार प्रचार बनाया गया है। भाजपा ने सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा, राज्यमंत्री सुरेश राही, राकेश राठौर गुरू को स्टार प्रचारक बनाया है। वहीं सपा ने पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा, रामपाल राजवंशी, सपा के एमएलसी जासमीर अंसारी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, राकेश राठौर, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया को स्टार प्रचार बनाया है। गोला विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और सपा ने स्टार प्रचार बनाकर सीतापुर के 3 नेताओं को भाजपा ने तो सपा ने 7 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है। वहीं भाजपा ने अरविन्द गिरि के बेटे अमन गिरि को प्रत्याशी बनाया है तो सपा ने पूर्व विधायक विनय तिवारी पर फिर एक बार विश्वास जताया है। गोला चुनाव में योगी दहाड़ेगें तो वहीं आजम भी ललकारने जाएंगे।

### सियार के हमले से घायल बुजुर्ग की मौत

**बरेली** । खेत पर मौजूद एक बुजुर्ग पर सियार ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव भूगुल पुर निवासी 55 वर्षीय सोमपाल पुत्र पुरुषोत्तम कि बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल साइकिल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सोमपाल लगभग 1 माह पूर्व अपने धान के खेत पर गया था कि यहां पर अचानक एक जंगली सियार ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसके चीखने की आवाज सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे हैं लोग मौके पर पहुंचे और सियार को भगा दिया घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घरवाले सोमवार को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां लगभग एक माह तक चले रात के बाद बीती रात जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई अस्पताल पहुंचते भी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की पत्नी का नाम शकुंतला है ।

### बंदरों ने दीवार गिराई, महिला घायल

**बरेली** । मकान की छत पर झगड़ा कर रहे बंदरों ने मकान की दीवार नीचे गिरा दी जिससे पड़ोस में रहने वाली बुजुर्ग महिला घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला मलूकपुर निवासी 60 वर्षीय शाहिदा को आज सुबह तड़के घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताए कि शाहिदा आज अपने घर के आंगन में बर्तन साफकर रही थी इसी दौरान पड़ोसी के मकान की छत पर लड़ रहे बंदरों ने दीवार गिरा दी दीवार शाहिदा के ऊपर गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई घर के लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत खतरे में बताई जाती है ।

### पागल कुत्ते ने किया बच्चे पर हमला, हालत गंभीर

**बरेली** । सड़क पर जा रहे एक बच्चे पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव दमखोदा निवासी मोहम्मद जहीर के 3 वर्षीय बेटे जोहिल को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि जोहिल आज दोपहर घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक दुकान पर खाने के लिए सामान खरीदने गया था लेकिन रास्ते में ही गांव में ही घूम रहे एक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और जमीन पर गिरा कर उसके चेहरे पर बुरी तरह हमला किया जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते को भगा दिया लेकिन तब तक बच्चे का चेहरा और हाथ बुरी तरह घायल हो चुके थे घरवालों से पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन हालत नाजुक देखकर वह उसे जिला अस्पताल लाए उसकी हालत नाजुक बनी हुई है

### बुजुर्ग महिला ने की एसएसपी से एलईडी ठीक करवाने की मांग

**बरेली** ।दुकानदार द्वारा वायदे के अनुसार एलईडी ठीक ना करने पर नाराज एक बुजुर्ग महिला ने आज एसएसपी से एलईडी ठीक कराने की मांग की । फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी बुजुर्ग महिला आज एसएसपी से शिकायत करने पहुंची उसने बताया कि 5 माह पूर्व उसने अपनी बेटी का विवाह किया था बेटी को देने के लिए उसने फरीदपुर के एक दुकानदार से एलईडी खरीदी थी दुकानदार ने 1 साल तक एलईडी की वारंटी दी थी लेकिन कुछ दिन पूर्व एलईडी खराब हो गई तब वह दुकानदार के पास पहुंची और वारंटी के समय में एलईडी खराब होने की शिकायत करते हुए उसे ठीक करने को कहा लेकिन दुकानदार ने उसके साथ अभद्रता की और एलईडी ठीक करने से इंकार कर दिया।

# पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर न्यायालय ने जारी किया रिकवरी वारंट

संवाददाता। बरेली

**पत्नी को गुजारा** भत्ता ना देने पर न्यायालय ने जारी किया रिकवरी वारंट, जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर न्यायालय द्वारा रिकवरीध् गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, पुलिस ने आरोपी युवक को आज गिरफ्तार कर लिया, और आरोपी से 44 हजार रुपये गुजारे भत्ते की रकम जमा कराने के बाद ही थाने से रिहा किया गया ।बताते चलें कि शीशगढ़ निवासी श्रीमती फराह नूरी की शादी शीशगढ़ के ही तहजीब अहमद के साथ हुई थी, लेकिन पति पत्नी में अनबन होने से बौखलाये पति ने दूसरी शादी रचा ली थी, पत्नी फराह ने गुजारा भत्ता दिए जाने हेतु न्यायालय में वाद दायर कर दिया था, न्यायालय ने पत्नी के गुजारे के लिये 4 हजार रुपया प्रति माह भत्ता दिये जाने का आदेश पारित किया था, लेकिन चालाक पति ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करके गुजारा भत्ता जमा नही किया, पत्नी ने फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायालय ने रिकबरी धिगरफ्तारी वारंट जारी करके थाना शीशगढ़ को भेज दिया, पुलिस ने आज आरोपी तहजीब को गिरफ्तार कर लिया, और जेल जाने के भय से तहजीब को 11 माह का गुजारा भत्ता 44 हजार रुपये एक मुश्त थाने में जमा करना पड़ा, तब पुलिस ने आरोपी की थाने से रिहा किया, यह बात आज कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही, अब तक पति अपनी दूसरी पत्नी के साथ गुलछर्रे उड़ा रहा था, लेकिन अब गुजारा भत्ता दिए जाने के न्यायालय के आदेश की सूचना मिलते ही आरोपी पति की नींद उड़ गयी ।

## प्रधानी की रंजिश को लेकर मारपीट

**बरेली** । थाना सिरौली क्षेत्र में प्रधानी की रंजिश को लेकर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक पक्ष ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।थाना सिरौली क्षेत्र के गांव शाहपुरा निवासी महिला ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की है कि उसके गांव का प्रधानी का चुनाव पूर्व प्रधान रामवीर सिंह उर्फ बड्डे और मौजूदा ग्राम प्रधान गौरव पांडे पुत्र सुरेश पांडे के बीच हुआ था। इस चुनाव में पीड़ितों ने रामवीर सिंह को वोट दिया था और वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद गौरव पांडे उन लोगों से रंजिश मानने लगे। इसी को लेकर 16 अक्टूबर को दोपहर 1रू30 बजे वीरता के घर लाठी डंडे लेकर पहुंच गए और गंदी गंदी गालियां देने लगे आरोप है कि गौरव पांडे और उसके साथी कहने लगे कि तुमने हमें वोट नहीं दिया है अब तुम्हें हम पिटेंगे। आरोप है कि इसके बाद विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी और उनकी पुत्रवधू के साथ छेड़छाड़ भी की। इस घटना की तहरीर थाना सिरौली में जा कर दी गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने दोबारा 17 अक्टूबर को सुबह 10. 00 बजे घर पर पहुंचकर गंदी गंदी गालियां देते हुए कहा कि थाने जाकर तुमने हमारा क्या करा लिया। पुलिस हमारे खिलाफ नहीं जा सकती।इस घटना के बाद पीड़ितों ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है और यह भी कहा है कि यदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी कोई अप्रिय घटना उनके साथ घटित हो सकती है।

# प्रेमसागर पांडेय बने जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन



संवाददाता। सीतापुर

**जिला सहकारी** बैंक सीतापुर के चेयरमैन पद पर भाजपा के प्रेमसागर पांडेय को निर्विरोध विजयी हुए। निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, धौरहरा सांसद रेखा वर्मा, मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर, एमएलसी पवन सिंह चौहान, राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरू, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव, महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी, बिसवां निर्मल वर्मा, सिधौली मनीष रावत, मुनीन्द्र अवस्थी, महामंत्री रमाकान्त मिश्रा, उपेन्द्र शुक्ला, अभिषेक पांडेय, रोहित सिंह, भाष्कर मिश्रा, विश्राम सागर राठौर अंजनी शुक्ला आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

प्रेमसागर पांडेय मछरेहटा से तीन बार के मंडल अध्यक्ष भी रह चुके है, वह मछरेहटा के रामनगर गांव के रहने वाले हैं, भाजपा में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन के लिए प्रेमसागर पांडेय ने कार्य भी किया है। बता दें कि इस पद पर चन्द्रभाल वर्मा थे जिनके निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था।

# विकास कार्यों में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार और गोलमाल

संवाददाता । बेहजम-खीरी



**ब्लॉक** बेहजम की क्षेत्र पंचायत निधि से ग्राम पंचायत रायपुर ताजपुर से बिलोचापुर तक खडंजा निर्माण कार्य में कराया जा रहा है जिसमें ब्लाक प्रमुख बीना राज के संरक्षण में हो रहा खंड़जे में पीला ईंटों का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है और ईंटों की गुणवत्ता सही न होने से गांव वालों ने इसकी शिकायत भी अधिकारियों से की है लेकिन सरकारी धन का आपस में बंदरबांट के चलते जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र पंचायत में लगाए जा रहे खड़ंजे में पीला ईट का धड़ल्ले से किया जा रहा उपयोग।

वहीं ब्लॉक प्रमुख पति रामशंकर राज रामू के संरक्षण व अवर अभियंता सुरेंद्र वर्मा की लचर कार्यशैली के चलते दबंग ठेकेदार के द्वारा खड़ंजा निर्माण में प्रथम ईटा के बजाय पीला ईंट लगवाया जा रहा है। 'योगी सरकार में जमकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं बड़े पदों पर विराजमान जनप्रतिनिधि और सरकार की फजीहत कराने पर तुले हैं दूसरे दल से आये सत्ता पक्ष की मलाई खाने उतरे हैं क्षेत्रीय नेता और उनके साथ में लगे हैं। दर्जनों चमचे जो सरकार की योजनाओं को खुलेआम पलीता लगा रहे हैं। क्षेत्र पंचायत की लाखों रुपए की विकास निधि का खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख के द्वारा मिलकर बंदरबांट कर सरकारी धन का गोलमाल किया जा रहा है। जिले के अधिकारी भी जान कर अनजान बने हुए हैं।

## विस्फोटक सामग्री सहित दो गिरफ्तार

**मैलानी-खीरी**। एसपी, एएसपी व सीओ गोला के निर्देशन मे आगामी आने त्यौहार दीपावली पर दृष्टिगत पटाखा बनाने व बिक्री व सत्यापन पर सम्पूर्ण जनपद मे चलाये जा रहै रोकथाम अभियान के चलते मैलानी थानाध्यक्ष राहुल सिह गौर उप निरिक्षक प्रवीण कुमार व आरक्षी आरिफ चालक मुख्य आरक्षी जय प्रकाश राय आरक्षी सौरभ चौधरी महिला आरक्षी दीप्ति चौधरी ने मैलानी निवासी आदिल पुत्र यासीन व अलतमस पुत्र जाकिर निवासी गण वार्ड नं 01कस्बा व थाना मैलानी जिला खीरी को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से पुलिस ने 53,4 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ 20प्लास्टिक वोरियो मे तिकोना पटाखा प्रति वोरी मे 400 पीस तीन वोरी मस्ताब क्रमशः 500,500,200 पीस दो वोरी अनार 40व 50पीस एक वोरी मे 200पीस खाली अनार एक वोरी मे खाली मस्ताब 1000पीस बरामद किए पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# भाजपा के विजय संकल्प युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी





**विकास** खंड कुम्भी अमीरनगर के राजू बेग इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के विजय संकल्प युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद (कैबिनेट मंत्री)प्रदेश भाजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री कुलभूषण, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, ज़िला प्रभारी शंकरलाल लोधी,जिलाध्यक्ष राम पांडेय, मंड़ल अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रभारी जुबेर खान, इंद्रजीत सिंह लाडी, कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल, शशांक वर्मा विधायक निघासन योगेश वर्मा विधायक लखीमपुर सदर, गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, सुरजनलाल वर्मा (पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक) व रमेश पांडे आदि नागरिक उपस्थित रहे।

# बड़े पैमाने पर चल रहा मिलावटखोरी का खेल

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**नगर से लेकर** ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मिलावट का खेल खेला जा रहा है। फूड इंस्पेक्टर सहित अन्य इस पर आंख बंद कर यह तमाशा और मिलावटखोरो को खुली छूट दे रखी हैं। वही ऐ भी जानकारी मिली है कि जो खाद्य विभाग के अधिकारी के जो प्राइवेट चेले हर क्षेत्र में तैनात रहते हैं वह खाद्य सामग्री से लेकर मिठाई, दूध सहित अन्य संचालित लघु उद्योगों से वसूली का काम बेखौफ होकर करते नजर आते हैं। दीपावली जैसे त्योहारों पर बड़े पैमाने पर नकली खोया बाजारों को देखने को मिल रहा है और इन खोयो के माध्यम से मिठाई भी बनाई जा रही है। देखने में आया है अभी तक किसी भी मिठाई की दुकान पर अभी तक कोई भी सैंपल किसी भी फूड इंस्पेक्टर ने भरने की कोशिश नहीं की। सूत्रों की माने तो मोहम्मदी में नकली कडुआ तेल का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, परंतु जिस हौसला और हिम्मत के साथ यह व्यापारी आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उससे साफ जाहिर होता है कि इनको पूर्ण रूप से कहीं न कहीं किसी का संरक्षण प्राप्त है।

आज मोहम्मदी और बरवर में फूड इंस्पेक्टर आने की जानकारी हुई तो आनन फानन में सभी दुकानों के चैनल फटाफट बंद हो गए और साहब बैरग चलते बने। सूत्रों की मानें कि अब उनके चेले दुकानों पर जाकर सेपल न भरने की बात कर अपनी जेबे भरने का काम करेंगे।

वहीं अधिकांश दूघ भी मिलावटी आम जनता लेने को मजबूर है। जानकारी मिली है कि अधिकांश दूधियों का इन चेलों से महीना बंधा है। कहने का तात्पर्य है कि तुम कहां-कहां पानी पियो जब सब ही कुओं में भांग पड़ी।

# पेज एक का शेष

## आतंकवाद, ड्रग...

होती है। इस बैठक में इंटरपोल के कामकाज की समीक्षा की जाती है और महत्वपूर्ण फैसले भी लिए जाते हैं। बैठक में वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। भारत में इंटरपोल महासभा की बैठक 25 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है। पिछली बार भारत में यह महासभा 1997 में हुई थी। भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस बार की महासभा का आयोजन नई दिल्ली में करने का विशेष मौका दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंटरपोल से भगोड़े अपराधियों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) में तेजी लाने का आग्रह किया ताकि आतंकवादियों, भ्रष्टाचारियों और अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करने में मदद मिल सके। इंटरपोल द्वारा आरसीएन किसी भगोड़े अपराधी का पता लगाने के लिए जारी किया जाता है जो उस देश से भाग गया हो जहां वह वांछित है।

## नोएडा में...

जाम लगा दिया। एसीपी रजनीश वर्मा, थाना सेक्टर-39 प्रभारी राजीव बालियान सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सेक्टर 39 के थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि कुत्तों ने बच्चे के शरीर को पूरी तरह से नोच दिया था। सोमवार रात करीब 11 बजे अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई और देर रात करीब तीन बजे पुलिस ने मामला दर्ज किया। यहां पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश को लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। सोसायटी में रहने वाले लोग नोएडा प्राधिकरण से आवारा कुत्तों को लेकर ठोस नीति बनाने की मांग कर रहे थे, ताकि दोबारा इस प्रकार की घटनाएं न हों। सोसायटी के लगभग 200 निवासियों ने हस्ताक्षर कर अपनी शिकायत पुलिस व प्राधिकरण को सौंपी है। सोसाइटी के अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन (एओए) के उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव ने कहा कि सोसायटी के लोग कुत्तों से परेशान हैं।

## केदारनाथ में...

जताया है। मुर्मू ने ट्वीट किया, केदारनाथ धाम के पास हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पायलट सहित कई तीर्थयात्रियों के निधन का समाचार बहुत दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। मोदी के हवाले से उनके कार्यालय ने ट्वीट किया, उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। सिंधिया ने कहा कि उनका मंत्रालय स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हम नुकसान की भयावहता का पता लगाने के लिए राज्य सरकार के संपर्क में हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया है तथा घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव सी रविशंकर ने बताया कि हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर आर्यन एविएशन द्वारा संचालित किया जा रहा था। नागर विमानन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक सूचना के मुताबिक बेल 407 हेलीकॉप्टर वीटी-आरपीएन केदारनाथ से लौट रहा था और संभवतः खराब मौसम की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

## आईआरसीटीसी घोटाला...

पर असर पड़ता हो। यादव ने दलील दी कि उन्होंने पहले दी गई जमानत में निर्धारित किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

## जम्मू-कश्मीर...

गोली मारकर हत्या कर दी थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी), कश्मीर, विजय कुमार ने बताया कि ग्रेनेड फेंकने वाले लश्कर-ए-तैयबा के हाईब्रिड आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके मुताबिक, एक और व्यक्ति को पकड़ा गया है जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन के लिए काम करता है। हाईब्रिड आतंकवादी कट्टर युवा होते हैं जो इस तरह के हमले करते हैं और फिर अपनी आम जिंदगी में लौट जाते हैं। शोपियां में मीडिया से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि हत्याओं के बारे में दुर्भाग्यपूर्ण खबर आने के तुरंत बाद छापे मारे गए थे और हमने जघन्य अपराध में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। उन्होंने कहा, इस हमले में शामिल लश्कर-ए-तैयबा के आंतकी को हम जल्द से जल्द मार गिराएंगे।

## आयोग ने...

समिति की रिपोर्ट पर असहमति जताने पर विचार करते हुए यह फैसला लिया गया है कि कानूनी सलाह लेने के बाद, कुछ लोगों के खिलाफ की गई सिफारिश के आधार पर उपयुक्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। आयोग ने तत्कालीन मुख्य सचिव आर. मोहन राव और दो चिकित्सकों के खिलाफ जांच की सिफारिश की है, हालांकि इसने यह स्पष्ट नहीं किया है कि उसने इन लोगों की गलती पाई है या नहीं। इसने कहा कि सरकार उस निजी अस्पताल के प्रमुख के खिलाफ जांच के बारे में फैसला कर सकती है, जहां जयललिता का इलाज चला था। जांच आयोग के अधिकार क्षेत्र में जयललिता के 22 सितंबर 2016 को अस्पताल में भर्ती होने के लिए जिम्मेदार परिस्थिति एवं स्थिति और पांच दिसंबर 2016 को उनकी मृत्यु होने तक उनके उपचार की जांच करना शामिल था। अन्नाद्रमुक की दिवंगत प्रमुख के अस्पताल में भर्ती होने के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों पर आयोग ने कहा है, उसने शशिकला सहित अन्य लोगों के व्यवहार में कुछ भी असमान्य या अस्वाभाविक नहीं पाया। इसने कहा कि जयललिता को बगैर विलंब किए अपोलो अस्पताल लेने जाने में पूरी सावधानी बरती गई। आयोग ने विचारार्थ विषयों के अन्य पहलू पर, शशिकला सहित अन्य लोगों को दोषारोपित किया है।

## दीपावली पर...

(जुलाई-जून) और विपणन सत्र 2023-24 में छह रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी है। फसल वर्ष 2022-23 के लिए गेहूं का एमएसपी 110 रुपए बढ़ाकर 2,125 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो फसल वर्ष 2021-22 में 2,015 रुपए प्रति क्विंटल था। बयान में कहा गया है कि गेहूं की उत्पादन लागत 1,065 रुपए प्रति क्विंटल रहने का अनुमान है। मसूर के एमएसपी में 500 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों के एमएसपी में 400 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया को बताया कि सरकार ने गेहूं और सरसों के लिए उत्पादन लागत पर 100 प्रतिशत प्रतिफल सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि अन्य चार रबी फसलों के लिए प्रतिफल, उत्पादन लागत के मुकाबले 50 से 85 प्रतिशत तक अधिक है। यह पूछने पर कि क्या रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ेगी, मंत्री ने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत में मुद्रास्फीति काबू में है। फसल वर्ष 2022-23 के लिए जौ का समर्थन मूल्य 100 रुपए बढ़ाकर 1,735 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले वर्ष 1,635 रुपए प्रति क्विंटल था।

## तमिलनाडु विधानसभा...

है। यह सिफारिश तत्कालीन प्रधानमंत्री (जवाहरलाल नेहरू) द्वारा गैर हिंदी भाषी राज्यों से किए गए वादों के भी उलट है। साथ ही, यह (सिफारिश) आधिकारिक भाषा पर 1968 और 1976 में पारित प्रस्तावों के जरिए अंग्रेजी के उपयोग को आधिकारिक भाषा के रूप में सुनिश्चित किए जाने के खिलाफ है। विधानसभा ने मंगलवार को प्रस्ताव आम सहमति से पारित किया। अन्नाद्रमुक नेता ओ. पनीरसेल्वम ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य में दो भाषा (तमिल और अंग्रेजी) की नीति का समर्थन किया है।

## मिलिए हेलीकॉप्टर...

कहा कि पूरी दुनिया से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों ने उसके क्रिकेटिंग हुनर की सराहना की है।' वीडियो के वायरल होने के साथ केंद्र शासित लद्दाख प्रशासन के यूथ सर्विसेज एंड स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने न केवल मकसूमा बल्कि उसकी टीम और पूरे स्कूल को सहयोग करने का फैसला किया है। भारतीय सेना मे पोर्टर मकसूमा के पिता ने कहा कि हम अपनी बेटी के सपनों को साकार करने के लिए हरसंभव मदद कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में सुविधाओं की कमी पर निराशा जताई। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट यूथ सर्विसेज एंड स्पोर्ट्स ऑफिसर आबिद अली ने मकसूमा को क्रिकेट किट उपहार में दिया। समर्थन और भविष्य में उसकी सफलता के लिए शुभेच्छा देने वालों का आभार प्रकट करते हुए एक वीडियो संदेश में मकसूमा ने कहा ' शुरू में घर पर अपने पिता को क्रिकेट खेलते हुए देखने के बाद मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। स्कूल में हम विभिन्न खेल खेलते हैं। मुझे क्रिकेट खेलना पसंद है और कुछ लड़कियां भी मेरे साथ खेलती हैं। मैं विराट कोहली की तरह खेलना चाहती हूं।

# जजों की नियुक्ति सरकार का काम

**भाषा।** अहमदाबाद



● संविधान की भावना भी यही है : रीजीजू

● देश के लोग कॉलेजियम प्रणाली से खुश नहीं है

**केंद्रीय विधि** और न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि देश के लोग कॉलेजियम प्रणाली से खुश नहीं हैं और संविधान की भावना के मुताबिक न्यायाधीशों की नियुक्ति करना सरकार का काम है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुखपत्र माने जाने वाले पांचजन्य की ओर से सोमवार को यहां आयोजित साबरमती संवाद में रीजीजू ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आधे समय न्यायाधीश नियुक्तियों को तय करने में व्यस्त होते हैं, जिसके कारण न्याय देने का उनका प्राथमिक काम प्रभावित होता है।

मंत्री की यह टिप्पणी पिछले महीने उदयपुर में एक सम्मेलन में उनके बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उच्चतम न्यायालय में नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर एक सवाल के जवाब में रीजीजू ने कहा, 1993 तक भारत में प्रत्एक न्यायाधीश को भारत के प्रधान न्यायाधीश के परामर्श से कानून मंत्रालय द्वारा नियुक्त किया जाता था। उस समय हमारे पास बहुत प्रख्यात न्यायाधीश थे। उन्होंने कहा, संविधान इसके बारे में स्पष्ट है। संविधान कहता है कि भारत के राष्ट्रपति न्यायाधीशों की नियुक्ति करेंगे, इसका मतलब है कि कानून मंत्रालय भारत के प्रधान न्यायाधीश के परामर्श से न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगा। कॉलेजियम प्रणाली से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 1993 तक सारे न्यायाधीशों की नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश के साथ विमर्श कर सरकार ही करती थी।उच्चतम न्यायाल कॉलेजियम की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश करते हैं और इसमें अदालत के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।हालांकि, सरकार कॉलेजियम की सिफारिशों के संबंध में आपत्तियां उठा सकती है या स्पष्टीकरण मांग सकती है, लेकिन अगर पांच सदस्ईय निकाय उन्हें दोहराता है तो नामों को मंजूरी देना प्रक्रिया के तहत बाध्यकारी होता है। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि देश के लोग न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली से खुश नहीं हैं। अगर हम संविधान की भावना से चलते हैं तो न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार का काम है। उन्होंने कहा, संविधान की भावना को देखा जाए तो न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार का ही काम है। दुनिया में कहीं भी न्यायाधीशों की नियुक्ति न्यायाधीश बिरादरी नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, देश का कानून मंत्री होने के नाते मैंने देखा है कि न्यायाधीशों का आधा समय और दिमाग यह तय करने में लगा रहता है कि अगला न्यायाधीश कौन होगा। मूल रूप से न्यायाधीशों का काम लोगों को न्याय देना है, जो इस व्यवस्था की वजह से बाधित होता है। रीजीजू ने कहा कि जिस प्रकार मीडिया पर निगरानी के लिए भारतीय प्रेस परिषद है, ठीक उसी प्रकार न्यायपालिका पर निगरानी की एक व्यवस्था होनी चाहिए और इसकी पहल खुद न्यायपालिका ही करे तो देश के लिए अच्छा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में कार्यपालिका और विधायिका पर निगरानी की व्यवस्था मौजूद है, लेकिन न्यायपालिका के भीतर ऐसा कोई तंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों की चयन प्रक्रिया में कई बार गुटबाजी तक हो जाती है और यह बहुत ही जटिल है, पारदर्शी नहीं है। न्यायिक सक्रियता (ज्यूडिशियल एक्टिविज्म) से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका अगर अपने-अपने दायरे में रहें और अपने काम में ही ध्यान लगाए तो फिर यह समस्या नहीं आएगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारी कार्यपालिका और विधायिका अपने दायरे में बिल्कुल बंधे हुए हैं। अगर वे इधर-उधर भटकते हैं तो न्यायपालिका उन्हें सुधारती है। समस्या यह है कि जब न्यायपालिका भटकती है, उसको सुधारने का व्यवस्था नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह न्यायपालिका को कोई आदेश नहीं दे सकते हैं, लेकिन उसे सतर्क जरूर कर सकते हैं क्योंकि वह भी लोकतंत्र का हिस्सा है और लाइव स्ट्रीमिंग (इंटरनेट के माध्यम से कार्यवाही के सीधे प्रसारण) व सोशल मीडिया के जमाने में वह भी जनता की नजर में है। उन्होंने कहा, इसलिए आपका भी व्यवहार अनुकूल हो... जैसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाकियों का होता है। लोग आपको भी देख रहे हैं... आप अपने लिए सेल्फ रेगुलेटिंग मेकैनिज्म (स्व-विनियमन तंत्र) बनाएं तो यह देश के लिए अच्छा होगा। उन्होंने उदाहरण दिया कि संसद का कोई सदस्य अगर आपत्तिजनक शब्दों या भाषा का इस्तेमाल करता है तो उस पर लगाम लगाने के प्रावधान हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री से लेकर नीचे तक के लोग नियमों से बंधे होते हैं।उन्होंने कहा, लेकिन लोकतंत्र में यह नियम हमारे न्यायपालिका में भी होना चाहिए...कोई इन हाउस मैकेनिज्म बनाया जाए न्यायपालिका के अंदर ही हो और इसे वे ही इसको विनियमित करे तो यह सबसे अच्छा और उपयोगी होगा। ना कि हम कोई कानून बनाएं। रीजीजू ने कहा कि अदालती कार्वाई के दौरान न्यायाधीश टिप्पणियां करते हैं, लेकिन उनके फैसलों में इसका जिक्र नहीं होता है।उन्होंने कहा, टिप्पणी करके न्यायाधीश अपनी सोच उजागर करते हैं और समाज में इसका विरोध भी होता है। न्यायपालिका के साथ फिर न्यायाधीशों के साथ जब भी मेरी वार्ता होती है तो मैं साफ तौर पर उनको कहता हूं कि वह अगर आदेश में टिप्पणी करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

## मध्य प्रदेश में पिकनिक के दौरान पांच बच्चों की नदी में डूबने से मौत

**कटनी ( मप्र )।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में पिकनिक के दौरान पांच बच्चों की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार शाम की है जब 13 से 15 साल के लड़के कटनी नदी किनारे गर्रा घाट पर नहाने गए थे। बचाव दल के एक अधिकारी ने कहा कि वे शायद नदी में नहाते समय डूब गए। कटनी के जिलाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने कहा कि लड़के जब घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। उन्हें घाट पर बच्चों के कपड़े मिले तो उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल के बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं।



जम्मू-कश्मीर में बच्चों ने वहां हो रही टारगेट किलिंग के खिलाफ प्रदर्शन किया

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस आज से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर

**भाषा।** मुंबई

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस मंगलवार से शुरू हुई अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा के पहले दिन मुंबई के ताजमहल पैलेस होटल में 26।11 आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देंगे। जनवरी में दूसरे कार्यकाल के शुरू होने के बाद से गुतारेस की यह पहली भारत यात्रा होगी। इससे पूर्व अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने अक्टूबर 2018 में देश का दौरा किया था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव 20 अक्टूबर को गुजरात के केवड़िया में मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट) से संबंधित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शामिल होंगे। मिशन लाइफ की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने नवंबर 2021 में ग्लासगो में सीओपी-26 के दौरान पेश की थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति द्वारा भारत में अपने दो दिवसीय सम्मेलन से करीब एक सप्ताह पूर्व उनकी भारत यात्रा हो रही है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस 18-20 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा, गुतारेस मुंबई के ताजमहल पैलेस होटल में 26।11 के आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर भारत की अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान गुतारेस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में भारत के 75 साल: संयुक्त राष्ट्र- भारत साझेदारी: दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत करना विषय पर संबोधन देंगे। मंत्रालय के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस के साथ वैश्विक चिंताओं से जुड़े मुद्दों, जी-20 की भारत की आसन्न अध्यक्षता, सुधार युक्त बहुपक्षीयता सहित संयुक्त राष्ट्र के साथ भारत के संपर्कों को मजबूत बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

मंत्रालय ने कहा, केवड़िया में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के स्ट्रैच्यू आफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए जाने की संभावना है। वह गुजरात के मोढेरा में सौर ऊर्जा से संचालित भारत के पहले गांव और मोढेरा स्थित सूर्य मंदिर भी जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### गोवा में तीन जिला पंचायत सीट के उपचुनाव में भाजपा की जीत

**पणजी।** मंगलवार को घोषित गोवा की तीन जिला पंचायत सीट के उपचुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को सफलता मिली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।दवोर्लिम, रीस मागोस और कोर्टालिम जिला परिषद के लिए रविवार को उपचुनाव हुए थे और मतगणना मंगलवार को हुई। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार भाजपा उम्मीदवार परेश नाइक (दवोर्लिम) और संदीप काशीनाथ बंदोडकर (रीस मागोस) तथा भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार मर्सियाना मेंडिस ई वाज (कोर्टालिम) को विजई घोषित किया गया। फरवरी में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए जिला पंचायत के तत्कालीन सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद उपचुनाव कराया गया।इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने जिला पंचायत उपचुनाव में पार्टी की जीत के लिए गोवा की जनता का आभार जताया। उन्होंने ट्वीट किया, जिला पंचायत चुनाव में भाजपा को चुनने के लिए मै गोवा की जनता का आभार जताता हूं। राष्ट्र की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही भाजपा की प्रगतिशील तथा विकासात्मक राजनीति में विश्वास है।

### जालंधर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जिंदा जलाया गया

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर जिले में पत्नी के मायके से वापस लौटने से इनकार करने से नाराज 30 वर्ष के एक व्यक्ति ने महिला और उसके परिवार के चार सदस्यों को तब कथित तौर पर जिंदा जला दिया, जब वे सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि परमजीत कौर पिछले विवाह से अपने दो बच्चों के साथ पांच-छह महीने से पंजाब के जालंधर जिले में स्थित अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। पुलिस ने कहा कि कुलदीप सिंह चाहता था कि परमजीत लुधियाना के खुर्शेदपुर गांव स्थित उसके घर लौट आए, लेकिन उसने वापस जाने से इनकार कर दिया, क्योंकि कुलदीप उसे और बच्चों को कथित तौर पर पीटता था। जालंधर (देहात) पुलिस अधीक्षक सतबजीत सिंह ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि सोमवार देर रात, कुलदीप और उसके दो साथियों ने सभी पांच व्यक्तियों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान परमजीत कौर, उसके पिता सुरजन सिंह, मां जोगिंद्रो और उसके दो बच्चों अर्शदीप (8) और अनमोल (5) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है और हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### अजंता की गुफा के पास जल्द शुरू होगी सितारों को देखने की परियोजना

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) ने औरंगाबाद में विश्व प्रसिद्ध अजंता की गुफा के पास अगले महीने के अंत तक तारों को देखने की परियोजना शुरू करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एमटीडीसी के प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर जायसवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि परियोजना को अजंता व्यू प्वाइंट से संचालित किया जाएगा जो रोशनी से दूर, अजंता गुफाओं की पहाड़ी का मनोरम दृश्य प्रदान करता है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह वह स्थान है जहां 28 अप्रैल, 1819 को मद्रास प्रेसीडेंसी के अधिकारी जॉन स्मिथ ने बाघ का शिकार करते समय अचानक गुफाओं की खोज की थी।जायसवाल ने कहा, यह मौसम आधारित परियोजना है क्योंकि सर्दियों में आसमान साफ होता है और अंधकार वाला क्षेत्र होने का मतलब है कि तारे स्पष्ट रूप से दिखाई देते है। यह (तारे देखना) हर शाम को अंधेरा होने के बाद शुरू होगा और इसकी अवधि दो-तीन घंटे की होगी। हमारी योजना नवंबर के अंत तक परियोजना शुरू करने की है। क्षेत्रीय प्रबंधक संजय हारने ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है और परियोजना के लिए लोगों की पहचान की जा रही है।

### राजीव गांधी हत्याकांड की जांच के लिए गठित एमडीएमए को केंद्र ने भंग किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में व्यापक साजिश की जांच के लिए गठित 24 साल पुरानी बहु-विषयक निगरानी एजेंसी (एमडीएमए) को खत्म कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एमडीएमए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तहत काम कर रही थी और इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था और लंबित जांच को सीबीआई की एक अलग इकाई को सौंप दिया गया है। एजेंसी को 1998 में एमसी जैन आयोग की सिफारिश पर दो साल के लिए स्थापित किया गया था और इसे वार्षिक विस्तार दिया गया था, लेकिन यह कोई बड़ी सफलता हासिल करने में विफल रही।पुलिस उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली एजेंसी ने बैंकिंग लेनदेन सहित मामले के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी मांगने के लिए श्रीलंका, ब्रिटेन और मलेशिया जैसे देशों को 24 अनुरोध पत्र भेजे थे।उन्होंने कहा कि इन देशों ने 20 से अधिक अनुरोधों का जवाब दिया और केवल कुछ ही शेष थे। सूत्रों ने कहा कि जांच लगभग पूरी हो चुकी है और कुछ लंबित न्यायिक अनुरोधों या एमडीएमए द्वारा भेजे गए अनुरोध पत्र के मुद्दे को अब सीबीआई देखेगी। उन्होंने कहा कि उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को सौंपे जाने से पहले शुरू में एमडीएमए संयुक्त निदेशक-स्तर के एक अधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करती थी जिसने कई देशों में साजिश के बारे में कोई चौकाने वाला खुलासा नही किया।

## कर्नाटक में हलाल उत्पादों के खिलाफ दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने शुरू किया अभियान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में दक्षिणपंथी हिंदू संगठनों ने प्रमुख हिंदू पर्व दीपावली से पहले मंगलवार को बहुराष्ट्रीय रेस्तरां श्रृंखला के बाहर प्रदर्शन कर हलाल उत्पादों के खिलाफ एक अभियान शुरू किया। इन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने केएफसी और मैकडॉनल्ड्स में प्रदर्शन किया और मांग की कि उन्हें गैर-मुसलमानों को हलाल प्रमाणित मांस नहीं परोसना चाहिए। हिंदू जनजागृति समिति के प्रवक्ता मोहन गौड़ा के अनुसार, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के अधिकांश जिलों में अभियान शुरू हो गया है और श्रीराम सेना भी इसमें शामिल हो गई है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए गौड़ा ने कहा कि अभियान शहर में मैकडॉनल्ड्स और केएफसी के सामने शुरू किया गया। उन्होंने कहा, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी केवल हलाल प्रमाणित मांस परोस रहे हैं। हलाल मांस खाने के लिए हिंदुओं को मजबूर करना हिंदू धर्म के खिलाफ है। हमने केएफसी और मैकडॉनल्ड्स प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा है कि हिंदुओं को हलाल उत्पाद न दें। ज्ञापन में चार मांगें शामिल हैं, जिसमें कहा गया है कि हिंदुओं को हलाल उत्पाद नहीं परोसा जाना चाहिए, खाने की सूची में हलाल और गैर-हलाल सामान अलग-अलग सूचीबद्ध होने चाहिए। ज्ञापन में इन मांगों को एक सप्ताह में पूरा किए जाने के लिए कहा गया है। गौड़ा ने कंपनियों को कर्नाटक भर में सभी दुकानों पर विरोध प्रदर्शन और उनकी मांग पूरी नहीं होने पर देश भर में उनके उत्पादों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

## विधायक संजय शिरसाट को एयर एंबुलेंस से मुंबई ले जाया गया

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट के विधायक संजय शिरसाट को सीने में बैचेनी और उच्च रक्तचाप की शिकायत हुई है। एक डॉक्टर ने कहा कि विधायक को स्वास्थ्य मानकों को स्थिर करने के लिए कुछ दवाएं देने के बाद उन्हें एयर एंबुलेंस के जरिए मंगलवार सुबह मुंबई ले जाया गया। औरंगाबाद पश्चिम से विधायक शिरसाट को सोमवार शाम सीने में बैचेनी और सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल के डॉक्टर उन्मेश टकलकर ने एक टीवी चैनल से कहा कि विधायक का रक्तचाप भी बढ़ा हुआ था और उन्हें कुछ दवाइयां दी गईं।डॉक्टर ने कहा कि शिरसाट की हालत स्थिर होने और बेहतर महसूस करने के बाद उन्हें मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया।

## हम श्रेणीबद्ध विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखते

● राजनाथ सिंह ने भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता में कहा

**भाषा।** गांधीनगर



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत एक ऐसी श्रेणीबद्ध व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है, जहां कुछ देशों को अन्य की तुलना में बेहतर माना जाए। यहां भारत-अफ्रीका रक्षा वार्ता में उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीकी देशों को सभी क्षेत्रों में सहयोग मुहैया करने की अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर पूरा कर रहा है। कार्यक्रम के समापन पर, प्रशिक्षण एवं सैन्य अभ्यासों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए गांधीनगर घोषणापत्र स्वीकृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिफेंस एक्सपो 2020 से इतर किया गया था।

सिंह ने 19 रक्षा मंत्रियों सहित 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, भारत श्रेणीबद्ध विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है जहां कुछ देशों को अन्य से बेहतर माना जाता हो। उन्होंने कहा, भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध मानव की समानता और गरिमा के सार से दिशानिर्देशित होते हैं जो प्राचीन लोकाचार का हिस्सा हैं। जब हम किसी देश के साथ साझेदारी करते हैं तो यह संप्रभु समानता और परस्पर सम्मान के आधार पर होता है। रक्षा मंत्री ने कहा, अफ्रीकी प्राथमिकताएं हमारी प्राथमिकताएं हैं। हम अफ्रीकी देशों द्वारा एक साझा अफ्रीकी शांति एवं सुरक्षा ढांचा बनाने की कोशिशों की सराहना करते हैं।

## राज्यपाल की कुलाधिपति के तौर पर नियुक्ति का विरोध

● गुजरात विद्यापीठ के नौ न्यासियों का इस्तीफा

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात विद्यापीठ** के न्यासी बोर्ड के नौ सदस्यों ने सोमवार को कहा कि उन्होंने राज्य के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महात्मा गांधी द्वारा 1920 में स्थापित विश्वविद्यालय का नया कुलाधिपति नियुक्त किए जाने के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस नियुक्ति में अनुचित जल्दबाजी किए जाने और राजनीतिक दबाव होने का आरोप लगाया।

बहरहाल, अहमदाबाद स्थित विश्वविद्यालय के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय ने इस्तीफे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। एक संयुक्त बयान में, नौ न्यासियों ने सोमवार को कहा कि कुलाधिपति के तौर पर देवव्रत का चयन राजनीतिक दबाव के कारण और गांधी के मूल्यों, तरीकों और प्रथाओं की पूर्ण अवहेलना कर किया गया है। न्यासियों ने राज्यपाल देवव्रत से अपील की कि वे लोकतंत्र के मौलिक मूल्यों और विश्वविद्यालय के पारदर्शी स्वायत्त निर्णय लेने को बनाए रखने के लिए कुलाधिपति के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से इनकार कर दें। देवव्रत ने गुजरात विद्यापीठ के 12वें कुलाधिपति का प्रभार संभालने पर 11 अक्टूबर को सहमति जताई थी। मानद विश्वविद्यालय गुजरात विद्यापीठ की नीति निर्माता इकाई ने इला भट्ट (89) के इस्तीफे के बाद चार अक्टूबर को 12वें कुलाधिपति के रूप में आचार्य देवव्रत के नाम का प्रस्ताव रखा था। भट्ट ने अपनी आयु का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था।बहरहाल, अहमदाबाद स्थित विश्वविद्यालय के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय ने इस्तीफे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। गुजरात विद्यापीठ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय ने एक बयान में कहा कि आठ न्यासियों (नौवां सदस्य आजीवन न्यासी है) के इस्तीफे को स्वीकार नहीं करने के लिए सोमवार को एक बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था। संस्थान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, आजीवन न्यासी और नौ न्यासियों द्वारा जारी संयुक्त बयान के हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक नरसिंहभाई हठीला ने भी इस्तीफे को स्वीकार नहीं करने के गवर्निंग काउंसिल के फैसले को मंजूरी दी ताकि संस्थान को लंबे समय तक उनका मार्गदर्शन मिलता रहे। एक पत्र में, नौ न्यासियों ने कहा कि देवव्रत का कुलाधिपति के रूप में चयन न तो सहज था और न ही न्यासी बोर्ड का सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय था। उन्होंने कहा, यह राजनीतिक दबाव में लिया गया निर्णय था। यह गांधी के मूल्यों, तरीकों और प्रथाओं की पूरी तरह से अवहेलना थी। इन न्यासियों में नरसिंहभाई हठीला, सुदर्शन अयंगर, अनामिक शाह, मंडबेन पारेख, उत्तमभाई परमार, चैतन्य भट्ट, नीताबेन हार्डिकर, माइकल मझगांवकर और कपिल शाह शामिल हैं।

## वोक्कालिगा की आरक्षण की मांग पर अनेक फैसलों, रिपोर्ट पर विचार करेगी सरकार: बोम्मई

**बेंगलुरु।**वोक्कालिगा समुदाय के लोगों के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कहा कि अनेक वर्गों के लोग आरक्षण की मांग कर रहे हैं और सरकार स्थाई पिछड़ा वर्ग आयोग के विभिन्न निर्णयों तथा रिपोर्ट के आधार पर फैसला लेगी। आदि चुनचनागिरि मठ के महंत निर्मलानंदनाथ स्वामी ने सोमवार को कहा था कि राज्य की आबादी में करीब 16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले वोक्कालिगा समुदाय को मौजूदा चार प्रतिशत से अधिक आरक्षण की जरूरत है।

बोम्मई ने महंत की मांग पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, मैं पहले ही विधानसभा में कह चुका हूं। सभी समुदायों में इस तरह की आकांक्षाएं हैं। इस तरह की मांग करना गलत नहीं है, लेकिन जो भी हो, कानूनी रूपरेखा के दायरे में होना चाहिए। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कई फैसले हैं, एक स्थाई पिछड़ा वर्ग आयोग है, इन सब चीजों के आधार पर ही कुछ किया जा सकता है। इन सभी रिपोर्ट के आधार पर हम आगे की कार्वाई करेंगे। स्वामी ने सोमवार को कोलार में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा था, अब जब राज्य सरकार ने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा से आगे जाने का फैसला किया है तो हमारा समुदाय चाहता है कि मौजूदा 4 प्रतिशत आरक्षण से 8 प्रतिशत और बढ़ाकर इसे 12 प्रतिशत किया जाए।

## मां की डांट की शिकायत लेकर थाने पहुंचा तीन साल का बच्चा

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के बुरहानुपर जिले में मां से डांट पड़ने से नाराज तीन साल का बच्चा इसकी शिकायत लेकर अपने पिता के साथ पुलिस थाने पहुंच गया।

सोशल मीडिया पर रविवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें बच्चे ने थाने में पुलिस उप निरीक्षक प्रियंका नायक से अपनी मां के खिलाफ शिकायत की। क्लिप वायरल होने के बाद मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को वीडियो कॉल करके बच्चे से पूछा कि वह क्या चाहता है और साथ ही उसे दीवाली पर चॉकलेट और साइकिल भेजने का वादा किया। वहीं, बच्चे के पिता का कहना है कि वह नहाने के बाद माथे पर काला टीका नहीं लगवाना चाहता था, जिसे लेकर उसे मां से डांट पड़ी। इसके बाद बच्चा मां के खिलाफ शिकायत करने की जिद करता रहा तो, पिता अंततः उसे नजदीकी पुलिस चौकी ले गए। बच्चा अपने पिता के साथ रविवार को बुरहानुपर के ददतलाई पुलिस चौकी गया जहां इतने छोटे बच्चे को आया देख चौकी प्रभारी प्रियंका नायक की उत्सुकता जाग उठी। हालांकि, उन्होंने कागज-कलम निकाली और बच्चे की पूरी शिकायत लिखी। वायरल वीडियो में बच्चे को यह दावा करते हुए सुना गया कि उसकी मां ने उसकी कैडीज चुराई हैं। वहीं, नायक ने बच्चे की पूरी शिकायत लिखने के बाद जब उससे दस्तखत करवाए तो, तीन साल के मासूम ने कुछ आड़ी-तिरछी रेखाएं खींच दीं।बुरहानपुर के पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार ने कहा कि उन्होंने लड़के के पिता से बात की जिन्होंने कहा कि बच्चा पुलिस से प्रभावित था और उनके बारे में जानने को उत्सुक था। एसपी ने बच्चे को दिलासा देने और यह संदेश देने के लिए महिला पुलिस अधिकारी की सराहना की कि कोई भी बिना किसी डर के पुलिस थाने जा सकता है।

## उत्तर रेलवे की नई उपलब्धि : चौथी सबसे लंबी सुरंग बनाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर रेलवे** ने जम्मू एवं कश्मीर में कटरा-बनिहाल सैक्शन के बीच संगलदन और सुम्बर स्टेशनों के बीच भारतीय रेलवे की चौथी सबसे लंबी सुरंग 10.18 किमी का ब्रेक-थ्रू कर एक बड़ी उपलर्बधि हासिल की। **यूएसबीआरएल परियोजना में रेलवे के लिए एक और बड़ी उपलब्धि:** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि उत्तर रेलवे ने यूएसबीआरएल परियोजना के कटरा-बनिहाल सैक्शन पर संगलदन और सुम्बर स्टेशनों के बीच भारतीय रेलवे की चौथी सबसे लंबी सुरंग टनल टी-48 का ब्रेक-थ्रू कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की । ब्रेक-थ्रू के दौरान सुरंग की लाइन और लेवल सटीक तरह से हासिल किया गया । घोड़े की नाल के आकार की यह सुरंग उत्तर की ओर सुंबर स्टेशन यार्ड और दक्षिण की ओर धरम गांव चिंजी नाला पर ब्रिज नंबर 1 को जोड़ती है। सुरंग के भीतर का रूलिंग ग्रेडियेंट 80 में 01 है । सुरंग की खुदाई का कार्य दो छोरों अर्थात् धर्म प्रवेश द्वार (328 मीटर) और कोहली प्रवेश द्वार (829 मीटर) से शुरू किया गया था । टनल टी-48 एक जुड़वां ट्यूब सुरंग है जिसमें मुख्य सुरंग (10.186 किलोमीटर) और 24 क्रॉस-पैसेज से जुड़ी एस्केप टनल (9.788 किलोमीटर) शामिल है। सुरंग का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया हैए इसमें आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव और राहत कार्यों हेतु प्रावधान किया गया है । सुरंग युवा हिमालय के रामबन फ़ॉर्मेशन और सुरंग टी.48 के दक्षिणी छोर पर स्थित मुरी थ्रस्ट से होकर गुजरती हैए जहां चिनजी नाला टी-47 पी-2 और टी-48 पी-1 के बीच से होकर गुजरता है । चिनाब नदी की सहायक नदियों जैसे भीमदासाए बगदीशा और कोहली नाला आदि इसके साथ-साथ गुजरते हैं जिससे खनन एक अत्यधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन जाता है। धरम से साउथ ड्राइव 3940 मीटर की सबसे लंबी ड्राइव है, जिससे खनन कार्य और काम करने के लिए एक बेहद हवादार प्रवेश द्वार बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। इसके साथ हीए उत्तरी ड्राइव निम्नलिखित कारणों से कठिन बनी रही:

(1) सुरंग के अंदर से उत्तरी पोर्टल की ओर पानी की निरंतर पंपिंग क्योंकि ड्राइव गिरती ढाल पर है।

(2) कमजोर अपरूपण द्रव्यमान और कमजोर भू-भाग के कारण।

(3) उत्तर दिशा में 350.400 लीटर, सेकेंड तक पानी का भारी दखल।

(4) इस हिस्से में लगभग 1100 मी के अतिरिक्त भार का सामना करना पड़ा।

सुरंग का निर्माण न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग पद्धति छ । ज् ड द्वारा किया गया है, जो ड्रिल और ब्लास्ट प्रक्रियाओं की एक आधुनिक तकनीक है। उत्तर रेलवे द्वारा निर्माण कार्य मैसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को सौंपा गया है । सुरंग की खुदाई का कार्य दोनों दिशाओं से हैंड शेकिंग प्वाइंट तक शुरू किया गया । उत्तर रेलवे मेसर्स इरकॉन और मेसर्स जीईसीपीएल कार्यकारी एजेंसी के संयुक्त प्रयासों से सुरंग के दोनों छोरों से शुरू किए गए इस कार्य को बिना गलती के सटीक रूप से पूरा किया गया है । यह टनलिंग कार्य की सावधानीपूर्वक कार्य योजना और सटीक निष्पादन का परिणाम है । ब्रेकथ्रू के बाद सुरंग की लाइन और स्तर दोनों छोरों पर पूरी तरह से बराबर रहे । उत्तर रेलवे के अनुभवी इंजीनियरों मेसर्स इरकॉन और कार्यकारी एजेंसी मेसर्स गैमन की टीम ने सभी चुनौतियों का सफ्लतापूर्वक सामना करके मुख्य सुरंग का ब्रेकथ्रू कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की । सुरंग की निर्माण गतिविधियों के दौरान आसपास के गांवों के 70 प्रतिशत से अधिक श्रमिक विभिन्न निर्माण गतिविधियों में शामिल रहेए जिससे क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आया ।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के सुंबर क्षेत्र में टी-48 सुरंग 10.2 किमीद्ध देश की चौथी सबसे लंबी रेल परिवहन सुरंग है। उल्लेखनीय है कि इससे लंबी तीनों सुरंगें इस परियोजना में शामिल हैं । जिसका विवरण निम्नवत सुम्बर.खारी स्टेशनों के बीच 12.5 किलोमीटर लंबी टी-49 सुरंग संगलदन.बसिंधादर स्टेशनों के बीच 11.25 किलोमीटर लंबी सुरंग टी15 बनिहाल.काजीगुंड स्टेशनों के बीच 11.2 किलोमीटर लंबी पीर.पंजाल सुरंग 18 अक्टूबर, 2022 को, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/यूएसबीआरएल, एसपी माही, इरकॉन के निदेशक पराग वर्मा और उनकी टीम के साथ उत्तर रेलवे की टीम, इरकॉन के अधिकारी और मैसर्स जीईसीपीएल की मौजूदगी में सुरंग का ब्रेक-थ्रू किया गया। उधमपुर.श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यूएसबीआरएल परियोजनाद्ध के कुल 272 किलोमीटर में से 161 किलोमीटर का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 अक्टूबर 2022



# अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बाइडन के उलट दिया बयान

## कहा, पाकिस्तान की परमाणु हथियार को सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता व क्षमता को लेकर आश्वस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह परमाणु हथियारों को सुरक्षित रखने की पाकिस्तान की प्रतिबद्धता व उसकी क्षमता को लेकर आश्वस्त है। मंत्रालय का बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक दिन पहले ही पाकिस्तान को दुनिया में सबसे खतरनाक देश में से एक बताते हुए कहा था कि बिना किसी उचित नीति के उसने अपने पास परमाणु हथियार रखे हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने सोमवार को कहा कि अमेरिका ने हमेशा एक सुरक्षित व समृद्ध पाकिस्तान को अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण माना है।

बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की संसदीय अभियान समिति के एक कार्यक्रम में कहा था, मुझे लगता है कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है। उसके पास परमाणु हथियार हैं लेकिन उसको लेकर कोई उचित नीति नहीं है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत व भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया था और मामले में पाकिस्तान ने अमेरिकी राजदूत को तलब भी किया था। पाकिस्तान की परमाणु हथियारों को सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता व क्षमता को लेकर (अमेरिका) आश्वस्त है। पटेल हालांकि बाइडन के बयान पर कोई भी टिप्पणी करने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा, (पाकिस्तान के) विदेश मंत्री शहर में थे और हाल ही में मंत्री के साथ उन्होंने द्विपक्षीय बैठक की थी। काउंसलर डेरेक चॉलेट को भी कराची और इस्लामाबाद जाने का अवसर मिला था...। पटेल ने कहा, यह एक ऐसा संबंध है जिसे हम महत्वपूर्ण मानते हैं और हम इसे घनिष्ठता से कायम रखना चाहते हैं। एक राजदूत के तौर पर हम नियमित रूप से विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मिलते हैं, लेकिन इसे लेकर मैं अभी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दे सकता।

पाकिस्तान के अफगानिस्तान में तालिबान का समर्थन करने और उसकी सरजमीं पर बड़ी संख्या में आतंकवादियों की मौजूदगी के कारण अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध पिछले कुछ वर्ष में काफी खराब हुए हैं। अमेरिका 2011 से पाकिस्तान को लेकर कई बार कड़ा रुख अपना चुका है। 2011 में अल-कायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पकड़ा गया था और अमेरिकी बल ने उसे मार गिराया था। अब कई साल बाद पाकिस्तान और अमेरिका एक बार फिर से संबंधों में सुधार लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### तुलसी गबार्ड ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की तुलना हिटलर से की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की पूर्व सदस्य और 2020 में व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल रहीं पहली हिंदू अमेरिकी नेता तुलसी गबार्ड ने सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी से बाहर होने की घोषणा करने के कुछ दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन की तुलना एडोल्फ हिटलर से की है। पिछले साल प्रतिनिधि सभा से सेवानिवृत्त हुईं 41 वर्षीय गबार्ड ने आठ नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान यह टिप्पणी की। द डेली बीस्ट अखबार के अनुसार, रविवार को मैनचेस्टर के बाहर एक शहर में बोल्डक टाउन हॉल कार्यक्रम में बोलते हुए हवाई की पूर्व कांग्रेस सदस्य ने कहा कि उन्हें बाइडन और हिटलर की मानसिकता एक जैसी नजर आती है। पिछले हफ्ते, गबार्ड ने घोषणा की थी कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ रही हैं। गबार्ड 2013 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए हवाई से चुनी जाने वाली पहली हिंदू थीं, और बाद में वह लगातार चार बार चुनी गईं।

### ऑस्ट्रेलिया ने यरूशलम को इजराइल की राजधानी के तौर पर दी मान्यता वापस ली

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने यरूशलम को इजराइल की राजधानी के रूप में मान्यता देने के पिछली सरकार के फैसले को पलट दिया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि लेबर पार्टी की सरकार ने तेल अवीव को फिर से इजराइल की राजधानी के रूप में मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि इजराइल तथा फलस्तीन शांति वार्ता के जरिए यरूशलम के मुद्दे को सुलझाएं। इजराइल के प्रधानमंत्री याइर लापिड ने ऑस्ट्रेलिया के बदले हुए रुख पर निराशा व्यक्त की। यरूशलम स्थाई रूप से इजराइल की अविभाजित राजधानी है और इसमें कुछ भी नहीं बदलेगा। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस मुद्दे पर ऑस्ट्रेलियाई राजदूत को तलब करेगा। फलस्तीनी अधिकारी हुसैन अल-शेख ने ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह इस बात की पुष्टि है कि यरूशलम से संबंधित संप्रभुता का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय वैधता पर आधारित स्थाई समाधान पर निर्भर करता है।

# रूसी युद्धक विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त, 13 लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूस का एक युद्धक विमान इंजन में खराबी के कारण एस्क शहर में आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। तीन लोगों की मौत एक इमारत से कूदने की वजह से हुई है। विमान के गिरने से नौ मंजिला इमारत में आग लग गई थी, जिससे बचने के लिए तीनों इमारत की ऊपरी मंजिल से कूद गए थे। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रशिक्षण अभियान के दौरान उड़ान भरते समय युद्धक विमान एसयू-34 के एक इंजन में आग लग गई और वह बंदरगाह शहर एस्क में गिर गया। चालक दल के दोनों सदस्य सुरक्षित उससे बाहर आ गए, लेकिन विमान आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और टक्कर के बाद लगी आग विमान में भरे ईंधन की वजह से तेजी से भड़की।



एसयू-34 सेंसर व हथियारों से लैस एक सुपरसोनिक दो इंजन वाला विमान है, जो रूसी वायु सेना का एक अहम हिस्सा है। कई घंटे तक इमारत के मलबे को खंगालने के बाद अधिकारियों ने बताया कि तीन बच्चों सहित 13 स्थानीय लोगों की हादसे में मौत हो गई। 19 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। समाचार एजेंसी आरआईए-नोवोस्ती के अनुसार, क्षेत्र की उप-गवर्नर एना मेनकोवा ने बताया कि मारे गए लोगों से तीन की मौत उस इमारत से कूदने के कारण हो गई, जिसमें आग लग गई थी। 500 से अधिक स्थानीय लोगों को घटनास्थल से हटाकर अस्थाई आवास केंद्रों में पहुंचाया गया है। क्रेमलिन के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घटना की जानकारी दी गई और स्थानीय गवर्नर के साथ स्वास्थ्य व आपात स्थिति के मंत्रियों को मौके पर भेजा गया है। एस्क की आबादी करीब 90 हजार है। यहां रूस का एक बड़ा सैन्य हवाई अड्डा है।

# ब्रिटेन की पीएम लिज ट्रस ने गलतियों नीति में बदलाव के लिए माफी मांगी

**लंदन।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने नेतृत्व के पहले कुछ हफ्तों में हुई उथल-पुथल के लिए माफी मांगी है। ब्रिटिश राजनीति में बेहद नाटकीय तरीके से कुछ फैसले वापस लिए गए। ट्रस के नए वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने उनके पूरे कर कटौती एजेंडे को पलट दिया। सोमवार को विवाद का विषय बनी हुई सभी कर कटौतियों को वापस लेने की घोषणा की। इस बारे में पहली बार ट्रस ने सोमवार रात स्वीकार किया कि गलतियां हुई थीं, साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कहीं नहीं जा रही हैं और अगले आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व करेंगी।

हाल के दिनों में अपनी पार्टी के भीतर विद्रोही आवाजें तेज होने के बीच उन्होंने कहा कि वह ब्रिटिश लोगों की भलाई के लिए अपने आर्थिक वृद्धि मिशन पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। ट्रस ने कहा, मैं मानती हूं कि हमने गलतियां की हैं। मुझे उन गलतियों के लिए खेद है, लेकिन मैंने उन गलतियों को सुधार लिया है। उन्होंने आगे कहा, मैंने एक नया वित्त मंत्री नियुक्त किया है। हमने आर्थिक स्थिरता और राजकोषीय अनुशासन बहाल किया है। अब मैं जनता के लिए जो करना चाहती हूं, उस काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। हम 2019 के घोषणापत्र पर चुने गए हैं, और मैं उसे आगे बढ़ना चाहती हूं और पूरा करना चाहती हूं। उन्होंने बीबीसी को बताया कि वह डटी हुई हैं , क्योंकि उन्हें देश के लिए काम करने के लिए चुना गया था। इससे पहले हंट ने सोमवार को कहा था कि ब्रिटेन की वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक आयकर में एक पेंस की कटौती के फैसले को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। पूर्व वित्त मंत्री क्वार्टेंग ने अपने मिनी बजट में इसे अप्रैल 2023 से लागू करने का ऐलान किया था। इसके अलावा सरकार की ऊर्जा मूल्य गारंटी केवल अप्रैल तक ही सार्वभौमिक होगी, जबकि मूल रूप से योजना दो साल के लिए थी।

# गुतारेस ने मोदी की युद्ध का युग नही, किया समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस टिप्पणी का समर्थन किया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। साथ ही कहा है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए स्थितियां बनाने की दिशा में प्रयासों का बहुत स्वागत किया जाएगा। मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। अपनी भारत यात्रा से पहले, बातचीत में गुतारेस ने कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध के तेज़ होने से बहुत चिंतित हैं, खासकर तब जब इस वजह से बड़ी संख्या में आम लोग हताहत हो रहे हैं। स्थिति पहले से ही बहुत जटिल है। इससे यह और खराब हो रही है। पुतिन ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान का आदेश दिया था। इस संघर्ष का असर आर्थिक तौर पर,खासकर, खाद्य और ऊर्जा पर पड़ा है।

गुतारेस ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने जो रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है, मेरे ख्याल से बिल्कुल सच है। कोई समय, युद्ध का समय नहीं है। लेकिन यह वक्त विशेष रूप से युद्ध का वक्त नहीं है। अतः मैं इसका पूर्ण समर्थन करता हूं। निश्चित रूप से समाधान के लिए स्थितियां बनाने के वास्ते प्रयास किए जाने चाहिए तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत समाधान का बहुत स्वागत किया जाएगा।

गुतारेस की तीन दिवसीय भारत यात्रा मंगलवार से शुरू हो रही है। जनवरी 2022 में दूसरी बार संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बनने के बाद गुतारेस की यह पहली भारत यात्रा है। गुतारेस विश्व संस्था के प्रमुख के तौर पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान अक्टूबर 2018 में भारत गए थे। समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर सितंबर में राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन में शत्रुता की शीघ्र समाप्ति का आह्वान करते हुए लोकतंत्र, संवाद और कूटनीति के महत्व को रेखांकित किया था। इस महीने की शुरुआत में, मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इसके दौरान उन्होंने इस बात को लेकर अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया था कि संघर्ष का सैन्य समाधान नहीं हो सकता और उन्होंने किसी भी शांति प्रयास में योगदान के लिए भारत की इच्छा को व्यक्त किया था। गुतारेस से पूछा गया कि उनकी यात्रा के दौरान भारतीय नेतृत्व के साथ बातचीत में यूक्रेन युद्ध के बारे में चर्चा हो सकती है? तो उन्होंने कहा, हम बहुत ही विवेकपूर्ण तरीके से बहुत सक्रिय रहे हैं, क्योंकि मैं विवादित मुद्दों पर सार्वजनिक तौर पर बयान देने वाली कूटनीति में विश्वास नहीं करता हूं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सावधानी से की जाने वाली कूटनीति को अब भी भूमिका निभानी है और हम यूक्रेन में लोगों की पीड़ा को कम करने और दुनिया भर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए सभी तरीकों का पता लगाने की कोशिश में बहुत सक्रिय रहे हैं।

# तालिबान ने बर्बर तरीके से पंजशीर घाटी में हत्याएं कीं

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने अफगानिस्तान की पंजशीर घाटी में पिछले महीने अपने प्रतिद्वंद्वी लड़ाकों के साथ संघर्ष के दौरान 27 लोगों को पकड़ लिया और फिर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। यह जानकारी मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट से मिली है। रिपोर्ट में वीडियो के हवाले से कहा गया है कि पांच लोगों की आंखों पर पट्टी बांधी गई और उनके हाथ पीठ पीछे बांध दिए गए। इसके बाद तालिबान के लड़ाकों ने 20 सेकेंड तक उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर जश्न मनाया।

यह जांच अफगान विटनेस ने की है जो ब्रिटेन स्थित गैर लाभकारी सेंटर फॉर इनफोर्मेशन रिज़ल्यिन्स की परियोजना है। इसके शोधार्थियों ने कहा है कि यह इस तरह के आरोपों की दुर्लभ रूप से पुष्टि करता है कि तालिबान ने अपने विरोधी बलों और उनके समर्थकों के खिलाफ बर्बर तरीकों का इस्तेमाल किया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने मुल्क पर सख्त और कठोर हुकूमत लागू की है। हालांकि तालिबान लगातार जोर दे रहा है कि उसकी सरकार को अंतरराष्ट्रीय तौर पर मान्यता दी जाए। अफगान विटनेस के टीम नेता डेविड ओस्बॉर्न ने कहा कि यह रिपोर्ट इस बात की स्पष्ट मिसाल पेश करती है कि तालिबान विरोधी लड़ाकों के खिलाफ बर्बर तरीके अपना रहा है। अफगान विटनेस ने कहा कि उसने सोशल मीडिया से मिले कई वीडियो और तस्वीरों का विश्लेषण किया है जो तालिबान के लड़ाकों के एक समूह से जुड़े हैं। उसके मुताबिक, तालिबान ने पंजशीर के दारा जिले में 10 लोगों की हत्या कर दी। एक वीडियो में दिख रहा है कि उनमें से पांच लोगों को गाड़ी से रौंद दिया गया। उसने कहा कि वह सोशल मीडिया से मिली तस्वीरों के आधार पर 17 अन्य न्याएत्तर हत्याओं की पुष्टि कर सकता है जिनमें सभी व्यक्ति मृत दिख रहे हैं।

### अमेरिका में फ्रांसीसी कंपनी ने इस्लामिक स्टेट को धन देने की बात स्वीकारी

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** फ्रांसीसी सीमेंट कंपनी लाफार्ज ने आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) को सीरिया में एक संयंत्र को चालू रखने के बदले में करोड़ों रुपए देने का दोष मंगलवार को स्वीकार कर लिया।

**Public Notice**

My client, Mrs. Sarita Devi W/o Late Sh. Hari Om R/o Q92, Bhagat Enclave, Matiyala Road, Uttam Nagar-110059, has disowned her son Mr. Varun Kumar@Prince R/o Q92, Bhagat Enclave, Matiyala Road, Uttam Nagar-110059 from all of his legal rights in my client's assets / properties/ Bank Accounts/ Savings due to disobedience's, addictiveness of Drugs, mischievous behaviours and acts of him. Whosoever will deal in any manner or in relation to any assets of my client shall be doing at own risk and consequences.

RLEGAL LAW FIRM

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि आवासीय एल०आई०जी० फ्लैट संख्या-332बी, ब्लॉक-बी, सैक्टर-19 नोएडा जिसके मूल आंवटी आर० श्रीनिवासन पुत्र एस० राघवन निवासी 203, निर्माण अपार्टमेन्ट मयूर विहार फेज-1, नई दिल्ली-110091 है, जिनके द्वारा श्रीमती मीरा शर्मा पत्नी अनिल कुमार शर्मा निवासी बी-335बी, सैक्टर-19, नोएडा उ०प्र० के पक्ष में दिनांक 30-07-1997 को जरनल पॉवर ऑफ अट्ठोनी (GPA) पंजीकृत करायी गयी थी तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त फ्लैट संख्या-332बी, ब्लॉक-बी, सैक्टर-19 नोएडा का स्थानांतरण (Transfer) जी.पी.ए. के आधार पर अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री गंगा प्रसाद शर्मा निवासी बी-335बी, सैक्टर-19, नोएडा उ०प्र० के पक्ष में स्थानांतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

अनिल कुमार शर्मा

# बाजार में तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 549 अंक उछला

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स में 549 अंक से अधिक का उछाल आया। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 549.62 यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 58,960.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 732.68 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 175.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,486.95 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स शेयरों में 3.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा आईटीसी, नेस्ले इंडिया, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन टुब्रो भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सेंसेक्स के केवल पांच शेयर... एचडीएफसी लि., एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और सन फार्मा...नुकसान में रहे। इनमें 0.72 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार ने अनुकूल वैश्विक और घरेलू संकेतकों से लाभ को बनाए रखा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम बेहतर रहने की संभावना से घरेलू स्तर पर सकारात्मक धारणा है।

रिजर्व बैंक ने भी भरोसा जताया है कि सकल मुद्रास्फीति सितंबर में उच्च स्तर पर पहुंच गई है और आने वाले समय में इसमें कमी आएगी। इससे वित्तीय बाजार में सकारात्मक संकेत गया और बैंक शेयर चढ़े। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार में हाल की तेजी का प्रमुख कारण वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख का होना है। कंपनियों के तिमाही परिणाम अभी तक मिले-जुले रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि प्रमुख क्षेत्रों की भागीदारी बारी-बारी होने से बढ़त को समर्थन मिलेगा। कारोबारियों को दैनिक आधार पर जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए।

कारोबार के दौरान बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक) 1.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक) 0.71 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वाल स्ट्रीट में सोमवार को अच्छी तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.02 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 82.37 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार शुद्ध रूप से बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने सोमवार को 372.03 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### बैंक धोखाधड़ी में ईडी ने दवा कंपनी की 185 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कहा कि कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में उसने धन शोधन निवारण कानून के तहत चंडीगढ़ स्थित एक दवा कंपनी की 185 करोड़ रुपए की संपत्ति को जब्त किया है। धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत जारी आदेश के बाद दवा कंपनी सूर्या फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड और कुछ संबद्ध संस्थाओं की इमारतों, संयंत्र और मशीनरी को जब्त किया गया है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सीबीआई की दो प्राथमिकी के बाद धन शोधन का मामला दर्ज किया गया। इस संबंध में एसबीआई, चंडीगढ़ और पंजाब एंड सिंध बैंक, करनाल ने शिकायत की थी। कंपनी पर 828 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। ईडी ने कहा कि फर्जी चालान के बदले कंपनी के नाम पर साख पत्र का लाभ उठाया गया था। बैंक से मिली राशि का इस्तेमाल गलत तरीके से कंपनी, व्यक्तियों और संबद्ध संस्थाओं के नाम से संपत्ति खरीदने के लिए किया गया।

# एक साल में 5जी, दूरसंचार की नौकरियां 33.7 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** मुंबई

**देश में पिछले** 12 महीनों में 5जी और दूरसंचार क्षेत्र में नौकरियों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वैश्विक नौकरी वेबसाइट इन्डीड की एक रिपोर्ट में ए आंकड़े सामने आए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, उद्यम तेजी से 5जी अपनाने पर विचार कर रहे हैं। यह रिपोर्ट इन्डीड मंच पर सितंबर, 2021 से सितंबर, 2022 के दौरान नियुक्ति संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसके मुताबिक, सितंबर 2021 से सितंबर 2022 के बीच दूरसंचार और 5जी क्षेत्रों में भर्ती गतिविधियां 33.7 प्रतिशत बढ़ी हैं।

इन्डीड इंडिया के करियर विशेषज्ञ सौमित्र चंद ने कहा, भारत में 5जी का बेसब्री से इंतजार किया गया है। वहीं कंपनियों ने 5जी तकनीक और सेवाओं को विकसित करने के लिए पहले से ही पेशेवरों को काम पर रखना शुरू कर दिया था। उद्यमों द्वारा 5जी को त्वरित गति से अपनाने के साथ, हम संभवतः अगले कुछ तिमाहियों में इन भूमिकाओं के लिए काम पर रखने में तेजी देखेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रणालियों को डिजाइन करने वाले कुशल प्रतिभाओं की जरूरत बढ़ेगी। वहीं नई तकनीक के अनुकूल होने के लिए नेटवर्क से संबंधित जानकारी को मजबूत कर सकेंगे।

उन्होंने कहा, नौकरी चाहने वालों और उद्योग दोनों को बड़े पैमाने पर यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वे नए बढ़े हुए दूरसंचार क्षेत्र को पूरा करने के लिए साइबर सुरक्षा प्रतिभा का एक मजबूत ढ़ांचा तैयार करें। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक महीने में ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों और संचालन सहयोगियों में क्रमशः 13.91 प्रतिशत और 8.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### लुलु ग्रुप अहमदाबाद में 3,000 करोड़ रुपए के निवेश से भारत का सबसे बड़ा मॉल बनाएगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात स्थित धनाढ्य कारोबारी यूसुफ अली का लुलु ग्रुप इंटरनेशनल गुजरात आने की तैयारी में है। कंपनी अहमदाबाद में देश का सबसे बड़े शॉपिंग मॉल स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपए निवेश करेगी। लुलु ग्रुप के विपणन एवं संपर्क विभाग के निदेशक वी नंदकुमार ने कहा कि सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस 3,000 करोड़ रुपए के शॉपिंग मॉल का निर्माण अगले साल के आरंभ में शुरू होगा। कोच्चि, (केरल) और लखनऊ (उप्र) के बाद देश में लुलु समूह का तीसरा शॉपिंग मॉल होगा। इससे राज्य में प्रत्यक्ष रूप से 6,000 लोगों को और परोक्ष रूप से 12,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। भूमि अधिग्रहण के संबंध में बातचीत अपने अंतिम चरण में है और इस मेगा शॉपिंग मॉल की आधारशिला अगले साल की शुरुआत में रखी जाएगी। अहमदाबाद स्थित शॉपिंग मॉल में 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड होंगे। 3,000 लोगों की क्षमता वाले मल्टी-कुजीन रेस्तरां, बच्चों के लिए देश का सबसे बड़ा मनोरंजन केंद्र आईमैक्स के साथ 15-स्क्रीन वाला मल्टीप्लेक्स और कई अन्य आकर्षण होंगे। दुबई में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के हाल ही में आयोजित यूएई रोड शो के दौरान लुलु समूह और गुजरात सरकार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। लुलु ग्रुप इंटरनेशनल का 3,000 करोड़ रुपए का निवेश उसी का परिणाम है।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SMT. RENU SHARMA W/O SHRI RAM GOPAL SHARMA R/O FLAT NO.B-55/2, FIRST FLOOR, NARAINA VIHAR, NEW DELHI, is the owner of DDA MIG FLAT NO.B-55/2, ON FIRST FLOOR, SITUATED AT NARAINA VIHAR, NEW DELHI-110028, VIDE DDA FILE NO.F.14(37)1968/GEN/NR,** have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original DEMAND LETTER of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No. 898063/2022)** dated **17.10.2022.** Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with **above named person** at above Address/ Phone No. **1810541547**, within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

This Public at large is hereby notify that my client Mrs. Neha Jain W/o Mr. Manish Jain is the owner of the property No. 87-E, Veer Nagar, Jain Colony, Delhi-110007 and the previous original Sale Certificate of the above said Property No. 87-E, Veer Nagar, Jain Colony, Delhi-110007 in the name of Smt. Veena Jain vide Document No.12272 in Book No.1, Volume No.7138 on pages 136 to 141, dated: 07.10.2017 in the office of S.R. VI-A, New Delhi has been lost by Smt. Veena Jain herself and is not traceable by best efforts of her.

If anyone found or have any objection/ Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said property regarding the above said original documents, then contact to the undersigned within 15 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.

**Sahil Arora (Advocate)**
Enrol No.D/2186/2019
Add. Off. No. 107, F.F., M.S. Chambers, Aruna Park, Laxmi Nagar, Delhi-92

# घटिया इंजीनियरिंग कार्यों के चलते घातक सड़क दुर्घटना होने पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग** प्राधिकरण (एनएचएआई) इंजीनियरिंग कार्यों में खामी के चलते खराब सड़क के परिणामस्वरूप होने वाली किसी भी घातक या गंभीर दुर्घटनाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराएगा। एनएचएआई ने एक परिपत्र में कहा कि प्राधिकरण ने अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में शामिल एनएचएआई के प्रतिनिधियों द्वारा कर्तव्य की उपेक्षा के प्रति गंभीरता से विचार किया है, जिसके कारण यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

परिपत्र में कहा गया है, यह ध्यान में आया है कि रोड मार्किंग, रोड साइनेज, क्रैश बैरियर के अंतिम उपचार जैसे सुरक्षा कार्यों को पंच सूची में रखकर अनंतिम पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे न सिर्फ उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा से समझौता होता है, बल्कि दुर्घटना । मौत होने पर एनएचएआई का नाम भी खराब होता है। लंबित कार्यों को एक श्रेणी के तहत रखा जाता है, जिसे पंच सूची कहा जाता है।

एनएचएआई ने कहा, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अनंतिम प्रमाण पत्र जारी करने से पहले सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी काम पूरे हैं। घटिया सड़क इंजीनियरिंग कार्यों के चलते हुईकिसी भी घातक सड़क दुर्घटना के लिए क्षेत्रीय अधिकारी/ परियोजना निदेशक/ स्वतंत्र अभियंता जिम्मेदार होंगे। प्राधिकरण ने कहा कि पंच सूची में वही कार्य शामिल करने चाहिए, जो सड़क सुरक्षा से संबंधित नहीं हैं और इस सूची के कार्यों को 30 दिनों के भीतर पूरा करना चाहिए।

# भारत फिर बना अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन** (आईएसए) की महासभा में भारत को एक बार फिर अध्यक्ष और फ्रांस को सह-अध्यक्ष चुना गया है। आईएसए के महानिदेशक अजय माथुर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि संगठन की पांचवीं महासभा में इन दोनों देशों को फिर से पद पर चुन लिया गया। बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह इसका अध्यक्ष पद संभालेंगे, जबकि फ्रांस की विकास एवं अंतरराष्ट्रीय भागीदारी राज्य मंत्री क्रिसूला जकारोपूलो सह-अध्यक्ष होंगी। माथुर ने बताया कि अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक-एक आवेदन ही किए गए थे। ऐसी स्थिति में भारत को फिर से सौर गठबंधन का अध्यक्ष और फ्रांस को सह-अध्यक्ष चुन लिया गया।

इस चुनाव के बाद अध्यक्ष पद संभालने जा रहे सिंह ने कहा कि आईएसए का बहुत तेजी से विकास हुआ है और अब इसके सदस्यों की संख्या 110 तक पहुंच चुकी है। हमें बिजली की सुविधा से वंचित करीब 70 करोड़ लोगों तक दुनिया भर में स्वच्छ स्रोतों से बिजली पहुंचानी है। इस मौके पर क्रिसूला ने यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया के सामने पैदा हुए ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का तेजी से संयोजन करना उनका मकसद होगा। यह ऊर्जा की अनिवार्यता न होकर हमारे सदस्य देशों की ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए जरूरी है। आईएसए का मिशन वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा में एक लाख करोड़ डॉलर की निवेश संभावनाएं पैदा करना है। इसके लिए सौर ऊर्जा की तकनीक एवं वित्त पोषण की लागत को कम करने पर ध्यान दिया जा रहा है। आईएसए की महासभा ने एक भुगतान गारंटी व्यवस्था सौर सुविधा को भी मंजूरी दी जिससे सौर क्षेत्र में निवेश को गति मिलने की उम्मीद है। इसके लिए दो वित्तीय घटकों- सौर भुगतान गारंटी कोष और सौर बीमा कोष का सहारा लिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों से वित्त जुटाने के लिए आईएसए सौर सुविधा को जल्द ही शुरू करेगा। आईएसए की महासभा ने सोलरएक्स ग्रांड चैलेंज को भी मंजूरी दी। इसके माध्यम से सौर क्षेत्र में नवाचार एवं स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### एयर इंडिया का पांच वर्षों में 30 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बाजार हिस्सेदारी पाने का लक्ष्यः सीईओ

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के प्रमुख कैम्पबेल विल्सन ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। टाटा समूह ने इस साल जनवरी में घाटे में चल रही एयरलाइन का नियंत्रण हासिल किया था और उसने अब एयर इंडिया की पुनरुद्धार योजना विहान डॉट एआई को लागू किया है। विल्सन ने यहां पत्रकारों से कहा कि कंपनी का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। एयरलाइन की इस समय घरेलू बाजार में 10 फीसदी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 फीसदी हिस्सेदारी है। विहान डॉट एआई अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत मसौदे के साथ एक व्यापक परिवर्तन योजना है। विल्सन ने कहा कि एयरलाइन प्रतिष्ठा वापस हासिल करने पर काम कर रही है और विभिन्न अनुबंधों पर के लिए बातचीत की गई है। विल्सन के अनुसार एयरलाइन अगले पांच वर्षों में अपने बेड़े को तीन गुना कर देगी।

### नितिन गडकरी तीन दिन की ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तीन दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। गडकरी के कार्यालय ने मंगलवार को एक ट्वीट में यह जानकारी दी। ट्वीट में कहा गया है कि गडकरी, 20 से 22 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री वहां ऑस्ट्रेलियाई सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। वह न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय (यूएनएसडब्ल्यू) द्वारा आयोजित कैट्स वर्कशॉप की अध्यक्षता भी करेंगे। वह अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

### बिना हिजाब के प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली ईरान की महिला एथलीट को लेकर चिंता बढ़ी

**सियोल।** ऊंचाई पर चढ़ने की प्रतियोगिता में बिना हिजाब के शामिल होने वाली ईरान की एक महिला एथलीट मंगलवार को दक्षिण कोरिया से रवाना हो गई। हो सकता है कि उसे ईरानी अधिकारियों ने देश के लिए जल्द रवाना होने को मजबूर किया हो और वापसी पर उसे गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। तेहरान ने मीडिया की इस बात का खंडन किया। कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली एल्नाज रेकाबी ने ऐसे समय हिजाब नहीं पहना जब ईरान में 22 वर्षीय महसा अमीनी की नैतिकता पुलिस की हिरासत में मौत के बाद भड़का हिजाब विरोधी प्रदर्शन पांचवें सप्ताह में प्रवेश कर गया।

**PUBLIC NOTICE**

**Flat No.72-B, First floor, Block-U-03, Dhawalgiri, Sector-11, Noida, U.P.**

That our client Anita Garg w/o Pramod Kumar Garg proposes to purchases the above said property from Vinod Singh Bisht s/o Late Bhim Singh Bisht, who have assured our client that he is absolute owner of said property vide Mutation letter dated 06.09.21 issued by NOIDA on the basis of NOC of other legal heirs consequent upon death of Bhim Singh Bisht, who was registered owner vide Transfer deed No. (7885) dated 30.10.06. The said Bhim Singh Bisht died intestate on 21.01.21 leaving behind Vinod Singh Bisht, Rajni Bhandari, Geeta Bisht only legal heirs.

Under the circumstances, notice is hereby given to the General Public, Bank/Financial institutions or other person/s, organization/s, company/ies, government authority/ies, having any claim, rights, title, or any interest of any nature whatsoever into or upon the said property, is hereby called upon to make the same known, in writing with documentary evidence by registered AD Post to the undersigned at the address mentioned hereinbelow within 14 days of the publication of this notice and in the event no response having been received to the notice, the title of Vinod Singh Bisht to the said property shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client in any manner whatsoever.

Kumar Amit
Advocate
Legal Access
B1/704 Satyam Apartment, Vasundhra Enclave, Delhi 110096

# सगी बहनों सहित तीन बच्चों की कार से कुचलकर मौत

● एक बच्चे की हालत गंभीर, मचा कोहराम

संवाददाता। गोंडा

**घर से सुबह** स्कूल जा रहे चार मासूम बच्चों को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया। जिसमें तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मरने वाले बच्चों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार करनैलगंज कोतवाली के चौरी ग्रामसभा के मजरे सूबेदारपुरवा के रहने वाले राम सागर शुक्ला का बेटा सत्यम (10 वर्ष) व विजय शुक्ला की तीन बेटियां अंशिका (10 वर्ष), तान्वी (07 वर्ष) व मुस्कान (14 वर्ष) प्राथमिक विद्यालय चौरी में पढ़ने जा रहे थे। मंगलवार की सुबह चारों बच्चे स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। बच्चे चौरी चौराहे पर पहुंचे ही थे कि दिल्ली के नंबर की एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने चारों मासूमों को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में सत्यम, अंशिका व तान्वी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मुस्कान गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में सभी बच्चों को अस्पताल पहुँचाया गया जहां डाक्टरों ने तीन बच्चों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम बच्चों के शवों का पंचनामा कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया दुर्घटना करने वाले वाहन ऑल्टो कार व कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्ज कराया जा रहा है।



घायल बच्चे का हालचाल लेते डीएम डा. उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

● पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है

**सुलतानपुर।** जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो व्यक्तियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कूरेभार के थानाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि घटना थाना क्षेत्र के बरौला गांव के पास सोमवार को रात को हुई। उन्होंने बताया कि बनरहा निवासी हीरालाल गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बनमई गांव निवासी रोघई के साथ बाइक से हलियापुर-बेलवाई सड़क मार्ग से घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि बाइक सवार जैसे ही बरौला गांव के पास पहुंचे, एक अज्ञात ट्रैक्टर ने दुपहिया को टक्कर मार दी, जिसकी चपेट में आकर हीरालाल (55) व रोघई (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मुलायम सिंह यादव की अस्थियां आज गंगा में विसर्जित की जाएंगी

भाषा। इटावा

**समाजवादी पार्टी** (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव की अस्थियां बुधवार को प्रयागराज में गंगा नदी में विसर्जित की जाएंगी। पारिवारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके पहले यादव के बड़े बेटे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बहू व पूर्व सांसद डिंपल यादव और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष व छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने सोमवार को हरिद्वार में पूर्व मुख्यमंत्री की अस्थियों का विसर्जन किया था। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अखिलेश अपने परिजनों के साथ पिता का अस्थि कलश लेकर बुधवार सुबह 11 बजे हवाई जहाज से सैफई हवाई पट्टी से संगम तट प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। अखिलेश यादव के निजी सचिव ने बताया कि अस्थि विसर्जन के उपरांत शाम को परिवार के सभी लोग सैफई लौट आएंगे। सोमवार को अखिलेश, डिंपल और शिवपाल समेत परिवार के अन्य सदस्य जब सैफई से हरिद्वार रवाना हुए तो वहां मौजूद लोगों ने अलविदा नेताजी, नेताजी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, नेताजी का नाम रहेगा के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। वह 82 वर्ष के थे। उनकी अंत्‍एष्टि 11 अक्टूबर को इटावा जिले में स्थित उनके पैतृक गांव सैफई में की गई थी।

## क्विक न्यूज़

### टेढ़ा के पास बस पलटने से चार गंभीर रूप से घायल

**सुमेरपुर।** मंगनी कार्यक्रम करके सोमवार की रात बांदा से कानपुर वापस जा रही एक प्राइवेट बस बांदा रोड पर टेढ़ा के पास पलट गई। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि चालीस लोग मामूली चुटहिल हो गए। घायलों सहित चुटहिल लोगों को एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगनी कार्यक्रम करने के बाद बांदा की ओर से आ रही एक बस सोमवार की रात करीब 2 बजे टेढ़ा गांव के निकट नरहे बाबा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बस से सवारियों को निकालकर बाहर किया। जिसमें ज्यादातर लोगों को मामूली चोट आई थी। सिर्फ चार लोग ज्यादा घायल हुए थे। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पीएचसी के चिकित्सक डा0 अलीम ने बताया कि बस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिसमें कानपुर के शीत नगर निवासी मोनू सोनकर राहुल सोनकर व प्रियंका सोनकर व अनुष्का सोनकर शामिल है। इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उन्होंने ने बताया कि इसके अलावा करीब चालीस लोग मामूली रूप से चुटहिल थे। जिनका यहीं पर इलाज किया गया।

### चार लाख की नगदी और जेवरातों की चोरी के साथ दिनदहाड़े हुई 50 हजार की टप्पेबाजी

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिरखेरा में चोर घर में घुस कर लड़की की शादी के लिए संजोए गए चार लाख की नकदी व जेवरात पार कर ले गए एवही कस्बा सुमेरपुर में नवीन गल्ला मंडी के सामने बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से टप्पेबाज दिनदहाड़े ?50 हजार निकालकर रफूचक्कर हो गएए दोनों घटनाओं से पुलिस को अवगत कराया गया हैए पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करके चोरों का पता लगाने में जुट गई है ग्राम बिरखेरा निवासी राम बहादुर प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री का विवाह 25 नवंबर को है विवाह के लिए उसने किसी तरह से चार लाख की नगदी एकत्र की थी जो घर में रखी हुई थी सोमवार की रात को अज्ञात चोर घर में घुस कर चार लाख की नगदी सहित जेवरात पार कर दिएए वही कस्बा निवासी शिव बहादुर सिंह की दुकान नवीन गल्ला मंडी के सामने हैं मंगलवार की दोपहर को दो युवक सीमेंट खरीदने के बहाने आए और 1 बोरी सीमेंट के लिए 2 हजार का नोट थमा दियाए दुकानदार फुटकर लेने के लिए पास की दुकान में चला गया तभी युवक गोलक को तोड़कर 50 हजार की नगदी लेकर बाइक द्वारा रफूचक्कर साथ में दुकानदार की बाइक की चाबी ले गए ताकि दुकानदार बाइक से उनका पीछा ना कर सकेए घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद चोरी तथा टप्पेबाजों का पता लगाने का आश्वासन दिया है।

### गंगा में नाव पलटी, एक व्यक्ति की डूबकर मौत, एक लापता

**मेरठ (भाषा)।** मेरठ के हस्तिनापुर क्षेत्र के भीमकुंड गंगा घाट के पास मंगलवार सुबह एक नाव पलटने से उस पर सवार एक व्यक्ति की डूबकर मौत हो गई जबकि एक अन्य लापता है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि सुबह करीब सवा सात बजे गंगा नदी में हस्तिनापुर भीमकुंड पुल के पास एक नाव खंभे से टकराकर पलट गई। उन्होंने बताया कि नाव पर कुल 15 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर बाढ़ पीएसी की एक टीम को मौके पर भेजा गया और बचाव कार्य शुरू कराया गया। गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ से भी मदद ली गई। उन्होंने बताया कि गोताखोर 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि उनमें से एक मोनू की उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। जिलाधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति अब भी लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर इस घटना पर दुख व्यक्त किया है।

### दलित लड़की से बलात्कार के प्रयास के मामले में व्यक्ति को पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा

**सुलतानपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला में 2020 में एक गांव की दलित लड़की से बलात्कार के प्रयास के मामले मे यहां की एक पॉक्सो अदालत ने दोषी व्यक्ति को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने दोषी दीनानाथ मिश्रा (40) पर सोमवार को 21,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक सीएल द्विवेदी ने कहा कि 13 वर्षीय लड़की की मां ने पुलिस मे दी गई शिकायत मे कहा था कि तीन अक्टूबर, 2020 को उनकी बेटी जब बकरी चराने गई थी तभी मिश्रा ने उससे बलात्कार का प्रयास किया था। द्विवेदी ने बताया कि लड़की ने जैसे ही शोर मचाया आस पास मौजूद लोग उसे बचाने के लिए आ गए। इसके बाद आरोपी ने लड़की के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### प्रसूता की मौत के बाद अवैध मैटरनिटी होम सील

**आगरा (भाषा)।** जिले के खेरागढ़ कस्बे में सोमवार को प्रसव के दौरान एक प्रसूता की मौत होने की घटना पर कार्वाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने उक्त मैटरनिटी होम को मंगलवार को सील कर दिया। खेरागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. मुकेश चौधरी के नेतृत्व मे स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस बल के साथ बाईपास रोड पर अवैध रूप से चल रहे मैटरनिटी होम पर पहुंची। अस्पताल पहुंची। डॉक्टर चौधरी ने बताया कि मैटरनिटी होम एक मकान मे महज तीन कमरो मे चल रहा था। उन्होने बताया कि टीम जब मौके पर पहुंची तो मैटरनिटी होम मे कोई डॉक्टराकर्मचारी नही था, जिसके बाद टीम ने कमरों मे ताला लगाकर उन्हे सील कर दिया। उन्होंने बताया कि भवन के अन्य कमरो मे कई किराएदार रह रहे है, जिन्हें मकान खाली करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। डॉक्टर चौधरी ने कहा कि किराएदारो द्वारा मकान खाली किए जाने के बाद एक सप्ताह बाद उसे सील करके विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को भेजी जाएगी। गौरतलब है कि इस अवैध मैटरनिटी होम मे सोमवार सुबह चीत निवासी 22 वर्षीय रेनू पत्नी की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनो ने सोमवार दोपहर को मैटरनिटी होम की संचालिका डॉली चाहर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, जिसके बाद वह फरार हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी और परिजनो को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस से मिली सूचना के आधार पर आज उक्त कार्वाई की है।

### 'हर दिन हर घर आयुर्वेद' अभियान के अन्तर्गत छात्रों व ग्रामीणों को आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में दी जा रही जानकारी

**रायबरेली ।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद में ''हर दिन हर घर आयुर्वेद'' अभियान के अन्तर्गत निर्देश दिये है कि इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों को आयुर्वेद के सम्बन्ध में जागरूक करें तथा ग्रामीणों की भी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किये जाये। इस अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में छात्रों एवं ग्राम पंचायतों में खुली सभा का आयोजन करके आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी जा रही है। आज कई विद्यालयों व ग्राम पंचायतों की खली बैठकों में चिकित्साधिकारियों द्वारा आयुर्वेद की उपयोगिता संबंधी व्याख्यान दिये। आयुर्वेद के उपयोग के सम.बन्ध में छात्रों एवं खुली सभा में बढ़चढ़ कर ग्रामवासियों ने भाग लिया।

## सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

**बांदा।** बांदा जनपद की शहर कोतवाली अंतर्गत एक मोहल्ले में 17 सितंबर को सुबह घर के बाहर खेल रही 7 वर्षीय बच्ची को पड़ोस में रहने वाला राजेश पाल चाऊमीन खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। शाम को पिता के घर आने पर पता चला कि पुत्री घर पर नही है तो पिता ने पुत्री की काफी खोजबीन की। खोजबीन करने के बाद भी पुत्री का पता नही चला कि अचानक रात 10 बजे पुत्री रोते हुए खून से लथपथ घर पहुंची और आपबीती सुनाई जिससे आहत परिजनों ने तत्काल स्थानीय चौकी पहुंच पुलिस को सूचना दी लेकिन स्थानीय चौकी द्वारा प्रार्थना पत्र न लेते हुए भागा दिया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह ने बताया कि यह मामला संज्ञान में आया है और यह बहुत ही घृणित अपराध हैं हम तत्काल अपराधी को पकड़ कर जेल भेजने में सफल होंगे जिससे उस मासूम को न्याय मिल सके।

## डाक्टर व रोगी के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हैं फार्मासिस्ट: प्रसन्ना कुमार

● आरेडिका में फार्मासिस्टों का पहला राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संवाददाता। रायबरेली

**आधुनिक रेल** डिब्बा कारखाना रायबरेली में भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी के सहयोग से भारतीय रेलवे के फार्मासिस्टों के लिए दिनांक 17 से 20 अक्टूबर तक 4 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महानिदेशक रेलवे स्वस्थ्य सेवा रेलवे बोर्ड प्रसन्ना कुमार, महानिदेशक भारतीय राष्ट्रीय अकादमी चंद्रलेखा मुखर्जी (वर्चुअल माध्यम) एवं आरेडिका महाप्रबंधक एसएस कलसी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी रेलवे जोनों, उत्पादन इकाइयों, आरडीएसओ और कोलकता मेट्रो के 126 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।मुख्य अतिथि प्रसन्ना कुमार ने भारतीय रेलवे के फार्मासिस्टों के लिए प्रशिक्षण पर जोर दिया जिनकी संवर्ग संख्या 1800 है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे भारत में रणनीतिक स्थानों पर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएगें । फार्मासिस्टों की स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में बताया कि फार्मासिस्ट डाक्टर एवं रोगी के मध्य सेतु के रुप में कार्य करता है, और रोगियों के सीधे सम्पर्क में आता है दवाइयों को कैसे कब कितना लेना है के बारे में समझाता है। कोविड काल दौरान फार्मासिस्टों द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की साथ ही साथ उन्होने कहा आरेडिका द्वारा प्रदान किया गया आतिथ्य एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण सुविधाऐं सराहनीय हैं।

आरेडिका महाप्रबंधक श्री एसएसकलसी ने अपने सम्बोधन कहा किए यह आरेडिका के लिए यह गौरव की बात है किए फार्मासिस्टों के पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी ढाँचागत सुविधाऐं प्रदान करने एवं आयोजन के लिए आरेडिका को चुना है। आगे इसी कड़ी में उन्होने कहा किए आरेडिका द्वारा सभी आगुन्तक मेडीकल एक्सपर्ट एवं फार्मासिस्टों के लिए प्रषिक्षण की आधुनिक सुविधाऐं प्रदान की जा रही हैं। डीओपीटी गाइडलाइन के अनुसार भारतीय रेलवे प्रत्येक वर्ष 5 दिन के प्रशिक्षण व्यवस्था करता हैं जिससे दवाइयों के क्षेत्र में होने वाले षोधों के संबंध में अद्यतन किया जा सके ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी के प्रोफेसर, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेषक, 5भारतीय रेलवे स्वस्थ्य सेवा के अधिकारी, बीएचयू वाराणसी से 1 प्रोफेसर, 3 सहायक फार्मेसी स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेलवे के 11 फार्मासिस्ट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर विभिन्न रेलवे जोनों से आये चिकित्सा अधिकारी जैसे पीसीएमडी एनआर डा सुगंधा राहा, पीसीएमडी एनसीआर डा जेपी रावत पीसीएमडी एनईआर डा आरएन चौधरी, ईडी हेल्थ रेलवे बोर्ड के श्रीधर एवं नायर के डा गिरीश वी कलमाडी, आरेडिका के पीसीएमओ महेश कुमार सकरवाल, पीसीएमएम एनडी राव सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हत्या से बड़ा अपराध कोई हो ही नहीं सकता: आरिफ मोहम्मद खान

भाषा । बुलंदशहर

**केरल के** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा की जा रही कश्मीरी पंडितों की हत्या पर मंगलवार को कहा कि एक भी हत्या, किसी मासूम की हत्या, इससे बड़ा जघन्य अपराध कोई हो ही नहीं सकता और भारतीय होने के नाते उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। जिले के स्याना इलाके के बसी बांगर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में राज्यपाल खान ने उक्त बातें कहीं। जम्मू-कश्मीर में हो रही हत्याओं पर पूर्ववर्ती राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के बयान के बारे में सवाल करने पर खान ने कहा कि वह अपने पद की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए किसी राजनीतिक विषय पर टिप्पणी नहीं करेंगे। गौरतलब है कि कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण की हत्या के बाद मीडिया से फारूक अब्दुल्ला ने कहा था, ए बंद होने वाला नहीं है, जब तक इंसाफ नहीं मिल जाता है, ऐसा चलता रहेगा। घाटी में हो रही कयमीरी पंडितों की हत्या पर राज्सपाल खान ने कहा, एक भी हत्या, किसी मासूम की हत्या, इससे बड़ा जघन्य अपराध कोई हो ही नहीं सकता और वह भारतीय होने के नाते (इन घटनाओं को लेकर) शर्म महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, अगर मेरे देश के एक भी व्यक्ति को अपना घर छोड़ना पड़े और शरणार्थी बनना पड़े तो (इसे लेकर) जितनी शर्म करें उतना कम है। हालांकि खान ने भविष्य में चीजें सुधरने की आशा जताते हुए कहा, लेकिन भरोसा दिलाने वाली बात यह है कि इस वक्त वहां (जम्मू-कश्मीर) का प्रशासन, इसे नियंत्रित करने की भरसक कोशिश कर रहा है। देश में महिलाओं की स्थिति पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की हालत बाबा साहब भीम राव आंबेडकर के बनाए गए कानून के जरिए बदली है। खान ने कहा कि यह सब जानते हैं कि बाबा साहब ने संविधान बनाया है लेकिन इस बारे में कम बात होती है कि भारत में महिलाओं की हालत जो बदली है वह बाबा साहब के लाए गए कानून के जरिए हुआ है। महिलाओं की स्थिति बदतर होने के सवाल पर उन्होंने कहा महिलाओं की जो स्थिति होनी चाहिए वह नहीं है, लेकिन इसे बदतर कहना ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं में चेतना पैदा हुई है, पहले 12-13 वर्ष की बच्ची दरवाजे की चौखट पर पैर नहीं रख सकती थी, लेकिन पिछले कई साल से बसी गांव की 50 से ज्यादा लड़कियां शिक्षा लेने के लिए साइकिल चलाकर सात किलोमीटर दूर जाती हैं। उन्होंने कहा, यह उन धर्मों की बच्चियां हैं जहां 12-13 साल की उम्र के बाद घर के बाहर बगैर मां और बड़ी बहन के पैर नहीं रख सकती थीं।

## ज्ञानवापी मामले में एएसआई को 10 दिनों में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

भाषा। प्रयागराज

**काशी विश्वनाथ** मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर के तौर पर 10 दिनों का समय मंगलवार को दिया। जवाबी हलफनामा दाखिल करने की यह अनुमति विधि सेवा समिति के पास 10,000 रुपए का भुगतान करने की शर्त के साथ दी गई। यह राशि सुनवाई की अगली तारीख 31 अक्टूबर, 2022 को या इससे पहले जमा की जानी आवश्यक है। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने वाराणसी के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए और मोहलत दिए जाने के एएसआई के अनुरोध पर अदालत ने कहा, इस मामले पर फिर से सुनवाई की गई। इस बीच, वरिष्ठ अधिवक्ता शशि प्रकाश सिंह और एएसआई की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कम से कम छह सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा, चूंकि यह दीवानी वाद वाराणसी की दीवानी अदालत में 1991 से लंबित है, न्याय हित में अंतिम अवसर के तौर पर 10 दिनों का समय जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए इस शर्त के साथ दिया जाता है कि विधि सेवा समिति के पास 10,000 रुपए जमा किया जाएगा। इससे पूर्व, 28 सितंबर को उच्च न्यायालय ने वाराणसी की अदालत के उस आदेश पर 31 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी थी जिसमें एएसआई को काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद जोकि वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति है, ने वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में यह याचिका दायर की थी। मूल वाद में उस स्थान पर जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद मौजूद है, प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर को बहाल करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने इस वाद में दावा किया है कि उक्त मस्जिद, मंदिर का हिस्सा है।



## गंगा की निर्मलता को लेकर गंगादूत का प्रशिक्षण संचालित

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**युवा कार्यक्रम** एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे परियोजना की संकल्पना को साकार करने एवं आम जन मानस में गंगा के प्रति सामाजिक समरसता को बनाए हेतु युवाओं का संवेदीकरण कर माँ गंगा की निर्मलता एवं अविरलता को बनाए रखने हेतु दो दिवसीय गंगा दूत का प्रशिक्षण विकास खण्ड सरेनी क्षेत्र के राम गंगा महाविद्यालय में शुभारम्भ जिला परियोजना अधिकारी संजय कुमार जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय की उपस्थिति में किया गया। जिला युवा अधिकारी द्वारा गंगा की महत्ता एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन की अवधारणा से युवाओं को आकर्षित कर गंगा के जलीय जीवों व उसकी जीविका एवं गंगा में निहित जीवों के लाभकारी गुणों से अवगत कराया गया। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा परियोजना की सफलता एवं उसकी उपलब्धियों के बारे में जागरूक करते हुए माँ गंगा के जल को अमृतोपम बनाने हेतु संवेदीकरण कर प्राकृत सुविधाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी अपनाने हेतु युवाओं को संबोधित किया गया। चुंकि प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य मां गंगा के आंचल को उज्ज्वल, निर्मल धवल एवं आचमन योग्य बनाने का रहा। प्रशिक्षण हेतु आए भूगोल वेत्ता डॉ महादेव सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा किनारे रह रहे जीवों के प्रति अपनी जानकारी प्रस्तुत की गयी एवं किनारे बसे लोगों को उसकी उपलब्धियां व लाभकारी भरे तथ्यों को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। आलोक प्रताप सिंह द्वारा युवाओं को नुक्कड विधा, मञ्चन एवं युवाओं के क्लब का सक्रियकरण व गठन के बारे में बताये गये। रञ्जन मौर्य द्वारा युवा प्रतिभागियों को खेल के माध्यम से परिस्थितिक तंत्र को संजोने हेतु परियोजना में नियोजित गतिविधियों का नाट्य रूपांतरण के तरीके व जल एवं पर्यावरणीय प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। स्मिता सिंह द्वारा लोगों को अपनी संस्कृति परम्परा द्वारा समाज में गंगा के महत्व एवं प्राकृतिक संपदा को संजोने हेतु अपने विचार व्यक्त किए गए। प्रशिक्षण उपरान्त सभी उत्साही युवा प्रतिभागियों के मध्य स्वच्छ भारत अभियान 2.0 की सफलता हेतु सभी के साथ स्वच्छता अभियान चलाया ताकि हम अपने आसपास के वातावरण को रोगमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु अभियान चलाया गया। प्रशिक्षण की व्यवस्था को परिपूर्ण कर रहे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रिचा मिश्रा, शिवा सिंह व आलोक कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षार्थी को उनकी सामूहिक प्रस्तुतीकरण कराया गया। ऐसे सुअवसर पर शिवानी, सत्या, आराधना राहुल, उदय भान, दिव्यांशी पाण्डेय, रामरतन जैसे युवाओं प्रशिक्षणार्थियों का अहम योगदान रहा।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध हुआ घायल

**बछरावां रायबरेली ।** बछरावां मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी । हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां वृद्ध की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । मंगलवार सुबह लगभग 9रू00 बजे द्वारिका (70) पुत्र बदलू निवासी मदाखेड़ा मंगलवार साइकिल से अपने खेत की ओर जा रहे थे । तभी एक अज्ञात वाहन ने पीछे से उसकी साइकिल को टक्कर मार दी । हादसे ने उसे गंभीर चोटें आई । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । वही मौका पाकर वाहन चालक मय वाहन फरार हो गया है । थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मामले की सूचना मिली है । तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

### परिषदीय विद्यालयों में निपुण भारत अभियान के तहत टेस्ट परीक्षा हुई संपन्न

**बछरावां रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को निपुण भारत अभियान के तहत टेस्ट परीक्षा कराई गई है । आयोजित परीक्षा में बच्चों ने प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर दिए हैं । परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के शैक्षिक स्तर का आकलन करने के लिए निपुण भारत मिशन अभियान के तहत कक्षा एक से आठ तक बच्चों की विषयानुसार टेस्ट परीक्षा आयोजित कराई गई । यह परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई गई है । जिसमे बच्चों ने स्वयं ओएमआर शीट व प्रश्नों के उत्तर भरे हैं । परीक्षा के बाद ओएमआर शीट सरल एप पर स्कैन की गई है । सरल ऐप पर ओएमआर शीट स्कैन करने के दौरान सर्वर फेल होने की समस्या से शिक्षकों को जूझना पड़ा है । बीईओ वरुण मिश्रा ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा को लेकर टीम में भ्रमणसील रही है । स्पेलिंग के दौरान सर्वर की समस्या जरूर हुई ।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022



# बीसीसीआई अध्यक्ष चुने गए बिन्नी

● गांगुली की जगह ली

भाषा। मुंबई



बीसीसीआई की एजीएम में भाग लेते जय शाह, सौरभ गांगुली, राजीव शुक्ला व बोर्ड के अन्य सदस्य

**भारत की विश्व** कप (1983) विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी को मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का 36वां अध्यक्ष चुना गया। वह पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का संचालन करेंगे। बिन्नी को यहां बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध चुना गया। जय शाह को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पुन: सचिव चुना गया। इन दोनों के अलावा जिन अन्य पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया उनमें कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और संयुक्त सचिव देवजीत सेकिया शामिल हैं। भारत के लिए 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय खेलने वाले 67 साल के बिन्नी भारत में अगले साल होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले पद संभाल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन पद के चुनाव को लेकर हालांकि कोई चर्चा नहीं हुई। आईसीसी का अगला चेयरमैन अगले महीने मेलबर्न में बोर्ड की बैठक के दौरान चुना जाएगा। इस मुद्दे पर एजीएम के नतीजे का बेसब्री से इंतजार था लेकिन बीसीसीआई ने राजनीतिक गलियारों में यह मुद्दा उठनके बाद बीसीसीआई ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में अपील की थी कि गांगुली को आईसीसी चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए क्योंकि पूर्व भारतीय कप्तान को बीसीसीआई ने अध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल देने से इनकार किया था। आईसीसी अध्यक्ष का चुनाव अगले महीने मेलबर्न में बोर्ड की बैठक के दौरान किया जाएगा, लेकिन ऐसा लगता है कि ग्रेग बार्कले अपने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए इस भूमिका में बने रहेंगे। आईसीसी चेयरमैन पद के लिए नामांकन की समय सीमा 20 अक्टूबर है और बीसीसीआई के इस पद के लिए अपने उम्मीदवार को नामित करने की संभावना बेहद कम है। एजीएम में हिस्सा लेने वाले एक राज्य इकाई के अधिकारी ने पीटीआई को बताया, जहां तक आईसीसी में भारत के प्रतिनिधित्व का सवाल है तो इस पर फैसला पदाधिकारी करेंगे। आईसीसी के चेयरमैन पद को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई। सिर्फ एजेंडे में शामिल मामलों पर चर्चा की गई। निवर्तमान कोषाध्यक्ष अरूण धूमल को अविषेक डालमिया के साथ आईपीएल संचालन परिषद में जगह मिली। धूमल आईपीएल के नए अध्यक्ष होंगे। वह ब्रिजेश पटेल की जगह लेंगे। बीसीसीआई ने बयान में कहा, आम सभा ने निवर्तमान पदाधिकारियों, आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष और सदस्यों की उनके कार्यकाल के दौरान हुए कामों और प्रयासों की सराहना की। एमकेजे मजूमदार को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद में आम सभा का प्रतिनिधि चुना गया। आम सभा ने पहले महिला आईपीएल टूर्नामेंट को भी स्वीकृति दी जिसमें पांच टीम होंगी और यह मार्च में आयोजित होगा। एक सूत्र ने कहा, टीमों की बिक्री कैसे होगी और टूर्नामेंट का संचालन कैसे होगा इसका फैसला संचालन परिषद जल्द ही करेगी।

## चोटों में कमी लाना और घरेलू पिचों में सुधार करना लक्ष्य

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का अध्यक्ष पद संभालने के तुरंत बाद रोजर बिन्नी ने मंगलवार को कहा खिलाड़ियों का लगातार चोटिल होना चिंता का विषय है और वादा किया कि वह इसकी तह तक जाएंगे। घरेलू क्रिकेट के लिए पिचों मे सुधार करना भी बिन्नी के मुख्य एजेंडा मे शामिल है। बिन्नी ने सौरव गांगुली से बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने के बाद पत्रकारों से कहा, हम खिलाड़ियों की चोटों को कम करने के लिए जो कुछ भी कर सकते है उसमे सुधार करने का प्रयास करेंगे। खिलाड़ियों का लगातार चोटिल होना चिंता का विषय है और हम इस मामले की तह तक जाएंगे और देखेंगे कि चोटों को कैसे कम किया जा सकता है। बेंगलुरु मे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे हमारे पास बहुत अच्छे चिकित्सक और ट्रेनर है लेकिन हमें इस पर गौर करना होगा कैसे खिलाड़ी कम चोटिल हों और जल्दी चोट से कैसे उबरें। भारत ने 2022 मे सभी प्रारूपों मे कम से कम 40 खिलाड़ी खिलाए और इसका मुख्य कारण खिलाड़ियों का चोटिल होना था। बिन्नी ने बातचीत मे भारत मे घरेलू क्रिकेट के लिए उपयोग की जाने वाली पिचों मे सुधार करने पर भी जोर दिया। स्वदेश मे अधिक जीवंत विकेट बनाने की जरूरत है ताकि जब हमारी टीम ऑस्ट्रेलिया जैसे देश का दौरा करें तो उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो।

# शाह ने कहा एशिया कप तटस्थ स्थल पर खेलेंगे

● पीसीबी ने विश्वकप से हटने की धमकी दी

भाषा। मुंबई-कराची



**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के 2023 में होने वाले एशिया कप को तटस्थ स्थल पर खेलने के बयान के बाद भारत और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) टकराव की स्थिति में आ गए और पड़ोसी देश ने अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप से हटने की धमकी दे डाली। एशिया कप के 2023 सत्र को 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। भारत में आयोजित होने वाले विश्व कप से पहले खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पाकिस्तान को सौंपी गई है। संयोग से शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद कई क्रिकेट वेबसाइट ने शाह के हवाले से कहा, हमने फैसला किया है कि हम तटस्थ स्थान पर खेलेंगे। इससे पहले भी एशिया कप का आयोजन तटस्थ स्थल पर हो चुका है। मेजबान श्रीलंका ने आर्थिक संकट के बीच एशिया कप 2022 की मेजबानी करने में असमर्थता जताई थी जिसके बाद इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया गया था। भारत और पाकिस्तान की टीमें दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण केवल एशिया कप और वैश्विक आयोजनों में एक-दूसरे से खेलती हैं। भारत ने मुंबई में आतंकी हमले के बाद 2008 में एशिया कप के बाद पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तान ने 2012 में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए आखिरी बार भारत का दौरा किया था। इन दोनों देशों के बीच पिछले 10 वर्षों से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली गई है। दोनों टीमों ने पिछले महीने एशिया कप में दो बार एक-दूसरे का सामना किया था। अब दोनों टीमें 23 अक्टूबर को मेलबर्न में भिड़ेंगी। पीसीबी इसलिए खफा है क्योंकि पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो चुकी है तथा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसे देश वहां क्रिकेट खेल चुके हैं। पीसीबी के अध्यक्ष रमीज राजा के करीबी सूत्रों ने संकेत दिया कि शाह के बयान के बाद वह भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने पर विचार कर रहे हैं। पीसीबी के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, पीसीबी अब कड़ा फैसला लेने के लिए तैयार है क्योंकि वह यह भी जानता है कि अगर इन बड़ी प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान भारत से नहीं खेलता है तो आईसीसी और एसीसी को नुकसान होगा। पीसीबी से जब संपर्क किया गया तो उसने शाह के बयान पर आधिकारिक प्रतिक्रिया करने से इंकार कर दिया। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा, अभी हमें कुछ नहीं कहना है लेकिन हम परिस्थितियों पर गौर करेंगे और अगले महीने मेलबर्न में होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक जैसे उचित मंच पर यह मसला उठाएंगे। हालांकि पता चला है कि पीसीबी अध्यक्ष राजा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शाह के बयान से काफी खफा है और उन्होंने कुछ कड़े फैसले लेने का निर्णय किया है।

### प्रियंका को जूनियर विश्व शतरंज से बाहर किया गया

**चेन्नई।** भारत की महिला ग्रैंडमास्टर प्रियंका नुटक्की को उनके जैकेट की जेब में इयरबड होने के कारण इटली मे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने यह जानकारी दी। बीस साल की प्रियंका (ईएलओ रेटिंग 2326) की जैकेट की जेब से नियमित तलाशी के दौरान इयरबड का जोड़ा मिला जो शतरंज टूर्नामेंट के दौरान प्रतिबंधित चीज है। उनकी (प्रियंका की) ओर से धोखाधड़ी का कोई संकेत नही मिला है लेकिन खेलने के हॉल मे इयरबड लाने की सख्त मनाही है।

### फिंच की जगह ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान बने कमिंस

**मेलबर्न।** स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है क्योंकि आरोन फिंच ने पिछले महीने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की कि 29 साल के कमिंस भारत में अगले साल होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई करेंगे। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के 27वें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान होंगे।

### बेनजेमा और पुतेलास ने बेलोन डिओर पुरस्कार जीते

**पेरिस।** रीयाल मैड्रिड के साथ पिछले सत्र में चैंपियन्स लीग और स्पेनिश लीग खिताब जीतने के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टार फुटबॉलर करीम बेनजेमा ने पहली बार पुरुष वर्ग का बेलोर डिओर खिताब जीता। स्पेन की एलेक्सिया पुतेलास ने बार्सीलोना की ओर से एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सोमवार को लगातार दूसरे साल महिलाओं की ट्रॉफी जीती। पिछला सत्र मैड्रिड की ओर से बेनजेमा का सर्वश्रेष्ठ रहा।

### पीकेएल: जयपुर पिंक ने बंगाल वॉरियर्स को धोया

**बेंगलुरू।** अर्जुन देसवाल और वी अजीत के शानदार खेल के दम पर जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में मंगलवार को यहां बंगाल वॉरियर्स को 39-24 के बड़े अंतर से हराया। अर्जुन ने एक बार फिर सुपर टेन (10 या अधिक अंक) बनाया जिससे जयपुर की यह पांच मैचों मे चौथी जीत है। टीम के लिए वी.अजीत कुमार, अंकुश और भवानी राजपुत ने पांच-पांच अंक बटोरे। बंगाल वॉरियर्स के लिए श्रीकांत जाधव ने सबसे ज्यादा छह अंक बनाए।

### विलारीयाल ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड।** आरनोट डेंजुमा के दो गोल से विलारीयाल ने ओसासुना को 2-0 से हराकर स्पेनिश लीग मे पिछले चार मैच से जीत के इंतजार को खत्म किया। डेंजुमा ने दोनों हाफ मे एक-एक गोल किया। उन्होंने दूसरा गोल पेनल्टी किक पर किया। यह सितंबर की शुरुआत से विलारीयाल की पहली जीत है। इस जीत से विलारीयाल की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। ओसासुना की टीम नौवें स्थान पर खिसक गई है।

### रोमा ने सेम्पडोरिया को हराया

**मिलान।** अंतिम स्थान पर चल रहे सेम्पडोरिया को 1-0 से हराकर रोमा सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट मे चौथे स्थान पर पहुंच गया है। रोमा की ओर से मैच का एकमात्र गोल पहले हाफ के शुरुआती लम्हों मे ही लोरेंजो पेलेग्रिनी ने पेनल्टी पर किया।

# रुतुराज की शतकीय पारी से महाराष्ट्र ने दर्ज की बड़ी जीत

● सैयद मुश्ताक अली टी20

भाषा। चंडीगढ़



**सलामी** बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की आक्रामक शतकीय पारी के दम पर महाराष्ट्र ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में मंगलवार को यहां केरल पर 40 रन से जीत दर्ज की। कप्तान गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और फिर 68 गेंदों में 114 रन की पारी के दौरान सात छक्के और आठ चौके जड़े। महाराष्ट्र ने चार विकेट पर 167 रन बनाने के बाद केरल को 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन पर रोक दिया। ग्रुप के अन्य मैचों में कर्नाटक ने अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट जबकि हरियाणा ने जम्मू कश्मीर को चार विकेट से हराया।

### बंगाल ने सिक्किम को 84 रन से रौंदा

**लखनऊ।** बंगाल ने हरफनमौला खेल के दम पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी के मैच में मंगलवार को यहां सिक्किम को 84 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगाल ने 20 ओवरों में छह विकेट पर 179 रन बनाने के बाद सिक्किम की पारी को आठ विकेट पर 84 रन पर रोक दिया।

### आंध्र ने बिहार को हराया, हिमाचल और गुजरात भी जीते

**इंदौर।** किरण शिंदे ने मुश्किल परिस्थितियों में 38 गेंद में 75 रन की पारी खेल कर आंध्र प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में मंगलवार को यहां बिहार पर दो विकेट की जीत दिलाई। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

### राजस्थान को 20 रन से हराकर मुंबई क्वार्टर फाइनल में

**राजकोट।** शानदार लय में चल रहे पृथ्वी साव की आक्रामक और यशस्वी जायसवाल की प्रभावशाली बल्लेबाजी से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में मंगलवार को यहां राजस्थान को 20 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। मुंबई ने छह विकेट पर 159 रन बनाने के बाद राजस्थान को सात विकेट पर 139 रन पर रोक दिया। ग्रुप ए के इस मैच में साव ने तीन चौके और दो छक्के की मदद से 32 और जायसवाल ने 46 रन बनाए।

# श्रीलंका ने की मजबूत वापसी

● टी20 विश्व कप: यूएई को हराया

भाषा। जिलॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया)



**श्रीलंका ने** नामीबिया से टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में मिली चौकाने वाली हार से उबर कर मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण के अपने दूसरे मुकाबले में यूएई को 79 रन से शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका की 60 गेंद में 74 रन की आक्रामक पारी के दम पर श्रीलंका ने आठ विकेट पर 152 रन बनाने के बाद यूएई की पारी को 17.1 ओवर में 73 रन पर समेट दिया। निसंका ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के जड़े। निसंका के अलावा धनंजय डिसिल्वा (33) और कुशल मेंडिस (18) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका की टीम एक समय दो विकेट पर 92 बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन लेग स्पिनर कार्तिक मयप्पन (19 रन पर तीन विकेट) ने मैच के 15वें ओवर में हैट्रिक लेकर टीम के स्कोर को पांच विकेट पर 117 रन कर दिया। उन्होंने भानुका राजपक्षे (पांच), चरित असलंका (शून्य) और कप्तान दासुन शनाका (शून्य) का विकेट चटकाकर हैट्रिक पूरा की। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच निसंका ने श्रीलंका स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा और टीम ने 150 रन के आंकड़े को पार किया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुशमंता चमीरा (15 रन पर तीन विकेट) ने शुरुआती ओवरों में मोहम्मद वसीम, आर्यन लकड़ा और कप्तान चुंदंगापॉयल रिजवानी को पवेलियन की राह दिखाई। जिसके बाद टीम दबाव में आ गई और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। यूएई की पूरी टीम 17.1 ओवर में 73 रन बनाकर आउट हो गई। आयान अफजल खान टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 19 रन बनाए। चमीरा के अलावा लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने आठ रन पर तीन विकेट और महेश थीक्षाना ने 15 रन पर दो विकेट लिए।

## नीदरलैंड ने नामीबिया को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**जीलॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया)।** नीदरलैंड ने मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप मे नामीबिया को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नीदरलैंड ने ग्रुप ए के मैच मे नामीबिया को छह विकेट पर 121 रन के स्कोर पर रोका और फिर 19.3 ओवर मे लक्ष्य हासिल कर लिया। नीदरलैंड की टीम एक समय एक विकेट पर 92 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति मे थी लेकिन इसके बाद उसने नामीबिया को वापसी करने का मौका दिया। विक्रमजीत सिंह (31 गेंद मे 39 रन) और मैक्स ओडाउड (35 गेंद मे 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज योहानेस जोनाथन स्मिट (24 रन पर दो विकेट) ने हालांकि नीदरलैंड का स्कोर एक विकेट पर 92 रन से पांच विकेट पर 102 रन कर दिया। बास डि लीडे (30 गेंद मे नाबाद 30) ने हालांकि धैर्य नही खोया और टिम प्रिगल (नाबाद 08) के साथ मिलकर 20 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को जीत दिला दी। इससे पहले डि लीडे (18 रन पर दो विकेट) ने गेंद से भी प्रभावी प्रदर्शन किया जिससे नीदरलैंड ने नामीबिया को कम स्कोर पर रोका।

# बिन्नी: शानदार क्रिकेटर, भद्रजन और अजातशत्रु

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगर 1980 के दशक में अपने वार्षिक पुरस्कारों में जेंटलमैन क्रिकेटर का खिताब रखा होता तो रोजर माइकल हम्फ्री बिन्नी कई सत्रों तक इसे जीतने के बड़े दावेदार होते। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 36वें अध्यक्ष को एक शब्द में अजातशत्रु कहा जा सकता है, जिसका क्रिकेट की दुनिया में किसे से मतभेद नहीं रहा है। क्रिकेट मैदान पर किए गए प्रदर्शन और आंकड़े को पैमाना माने तो बिन्नी अपने पूर्ववर्ती सौरव गांगुली के सामने कही नहीं ठहरते लेकिन रिश्तों को संजोकर रखना उन्हें अच्छी तरह आता है। गांगुली के बाद बीसीसीआई के पास एक खिलाड़ी प्रशासक के रूप में बिन्नी से बेहतर विकल्प शायद ही कोई और होता। वह भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे मेहनती, ईमानदार क्रिकेटरों में से एक रहे हैं।



इस खेल के साथ अपने साढ़े चार दशक के जुड़ाव के दौरान बिन्नी ने केवल दोस्त ही बनाए है। राज्य स्तर की टीम में गुंडप्पा विश्वनाथ, इरापल्ली प्रसन्ना, सैयद किरमानी, बृजेश पटेल जैसे सितारों से सजी कर्नाटक की टीम में सब के साथ उनके रिश्ते सामान्य रहे थे। वह 1980 के दशक की भारतीय टीम के बेहद लोकप्रिय सदस्य थे। उनकी और मदन लाल की जोड़ी ने सात-आठ वर्षों तक कपिल देव के सहायक की भूमिका निभाई थी। भारतीय टीम को 1983 में विश्व चैम्पियन बनाने में बिन्नी का योगदान कपिल देव, संदीप पाटिल और यशपाल शर्मा जैसे क्रिकेट क्रिकेटरों से कम नहीं था। बिन्नी से कम उपलब्धियां हासिल करने वाले उस टीम के क्रिकेटर स्टारडम के मामले में किसी से कम नहीं थे। उस विश्व कप की टीम में बिन्नी कितने चहेते थे, उसका जिक्र सुनील वालसन ने पीटीआई-भाषा से एक बातचीत में साझा किया था। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने कहा, विश्व कप के दौरान रोजर को चोट लग गई थी और मुझे उनकी जगह एक मैच में खेलना था। मैच वाले दिन एक फिटनेस टेस्ट था और जिस तरह से रोजर ने दौड़ लगाई, मुझे पता था कि वह खेलेंगे। विश्व कप टीम से अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहने वाले इस इकलौते खिलाड़ी ने कहा, मुझे हालांकि खुद के लिए बुरा लगा, लेकिन आप रोजर के लिए बुरा महसूस नहीं कर सकते थे। वह टीम के सबसे चहेते इंसान थे।

## एमचेस रेपिड टूर्नामेंट: तीन नॉकआउट में

भाषा। चेन्नई

**तीन भारतीय** खिलाड़ियों डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और विदित संतोष गुजराती ने एमचेस रेपिड ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बना ली है। नॉकआउट में गुकेश का सामना रिचर्ड रेपर्ट से होगा जबकि एरिगेसी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भिड़ेंगे। गुजराती को पोलैंड के यान क्रिस्टोफ डुडा का सामना करना है। शुरुआती चरण में विश्व चैंपियन कार्लसन को हराने वाले गुकेश और एरिगेसी क्रमश: दूसरे और चौथे स्थान पर रहे। गुजराती ने आठवें स्थान पर रहते हुए नॉकआउट का अंतिम स्थान हासिल किया। गुकेश (27 अंक) डुडा से एक अंक पीछे रहे। एरिगेसी ने भी 27 अंक हासिल किए। तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने 15वें और अंतिम दौर में जीत दर्ज की। गुकेश ने रेपर्ट जबकि एरिगेसी ने नीदरलैंड के अनीष गिरी को हराया। गुकेश ने अंतिम दिन जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार से शुरुआत की लेकिन इसके बाद साथी भारतीय आदित्य मित्तल और रेपर्ट को हराया। गुजराती 12वें दौर के बाद शीर्ष आठ खिलाड़ियों में शामिल नहीं थे। उन्होंने 13वें और 15वें दौर में क्रमश: मित्तल और स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया जबकि 14वें दौर में रेपर्ट के साथ बाजी ड्रॉ खेली।

# श्रीकांत व त्रीसा-गायत्री दूसरे दौर में

● डेनमार्क ओपन

भाषा। ओडेंसे

**पूर्व चैम्पियन** किदांबी श्रीकांत ने हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस की कड़ी चुनौती से पार पाकर मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने पांच साल पहले यहां खिताब जीता था। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने विश्व में 14वें नंबर के हांगकांग के खिलाड़ी को 56 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-14, 21-12 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी ने भी महिला युगल के अपने पहले मैच में डेनमार्क की एलेक्जेंड्रा बोए और अमाली मैगलुंड को 21-15, 21-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी का सामना जोंगकोलफन कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी से होगा। इससे पहले श्रीकांत और एंगस के बीच रिकॉर्ड 3-3 से बराबर था। श्रीकांत को एंगस ने शुरू में कड़ी चुनौती दी और वह जल्द ही पिछड़ गए। हांगकांग के खिलाड़ी ने पहले गेम के इंटरवल तक 11-8 से बढ़त हासिल कर रखी थी। एंगस ने इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने शुरू में 6-3 से बढ़त हासिल की लेकिन एंगस ने जल्द ही वापसी करके 10-8 से बढ़त बना दी। श्रीकांत ने सही समय पर अपने खेल में सुधार किया और लगातार आठ अंक बनाकर 16-10 से बढ़त हासिल की। उन्होंने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन किया और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। श्रीकांत ने तीसरे गेम में शानदार शुरुआत की और इंटरवल तक वह 11-4 की मजबूत बढ़त पर थे। इसके बाद उन्होंने कुछ शानदार शॉट जमा कर यह गेम और मैच अपने नाम किया। श्रीकांत अगले दौर में सिंगापुर के 2021 के विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे।



## भारत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

**सेंटेंडर (स्पेन)।** युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के शानदार प्रदर्शन से भारत ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप बी के अपने तीसरे मैच मे ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया। हरियाणा की 15 साल की उन्नति ने पहले मैच मे अर्श मोहम्मद और अभिनव ठाकुर की पुरुष युगल जोड़ी की हार के बाद भारत को बराबरी दिलाई। ईशारानी बुरुआ और देविका सिहाग की महिला युगल जोड़ी तथा विग्नेश थथिनेनी और श्रीनिधी नारायणन की मिश्रित युगल जोड़ी ने इसके बाद अंतिम दो मैच जीतकर भारत को जीत दिलाई। अर्श और अभिनव को पहले मैच में रिकी टैंग और ओटो शिंग डि झाओ की जोड़ी के खिलाफ 12-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## मंधाना और दीप्ति ने हासिल की टी20 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग

भाषा। दुबई

**भारत की** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरफनमौला दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। मंधाना और दीप्ति दोनों ने साप्ताहिक जारी होने वाली रैंकिंग में क्रमश: बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में एक-एक स्थान का सुधार किया है। मंधाना एकदिवसीय मैचों में शीर्ष रैंकिंग की बल्लेबाज रह चुकी हैं। उन्होंने टी20 प्रारूप में खेले गए एशिया कप के फाइनल 25 गेंद में नाबाद 51 रन बनाकर भारत को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका अदा की और इस प्रारूप में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। मंधाना के नाम 730 रेटिंग अंक हैं और वह शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से 13 अंक पीछे है। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ सात रन देकर तीन विकेट लेन के बाद फाइनल में चार ओवर में सिर्फ सात रन खर्च करने वाली दीप्ति 742 रेटिंग के साथ गेंदबाजों की सूची में दूसरे पायदान पर हैं। शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के नाम उन से 14 अंक ज्यादा हैं। दीप्ति हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 370 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

## टी20 विश्व कप में इन बल्लेबाजों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के मैदानों की लंबी बाउंड्री को देखते हुए बड़े शॉट खेलने के लिए पावरहिटर्स की जरूरत होगी लेकिन ए पांच बल्लेबाज टी20 विश्व कप में कमाल कर सकते हैं। पिछले एक साल में इन सभी ने शानदार प्रदर्शन किया है और टीमों को इनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

**सूर्यकुमार यादव (भारत):** मार्च 2021 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद 32 वर्ष के सूर्यकुमार यादव टी20 प्रारूप में भारत के नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उनके पास हर तरह के शॉट्स हैं और अब तक 34 टी20 में 176 . 81 की औसत से रन बना चुके हैं जिसमें नौ अर्धशतक और एक शतक शामिल हैं। भारत को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप में भी उनकी यह लय कायम रहेगी और टीम को वह बड़ा स्कोर दे सकेंगे।



**डेविड मिलर (दक्षिण अफ्रीका):** पिछले एक साल में मिलर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। इस साल आईपीएल में भी उन्होंने खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस के लिए 68 . 71 की औसत से 481 रन बनाए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उस फॉर्म को जारी रखते हुए उन्होंने भारत के खिलाफ श्रृंखला में 47 गेंद में 106 रन की पारी खेली।

**मोहम्मद नवाज (पाकिस्तान):** पाकिस्तान के इस हरफनमौला ने पिछले साल एशिया कप में शानदार स्पिन गेंदबाजी करने के साथ बल्ले से भी योगदान दिया। कप्तान बाबर आजम ने मध्यक्रम में सरप्राइज पैकेज के रूप में उनका इस्तेमाल किया और नवाज ने निराश नहीं किया। एशिया कप में भारत के खिलाफ उन्होंने 25 गेंद में 42 रन बनाए जबकि पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 22 गेंद में 38 रन की पारी खेली।

**टिम डेविड (आस्ट्रेलिया):** सिंगापुर में जन्मे डेविड दुनिया भर की लीगों में शानदार छक्के जड़ने के अपने हुनर के कारण आस्ट्रेलियाई टीम में पहुंचे हैं। छह फुट पांच इंच लंबे डेविड ने पहले कभी प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला। उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियंस ने आठ करोड़ से अधिक में खरीदा। डेविड को मैथ्यू वेड के साथ बेहतरीन फिनिशर की भूमिका निभानी होगी।

**एलेक्स हेल्स (इंग्लैंड):** 11 वर्ष पहले इंग्लैंड के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हेल्स डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2019 वनडे विश्व कप नहीं खेल सके थे। तीन साल बाद टीम में लौटे हेल्स इस मौके को बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने पिछले महीने ही 53 रन की पारी खेलकर अपने तेवर जाहिर किए थे।